www.navpradesh.com

दैनिक

# नवप्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 | बिलासपुर, गुरुवार 28 मार्च 2024, | वर्ष-9 अंक- 355 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए | रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

### आज बेबाक

ऐसा लगता है कि नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने तय कर लिया है कि वे जेल से ही सरकार चलाएंगे। वो ऐसा कर सकते हैं। ऐसा कोई नियम नहीं है कि जेल से सरकार नहीं चलाई जा सकती। जब माफिया डॉन जेल में रह कर गैंग चला सकते हैं तो केजरीवाल सरकार क्यों नहीं चला सकते? वैसे भी उनका साथ देने दो मंत्री पहले से ही जेल में हैं। वे दिल्ली के सुल्तान हैं। तिहाड़ जेल भी उनकी मिल्कियत है। वे चाहें तो जेल के एक हिस्से को सचिवालय घोषित कर मजे से दिल्ली सरकार चला सकते हैं।

## कांग्रेस की जमानत जप्त करानी है : सीएम साय

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा सीट पर नामांकन के आखिरी दिन बीजेपी-कांग्रेस ने अपनी ताकत दिखाई। जगदलपुर में दोनों पार्टियों की नामांकन रैली में जबरदस्त उत्साह दिखा। बीजेपी की सभा को संबोधित करते हुए सीएम विष्णुदेव साय ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि इस बार कांग्रेस की जमानत जप्त करानी है।

इस दौरान डिप्टी सीएम अरुण साव ने कहा कि कांग्रेस महादेव के नाम पर जुआ-सट्टा खिला रही है। पता नहीं अभी कितने लोग जेल जाएंगे। केजरीवाल तो जेल गए, छत्तीसगढ़ में पता नहीं कितने लोग जेल जाएंगे। सभा शुरू होने से ठीक पहले जगदलपुर मेयर सफीरा साहू और 6 कांग्रेस पार्षदों समेत 15 सौ से ज्यादा कांग्रेसियों ने बीजेपी जॉइन की। वहीं, कांग्रेस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## बीजेपी लोकतंत्र खत्म करना चाहती है : भूपेश

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** कांग्रेस की नामांकन रैली को संबोधित करते हुए पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि आप को मत देने का अधिकार मिला है। राजा हो या रंक हो, महिला हो या पुरुष हो सब को वोट देने का अधिकार है, लेकिन भाजपा की वजह से लोकतंत्र पर खतरा बना हुआ है। बस्तर हो या छत्तीसगढ़, हर जाति के लोगों के लिए हमने हित में काम किया है। हमारी सरकार में सब के जेब में पैसे गए हैं।

**भूपेश ने कहा- ओ, अधिकारी जी...**

भाषण शुरू होने से पहले सभा स्थल के एंट्री पॉइंट पर विवाद होता देख भूपेश बघेल ने पुलिसवालों से कहा कि आने दो वे हमारे साथी हैं। उन्होंने कहा कि पुलिसवाले तो ऐसा करेंगे ही, सरकार जो बदल गई है। जब तक विवाद खत्म नहीं करोगे, मैं भाषण ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## डॉ. रमन की मुंबई में सर्जरी

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की मुंबई में सर्जरी हुई है। सर्जरी के बाद वे पूरी तरह से स्वस्थ हैं। डॉ. रमन को स्लिप डिस्क में समस्या आई थी। मुंबई में उनकी सफलता पूर्वक सर्जरी कर ली गई। अब वे पूरी तरह स्वस्थ बताए जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि, तकलीफ आने पर मुंबई के अस्पताल में डॉ. रमन सिंह की सफलता पूर्वक सर्जरी पूरी हो गई है। डॉ. रमन के सर्जरी पर सीएम विष्णुदेव साय ने ट्वीट कर कहा है कि, रमन सिंह जी के स्वास्थ्य लाभ की सुखद सूचना प्राप्त हुई है। अब वे पूर्णतः स्वस्थ हैं। प्रभु श्रीराम से उनके उत्तरोत्तर उत्तम स्वास्थ्य लाभ की कामना करता हूं।

## पांच देशों के राजदूतों ने राष्ट्रपति को परिचय पत्र पेश किये

**नई दिल्ली, (वार्ता)।** पांच देशों फिलीपींस, उज्बेकिस्तान, बेलारूस, केन्या और जॉर्जिया के राजदूतों और उच्चायुक्तों ने बुधवार को यहां राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को अपने परिचय पत्र पेश किए। राष्ट्रपति ने एक समारोह में इन राजदूतों तथा उच्चायुक्तों के परिचय पत्र स्वीकार किए। परिचय पत्र प्रस्तुत करने वाले राजनयिकों में फिलीपींस के राजदूत जोसेल फ्रांसिस्को इग्नासियो, उज़्बेकिस्तान के राजदूत सरडोर रुस्तम्बायेव, बेलारूस के राजदूत मिखाइल कास्को, केन्या के उच्चायुक्त पीटर मैना मुनिरी और जॉर्जिया के राजदूत वख्तांग जोशविली शामिल हैं।

## सुरक्षित संचार के लिए सी-डॉट के साथ तालमेल महत्वपूर्ण : वायु सेना प्रमुख

**नई दिल्ली, (वार्ता)।** वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल वी आर चौधरी ने आधुनिक युद्ध में नेटवर्क केंद्रित से डेटा केंद्रित तक बदलते परिदृश्य के मद्देनजर प्रमुख दूरसंचार अनुसंधान एवं विकास केंद्र सी - डॉट से उन्नत और अत्याधुनिक सुरक्षित संचार समाधानों के लिए वायु सेना के साथ बेहतर तालमेल की आवश्यकता पर जोर दिया है। वायु सेना प्रमुख ने मंगलवार को सेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलीमैटिक्स सी-डॉट का दौरा किया और वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। सी-डॉट रक्षा संचार और साइबर सुरक्षा जैसे महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के लिए स्वदेशी, सुरक्षित दूरसंचार समाधान विकसित करने की दिशा में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। जरूरतों और आवश्यकताओं अनुसार प्रतिबद्धता सी-डॉट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. राजकुमार उपाध्याय ने वायु सेना प्रमुख को वायु सेना की जरूरतों और आवश्यकताओं के अनुसार अत्याधुनिक सुरक्षा समाधान विकसित करने के लिए सी-डॉट की प्रतिबद्धता का आश्वासन दिया।

### चिपुरभट्टी-पुसबाका के पास पुलिस फोर्स और नक्सलियों के बीच मुठभेड़

# नक्सली डिप्टी कमांडर समेत 6 ढेर

■ **मारे गए नक्सलियों में एक महिला नक्सली भी शामिल**

**मारे गए 6 नक्सलियों में 4 की हुई शिनाख्त**

1. नागेश -डिप्टी कमांडर प्लाटून नम्बर 10, 2. सोनी -नागेश की पत्नी, 3. गंगी - एसीएम, 4 आयतु -सदस्य प्लाटून नम्बर 10

**बीजापुर/नवप्रदेश।** बीजापुर जिले के चिपुरभट्टी-पुसबाका के पास वन क्षेत्र में बुधवार की सुबह सुरक्षा बलों और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। मुठभेड़ में पुलिस ने एक नक्सली डिप्टी कमांडर समेत छह नक्सलियों को मार गिराया हैं। वहीं घटना स्थल से नक्सलियों के शव समेत हथियार बरामद किए गए हैं। मारे गए नक्सलियों में एक महिला नक्सली भी शामिल हैं। मामला बासागुड़ा थाना क्षेत्र का है।

होली के दिन बासागुड़ा पुसबाका मार्ग पर तीन ग्रामीणों की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या किए जाने के बाद इनपुट के आधार पर डीआरजी, सीआरपीएफ और कोबरा जवानों की संयुक्त पार्टी सर्च अभियान पर निकली हुई थी। इसी बीच बुधवार की सुबह बासागुड़ा थाना क्षेत्र के चिपुरभट्टी से लगे तालपेरु नदी के किनारे पुलिस व नक्सलियों की प्लाटून नम्बर 10 के साथ जबरदस्त मुठभेड़ हो गई। इस मुठभेड़ में जवानों ने एक नक्सली डिप्टी कमांडर सहित छह नक्सलियों को मार गिराया है। वहीं घटना स्थल से जवानों ने नक्सलियों के शव के साथ हथियार भी बरामद किये हैं। मारे गए नक्सलियों में एक महिला नक्सली भी शामिल हैं। इधर, ऑपरेशन पर एसपी जितेंद्र कुमार यादव, सीआरपीएफऔर कोबरा के अधिकारी नजर बनाए हुए हैं। इलाके में तलाशी अभियान जारी है। सूत्रों के मुताबिक, मारे गए

### 19 अप्रैल को होगी वोटिंग, सर्च ऑपरेशन जारी

पुलिस अधिकारी ने बताया कि गोलीबारी रुकने के बाद घटनास्थल से एक महिला समेत छह नक्सलियों के शव बरामद किए गए। इलाके में सुरक्षाबल सर्च ऑपरेशन में जुटे हुए हैं। बीजापुर बस्तर लोकसभा क्षेत्र में आता है, जहां 19 अप्रैल को आम चुनाव के पहले चरण में वोटिंग होगी। इसको लेकर सुरक्षाबल लगातार सर्च ऑपरेशन चला रहे हैं।

### जगदलपुर में सड़क खोदी, बैनर-पोस्टर लगाए

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर क्षेत्र में नक्सलियों ने तांडव मचा दिया। सड़क मार्ग को खोदने के साथ ही सड़क पर आईडी बम भी लगाया गया। जिसकी सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। 26 मार्च की रात नक्सलियों ने नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर थाना क्षेत्र में जमकर उत्पात मचाया है। नक्सलियों के द्वारा पुलिस कैम्प कड़ेनार एवं कड़ियामेटा कड़ेमेटा के बीच ग्राम बुरगुम के पास में अज्ञात नक्सलियों के द्वारा मार्ग खोदकर बैनर लगा कर मार्ग को अवरुद्ध किया गया। मामले की जानकारी लगने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची। घटनास्थल पर नक्सलियों के द्वारा आईईडी भी लगाया गया था। पुलिस टीम ने सावधानीपूर्वक पर्चे को जब्त करने के साथ ही आगे की जांच शुरू कर दी।

### नक्सल विरोधी अभियान पर निकली थी संयुक्त टीम

आईजी के मुताबिक, सुरक्षाकर्मियों की एक संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली हुई थी। उसी दौरान दोनों के बीच आमना-सामना हुआ। इस टीम में जिला रिजर्व गार्ड, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और इसकी विशिष्ट इकाई कोबरा (कमांडो बटालियन फॉर रिजोल्यूट एक्शन) के जवान शामिल थे।

नक्सलियों में ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## चुनाव : भाजपा के स्टार प्रचारकों की सूची जारी

■ **पीएम मोदी, शाह के अलावा प्रदेश के कई नेताओं के भी नाम शामिल**

**रायपुर/नवप्रदेश।** भाजपा ने छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के दौरान प्रचार करने वाले स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। प्रदेश के जिन नेताओं के टिकट काटे गए हैं ऐसे कई नाम भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं।

भारतीय जनता पार्टी ने लोकसभा चुनाव के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची चुनाव आयोग को भेज दी है।

भाजपा के केंद्रीय कार्यालय द्वारा उपलब्ध कराई गई सूची में छत्तीसगढ़ में प्रचार करने के लिए जिन 40 लोगों के नामों की सूची दी गई है, उसमें पीएम मोदी भाजपाध्यक्ष जेपी नड्डा के साथ ही राजनाथ सिंह, अमित शाह, नितिन गडकरी, स्मृति ईरानी, धर्मेंद्र प्रधान, यूपी के सीएम योगी आदित्य नाथ जैसे नाम शामिल हैं। वहीं राज्य से सीएम विष्णुदेव साय, अनेक मंत्री और नेता स्टार प्रचारक की भूमिका में होंगे।

## देशभर में ईडी की रेड

■ **5 शहरों से 2.54 करोड़ जप्त, वॉशिंग मशीन ने उगले नोटों के बंडल**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने देशभर के पांच शहरों में छापेमारी की है, जिसमें 2.54 करोड़ रुपये की नकदी जब्त की गई है। दिलचस्प बात यह है कि एक जगह की गई छापेमारी में यह खुलासा हुआ है कि वॉशिंग मशीन में नोटों के बंडल छिपाए गए थे। जानकारी के मुताबिक ईडी ने दिल्ली, हैदराबाद, मुंबई, कुरूक्षेत्र और कोलकाता में छापेमारी की है। ईडी ने विदेशी मुद्रा उल्लंघन के मामले में मकर शिपिंग एंड लॉजिस्टिक्स प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक विजय शुक्ला और संजय गोस्वामी के परिसरों पर छापेमारी की है। इस छापेमारी में 2.54 करोड़ की नकद रकम जब्त की गई है। कुछ दस्तावेज और डिजिटल डिवाइस भी जब्त किए गए ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## जेल में रेड, कैदियों के बैरक में मिले मोबाइल

**दुर्ग/नवप्रदेश।** लोकसभा चुनाव को देखते हुए स्वतंत्रता व निष्पक्ष चुनाव के उद्देश्यों को पूरा करने के लिए बुधवार की सुबह 5 से 7 बजे के बीच ज़िला केंद्रीय जेल दुर्ग का आकस्मिक निरीक्षण किया गया। जहां आपत्तिजनक सामान बरामद किया गया है।

निरीक्षण के लिए डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट व पुलिस अधीक्षक दुर्ग के निर्देशन में कार्यपालिक मजिस्ट्रेट एसडीएम, तहसीलदार और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग एवं भिलाई सीएसपी भिलाई नगर, सीएसपी दुर्ग, डीएसपी क्राइम तथा थाना प्रभारी और लगभग 160 जवानों के साथ 15 टीम गठित की गई थी। निरीक्षण के दौरान बंदियों के बैरक से एक मोबाइल फ़ोन, सिम, उस्तरा, ब्लेड और चाकू जैसा हस्तनिर्मित औज़ार तथा इस्तेमाल किया चिलम, बीड़ी, सिगरेट, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## अमेरिकी विदेश विभाग के बयान पर भारत की आपत्ति

**नई दिल्ली,(वार्ता)।** भारत ने दिल्ली में आबकारी घोटाले के मामले में मुख्यमंत्री एवं आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा गिरफ्तारी को लेकर अमेरिका के विदेश विभाग के बयान पर आज कड़ी आपत्ति व्यक्त की है। इस पर भारत ने कहा कि स्वतंत्र न्याय प्रक्रियाओं वाले मित्र लोकतांत्रिक देशों के आंतरिक मामलों में दखलंदाज़ी अनुचित एवं हानिकारक है।

विदेश मंत्रालय ने बुधवार को अमेरिका के कार्यवाहक मिशन उपप्रमुख ग्लोरिया बर्बेना को तलब करके औपचारिक रूप से आपत्ति दर्ज करायी। बाद में विदेश मंत्रालय ने एक बयान में जारी करके कहा, ÷हम भारत में कुछ कानूनी कार्यवाहियों के बारे में अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता की टिप्पणियों पर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

## पार्टी में शामिल कर जता दिया कि वह माफियाओं की है संरक्षक

**नई दिल्ली,(वार्ता)।** कांग्रेस ने कर्नाटक में कल्याण राज्य प्रगति पक्ष के विधायक जी जनार्दन रेड्डी के भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल होने पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि खनन माफिया को पार्टी में शामिल कर भाजपा ने जता दिया है कि वह माफियाओं की संरक्षक है और भ्रष्टाचार का पोषण करती है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि बड़ा सवाल है कि श्री रेड्डी के खिलाफ 20 मामले लंबित हैं और भ्रष्टाचार करने के अनेक साक्ष्य होने के बावजूद उन्हें बचाया जा रहा है। सरकार को बताना चाहिए कि जब उनके खिलाफ सबूत भी है तो फिर उनके लिए लाल कालीन क्यों बिछाई जा रही है।

**भ्रष्टाचार को ख़त्म करने का दावा** ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### गरमा-गरम

### सम्मेलन की तैयारी... सेना के शीर्ष कमांडर जवानों के साथ महत्वपूर्ण एजेंडों पर विचार-विमर्श

# मौजूदा स्थिति और भविष्य की रणनीतियों पर करेंगे चर्चा

**नई दिल्ली, (वार्ता)।** सेना के शीर्ष कमांडरों का सम्मेलन इस बार हाइब्रिड मोड में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मौजूदा स्थिति तथा भविष्य की रणनीति पर विस्तार से विचार विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन के पहले दिन कमांडर वर्चुअल माध्यम से इसमें शामिल होंगे, जबकि एक और दो अप्रैल को कमांडर इसमें भौतिक रूप से शामिल होंगे।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी शीर्ष कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे। यह सम्मेलन सेना के शीर्ष नेतृत्व के लिए वैचारिक मुद्दों पर विचार-मंथन, समीक्षा और सुरक्षा की समग्र स्थिति का आकलन करने के एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करता है। सम्मेलन भविष्य का रुख तय करने की दिशा में महत्वपूर्ण नीतिगत निर्णयों को सुगम बनाने वाली प्रमुख प्राथमिकताओं को भी निर्धारित करेगा।

### नवाचार और अनुकूलनशीलता की संस्कृति को बढ़ावा

एक अप्रैल को कमांडर भौतिक रूप से सम्मेलन में हिस्सा लेंगे और इस दौरान अनेक गहन विचार-मंथन सत्रों का आयोजन किया जाएगा। इन सत्रों का उद्देश्य संचालन प्रभावशीलता को बढ़ाना, नवाचार और अनुकूलनशीलता की संस्कृति को बढ़ावा देने और भविष्य की चुनौतियों से निपटने की तैयारी सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षण एवं विकास कार्यक्रमों पर ध्यान देना है। विचार-मंथन सत्र में सैनिकों और उनके परिवारों के जीवन को बेहतर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### विशेषज्ञ रखेंगे विचार

सम्मेलन की अध्यक्षता सेना प्रमुख जनरल मनोज पांडे करेंगे। पहले दिन सेना के कमांडर अपनी-अपनी कमान के मुख्यालय से आभासी रूप से भाग लेंगे। इसमें सेना और पूर्व सैनिकों के कल्याण को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण एजेंडों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। सम्मेलन में उभरते भू-राजनीतिक परिदृश्य और राष्ट्रीय सुरक्षा पर उसके प्रभाव के बारे में संबंधित विशिष्ट विशेषज्ञों द्वारा चर्चा भी की जाएगी।

## केजरीवाल कोर्ट में बताएंगे शराब घोटाले का पैसा कहां गया: सुनीता

**नई दिल्ली,(वार्ता)।** दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने दावा किया है कि श्री केजरीवाल 28 मार्च को पूरे देश को बताएंगे कि इस कथित शराब घोटाले का पैसा कहां गया। सुनीता केजरीवाल ने बुधवार को यहां कहा कि कल शाम उन्होंने श्री केजरीवाल से जेल में मुलाकात की। दो दिन पहले उन्होंने दिल्ली की जल मंत्री आतिशी को संदेश भेजा था कि पानी और सीवर की समस्याओं का समाधान होना चाहिए। इस बात पर केंद्र सरकार ने मुख्यमंत्री पर केस कर दिया, क्या वे दिल्ली को तबाह करना चाहते हैं? इस बात से श्री अरविंद केजरीवाल को बेहद पीड़ा हुई है। उन्होंने कहा कि ■ शेष पृष्ठ 6 पर

दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

लोकतंत्र का महापर्व 2024

## न्यूज गैलरी

### शिमला, सोलन, सिरमौर के उपायुक्तों की केंद्रीय चुनाव आयोग से शिकायत

**शिमला/ए.।** भारतीय जनता पार्टी ने शिमला, सोलन और सिरमौर के उपायुक्तों की चुनाव आयोग से शिकायत की है। पार्टी के महामंत्री बिहारी लाल शर्मा ने केंद्रीय चुनाव आयोग को पत्र लिखकर शिमला और सोलन जिलों से संबंध रखने वाले अधिकारियों को तुरंत स्थानांतरित करने की मांग उठाई है। शिकायत की गई है कि शिमला संसदीय क्षेत्र में जिन अधिकारियों पर चुनाव आयोजित करने का जिम्मा है, शिमला और सोलन उनके गृह जिले हैं। कुछ अधिकारियों को तैनाती के तीन साल भी हो चुके हैं। पुलिस अधीक्षक शिमला अर्की जिला सोलन से संबंध रखते हैं। उपायुक्त शिमला शोघी जिला शिमला से संबंध रखते हैं। उपायुक्त सोलन शिमला जिला से संबंध रखते हैं और उपायुक्त सिरमौर शिमला जिले से हैं। चुनाव आयोग को दी शिकायत में लिखा गया है कि लोकसभा चुनावों के साथ हिमाचल विधानसभा के लिए उपचुनावों की भी अधिसूचना जारी हो चुकी है, इसलिए प्रदेश में स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव सुनिश्चित करने के लिए इन सभी अधिकारियों को तुरंत स्थानांतरित किया जाए।

### वरुण गांधी नहीं लड़ेंगे लोकसभा चुनाव, मां मेनका गांधी के लिए करेंगे प्रचार



**पीलीभीत।** उत्तर प्रदेश की पीलीभीत लोकसभा सीट से सांसद और भारतीय जनता पार्टी के नेता वरुण गांधी को इस बार टिकट नहीं मिला है। इसके बाद ऐसे कयास लगाए जा रहे थे कि वह निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं। यह भी कहा जा रहा था कि वह समाजवादी पार्टी के टिकट पर चुनावी मैदान में उतर सकते हैं। हालांकि, अब इसे लेकर स्थिति एकदम साफहो गई है। वरुण ने इस बार चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। वह अपनी मां मेनका गांधी के लिए सुल्तानपुर में चुनाव प्रचार पर फोकस करेंगे। बता दें कि वरुण गांधी ने नॉमिनेशन पत्र भी खरीदा था। इसके बाद चर्चाएं थी कि वह भारतीय जनता पार्टी से बगावत करके पीलीभीत से निर्दलीय चुनाव लड़ सकते हैं। लेकिन उनकी टीम ने बयान में इन कयासों पर विराम कर दिया है। इससे पहले बीजेपी के प्रदेश अध्यक्ष चौधरी भूपेंद्र सिंह ने वरुण की टिकट काटे जाने पर कहा था कि पार्टी ने उन्हें चुनाव लड़ने का मौका नहीं दिया है लेकिन वह हमारे साथ हैं। उनके बारे में बीजेपी ने कुछ अच्छा ही सोच के रखा होगा।

# लोकसभा का रण : कांग्रेस के टिकट वितरण में दुर्ग संभाग का रहा दबदबा

**रायपुर/नवप्रदेश।** अततः कांग्रेस ने बचे चार लोकसभा क्षेत्रों के लिए भी प्रत्याशी घोषित कर दिये। यू तो राज्य की 11 लोकसभा सीटों में कांग्रेस ने तीन विधायकों, पूर्व मुख्यमंत्री समेत पूर्व मंत्रियों एक सीटिंग सांसद को प्रत्याशी बनाया जबकि दूसरे सीटिंग सांसद और पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज की टिकट कांट दी। कांग्रेस ने इस बार सोशल इजिनियरिंग का काफी ध्यान रखा। तीन महिलाओं को टिकट दिया ही साथ ही 6 सामान्य सीटों में से पांच पर ओबीसी के प्रत्याशी उतारे जिसमें राजनांगांव से भूपेश बघेल दुर्ग से राजेन्द्र साहू महासमुंद से ताम्रध्वज साहू बिलासपुर से देवेन्द्र यादव

दुर्ग संभाग

और कोरबा से ज्योसना महंत शामिल है। रायपुर इकलौती सीट है जहां ब्राम्हण प्रत्याशी विकास उपाध्याय को उतारा गया है। इस पूरे टिकट वितरण में सबसे महत्वपूर्ण बात यह रही कि दुर्ग का दबदबा फिर कायम रहा। पिछली सरकार में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत 5 कदावर मंत्री दुर्ग संभाग से ही थे। इस बार दुर्ग से कांग्रेस के चार लोगों को लोकसभा की टिकट मिली है। जबकि भाजपा की सरोज पाण्डेय दुर्ग से जाकर कोरबा में चुनाव लड़ रही है। कांग्रेस से दुर्ग से बाहर जाकर चुनाव लड़ने वालों में भूपेश बघेल, ताम्रध्वज साहू और देवेन्द्र यादव है। भूपेश और देवेन्द्र कमशः पाटन और भिलाई से विधायक है। हालांकि इलाका छोड़कर जाने वाले और चुनाव लड़ने वालों ने जांजगीर से कांग्रेस प्रत्याशी शिवकुमार डहारिया भी शामिल है। लेकिन बात करते दुर्ग की तो दुर्ग जिले से छह लोग राष्ट्रीय राजनीतिक दलों से अलग-अलग लोकसभा क्षेत्रों में उम्मीद्वार है। इससे पूर्व मोतीलाल वोरा भी राजनांदगांव जाकर चुनाव लड़े और जीते है लेकिन दूसरी बार में डॉ. रमन सिंह से हार गए। 1989 में एक बार ही ऐसा हुआ है कि पुरूषोत्तम कौशिक महासमुंद से जाकर दुर्ग में राष्ट्रीय मोर्चा के टिकट पर चुनाव लड़े जीते और मंत्री भी बने। हालांकि इससे पहले भूपेश बघेल रायपुर से रमेश बैस के खिलाफ चुनाव लड़ चुके है।

# कांकेर लोकसभा: बिरेश ठाकुर को हार के बाद फिर मिला मौका, प्रचार में जुटे भोजराज नाग

**सुप्रीत शर्मा**

**बालोद/नवप्रदेश।** कांकेर लोकसभा क्षेत्र के 8 विधानसभाओं में से 5 पर कांग्रेस के विधायकों ने जीत हासिल की है। इसके चलते कांग्रेस की अच्छी संभावनाएं है। कांग्रेस ने पुनः पराजित प्रत्याशी बीरेश ठाकुर पर दांव लगाया है। पिछली बार वे 6 हजार 954 वोटों के मामूली अंतर से चुनाव मोहन मंड़ावी से हार गए थे। कांग्रेस ने कांकेर लोकसभा सीट के लिए अपने प्रत्याश की घोषणा कर दी है। 2019 में लोकसभा का चुनाव हारे बीरेश ठाकुर पर दोबारा भरोसा जताते हुए प्रत्याशी बनाया गया है। भाजपा ने अपना प्रत्याशी की घोषणा पहले ही कर चुकी है।

भाजपा ने यहां से नए व्यक्ति को प्रत्याशी घोषित किया है। यहां से सांसद रहे मोहन मंडावी के टिकट को काट कर भोजराज नाग को टिकट दिया है। दोनों ही पार्टी के प्रत्याशी सहित बड़े नेता बालोद जिले पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं। क्योंकि यहां की तीन विधानसभा से कांग्रेस के विधायक चुने गए हैं। यहां से भाजपा को विधानसभा चुनाव में हार का सामना करना पड़ा है। हालांकि लोकसभा चुनाव में पिछली बार भाजपा से सांसद मोहन मंडावी चुने गए थे। भाजपा अपनी जीत दोहराने के लिए कमर कस लिए हैं। दूसरी ओर कांग्रेस विधानसभा चुनाव की तरह लोकसभा चुनाव में भी अपना परचम लहराने की कोशिश में लगी हुई है। प्रत्याशी लगातार बालोद के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर रहे हैं। बुधवार 27 मार्च को बालोद नगर के वार्ड 8 में कांकेर लोकसभा के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग ने दौरा

### 8 में से 5 सीटों पर कांग्रेस का कब्जा

कांकेर लोकसभा क्षेत्र के 8 विधानसभा में से 5 पर कांग्रेस के विधायक हैं। तीन सीटों पर बीजेपी का कब्जा है। 2023 में हुए विधानसभा चुनावों में कांकेर विधानसभा सीट से बीजेपी प्रत्याशी आशाराम नेताम की सबसे कम महज 16 वोटों से जीत हुई थी। ऐसे में पिछले विधानसभा चुनाव के परिणाम को देखते हुए इस बार मुकाबला रोचक हो गया है। दोनों ही दल के प्रत्याशी और उनके समर्थक, कार्यकर्ता नेता सभी जीत के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं।

किया। वहीं बीरेश ठाकुर भी अलग-अलग इलाके में लगातार बैठकों में शामिल हो रहे हैं। कार्यकर्ताओं की हौसला अफजाई कर रहे हैं। साथ ही विधायकों से तालमेल बिठाकर उनके क्षेत्र में ज्यादा से ज्यादा वोट बटोरने और पिछले चुनाव की हार की भरपाई करने का प्रयास कर रहे हैं। बिरेश ठाकुर को चूंकि लगातार यहां से लोकसभा का प्रत्याशी बनाया गया है। उनके खिलाफ भोजराज नाग नए प्रत्याशी हैं। बिरेश ठाकुर को यहां से लाभ मिल सकता है। उनके पुराने संपर्कों का लाभ मिल सकता है।

2019 में हुए लोकसभा चुनाव में बीरेश ठाकुर को 6 हजार 954 वोट से भाजपा के मोहन मंडावी से चुनाव हार गए थे। बीरेश रह चुके हैं जिला पंचायत के सभापति। कांकेर लोकसभा सीट से बीजेपी के भोजराज नाग और बीरेश ठाकुर के बीच कांटे की टक्कर बताई जा रही है। बीरेश ठाकुर 1989 से कांग्रेस के सक्रिय सदस्य हैं. वे 1995 में भानुप्रतापपुर क्षेत्र से जनपद सदस्य निर्वाचित हुए. साल 2000 में भी एक बार फिर से जनपद सदस्य निर्वाचित हुए। इसी तरह 2010 में भी जनपद सदस्य निर्वाचित हुए और जनपद अध्यक्ष बने. बीरेश ठाकुर साल 2015 के चुनाव में जिला पंचायत सदस्य निर्वाचित हुए और जिला पंचायत के सभापति बनाए गए। इसके बाद उन्हें प्रदेश कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष बनाया गया। बीरेश ठाकुर की संगठन में अच्छी पकड़ है। मतदाताओं के बीच बीरेश ठाकुर की सकारात्मक छवि है, यही वजह है कि कांग्रेस ने उन्हें इस सीट से फिर से मौका दिया है। इधर बीजेपी ने भोजराज नाग को प्रत्याशी बनाया है। भोजराज नाग और बीरेश ठाकुर में कांकेर सीट पर कांटे की टक्कर बताई जा रही है। कांकेर सीट एसटी कैटेगरी के लिए आरक्षित है। यही वजह है कि दोनों दलों यहां से इन दो आदिवासी दिग्गजों को प्रत्याशी बनाया है। इन दोनों नेताओं की आदिवासी समाज पर अच्छी पकड़ मानी जाती है। बीरेश ठाकुर ने खुद को दोबारा मौका दिए जाने पर ऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी के आलाकमान को धन्यवाद दिया है।

### 2014 में विधानसभा का अंतागढ़ उपचुनाव जीते थे:

भोजराज नाग साल 2014 में अंतागढ़ विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल कर विधायक बने थे। उन्होंने सरपंच पद से अपनी राजनीति की शुरूआत की थी। 1992 में वे अंतागढ़ के गांव हिमोड़ा से सरपंच बने थे। इसके बाद वे साल 2000 से लेकर 2005 तक जनपद पंचायत अंतागढ़ के अध्यक्ष पद पर रहे हैं। इसके बाद साल 2009 से लेकर 2014 तक वे जिला पंचायत सदस्य भी बने। फिर 2014 में भोजराज नाग ने अंतागढ़ विधानसभा उपचुनाव में जीत हासिल की।

### कांग्रेस प्रत्याशी ने लगाया शोषण का आरोप

कांग्रेस प्रत्याशी बीरेश ठाकुर ने कहा कि इस बार उनकी जीत सुनिश्चित है। जिस तरह से पिछले 5 साल कांकेर क्षेत्र में जो विकास कार्य हुए हैं, उससे जनता उन्हें जरुर विजयी बनाएगी। बीरेश ठाकुर ने कहा कि पिछले 10 साल से केन्द्र की भाजपा सरकार के शासन काल में जिस तरह से आदिवासियों का शोषण हुआ, उससे आदिवासी समाज काफी नाराज है। कांग्रेस ने जारी लिस्ट में राज्य की बची चार सीटों में से 2 सीटों पर महिला प्रत्याशियों को मौका दिया है।

### भाजपा प्रत्याशी की छवि बस्तर में धर्मांतरण विरोधी

भाजपा प्रत्याशी की छवि वनांचल में धर्मांतरण विरोधी है। स्थानीय आदिवासियों की संस्कृति के साथ-साथ पुरानी परंपरा के प्रति और कुल देवी-देवताओं के प्रति काफी आस्था भी रखते है। भोजराज नाग अंतागढ़ के पूर्व विधायक भी रह चुके हैं। भोजराज नाग पूर्व सरपंच, पूर्व जनपद अध्यक्ष रहने और पूर्व विधायक रहे है। भोजराज नाग को स्थानीय आदिवासी बैगा के नाम से भी जानते है। इस बार का लोकसभा चुनाव में बड़ा रोमांचक होगा

### भाजपा के स्टार प्रचारकों में वसुंधरा को नहीं मिली जगह

*नई दिल्ली/ए.। भाजपा ने बिहार, मध्यप्रदेश और पश्चिम बंगाल में चुनाव प्रचार के लिए अपने स्टार प्रचारकों की सूची जारी कर दी है। सभी राज्यों में भाजपा की सूची में 40-40 दिग्गज नेताओं के नाम हैं। मध्यप्रदेश की सूची में राजस्थान के सिर्फ सीएम भजनलाल शर्मा को जगह मिली है। जबकि राजस्थान की पूर्व सीएम वसुंधरा राजे को इस सूची में शामिल नहीं किया गया है। वसुंधरा राजे का मध्यप्रदेश से पुराना नाता रहा है। उनकी मां और भाजपा की संस्थापक राजमाता विजयाराजे सिंधिया का एक समय मध्यप्रदेश में दबदबा था।*

*आज भी सिंधिया ग्वालियर और गुना में काफी प्रभाव है। वसुंधरा राजे की बहन यशोधरा राजे भाजपा से सांसद और प्रदेश सरकार में मंत्री रह चुकी हैं। राजे के भतीजे और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया भी गुना लोकसभा सीट से चुनावी मैदान में हैं। इसके अलावा वसुंधरा की मध्यप्रदेश में कई रिश्तेदारियां हैं। पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे दतिया स्थित मां पीताम्बरा शक्ति पीठ में भी आस्था रखती हैं। वे हर साल नवरात्रि में हवन और पूजन के लिए आती हैं।*

# एक और दावेदार ने बढ़ाई टेंशन?

### समाजवादी पार्टी का आखिरी दिन रामपुर में उम्मीदवार घोषित

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में पहले चरण के नामांकन का आज आखिरी रोज है। दोपहर 3 बजे समय समाप्त हो रहा है। इससे पहले यूपी में समाजवादी पार्टी में टिकट को लेकर टेंशन और कन्फ्यूजन बढ़ गया है। मुरादाबाद में पार्टी ने 24 घंटे में दो उम्मीदवार बदल दिए हैं। असमंजस के बीच सोमवार को पहले एसटी हसन ने नामांकन पत्र दाखिल किया। उसके बाद मंगलवार को रुचि वीरा ने भी नॉमिनेशन फाइल कर दिया है। वहीं, रामपुर में भी उम्मीदवार पर रार के बीच पार्टी ने दिल्ली के मौलाना मोहीबुल्लाह नदवी को उम्मीदवार घोषित कर दिया है। यहां

से सपा जिलाध्यक्ष ने भी पर्चा खरीदा है। यानी रामपुर और मुरादाबाद में पार्टी के दो-दो नेता आमने-सामने हैं। मेरठ में भी उम्मीदवार बदला जा सकता है। चुनावी सीजन में यूं तो टिकट पर टकराव हर जगह और हर पार्टी में नजर आता है। नेताओं के रूठने-मनाने का सिलसिला भी चलता रहता है लेकिन इस बार के चुनाव में उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के अंदर ही टिकट को लेकर लड़ाई चल रही है। खासकर रामपुर और मुराबादबाद में ऐसी हालत बन गई है कि समाजवादी पार्टी के दो धड़े एक-दूसरे के खिलाफ सड़क पर उतर चुके हैं। आखिरी दिन रामपुर से नामांकन के लिए दिल्ली से इमाम को बुलाया गया है। चार्टर्ड विमान लखनऊ से लेकर मुरादाबाद नामांकन के लिए भेजा गया है।

# अंतिम दिन जबलपुर-छिंदवाड़ा के भाजपा प्रत्याशी ने भरा नामांकन, सीएम सहित बड़े नेता शामिल

**भोपाल/नवप्रदेश।** जबलपुर लोकसभा से पार्टी प्रत्याशी आशीष दुबे ने कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर नामांकन दाखिल किया। इस दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा, प्रदेश शासन के मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एवं राकेश सिंह भी उपस्थित थे।

भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने बुधवार को छिंदवाड़ा कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर अपना नामांकन फॉर्म दाखिल किया। इस दौरान उनके पिता नरेंद्र साहू और माता भी मौजूद रहीं। नामांकन दाखिल करते समय पूर्व प्रोटेम स्पीकर

और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता के बेटे अजय सक्सेना भी उनके साथ मौजूद थे। बताया जा रहा है कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी दोबारा कलेक्ट्रेट पहुंचकर नामांकन फॉर्म दाखिल करवाएंगे।

### थांदला विधायक ने भाजपा प्रत्याशी को बताया चोर

झाबुआ जिले में थांदला से कांग्रेस विधायक वीर सिंह भूरिया ने विवादित बयान दिया है। वे ग्राम मदरानी में आयोजित कार्यकर्ताओ की एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान झाबुआ प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया भी मौजूद थे। वीरसिंह भूरिया ने कहा कि हम सबको पूरी ताकत और मेहनत के साथ लोकसभा चुनाव जीतना है, जैसे हमने सोसायटी चुनाव जीता था। भाजपा ने किसे टिकट दिया कोई उसे पहचानता है। वो भिलाला है, डाकू चोर लोग हैं वो।

### शिवराज ने दी कांग्रेस को सलाह

बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मीडिया से बातचीत में कहा कि पार्टी जो जवाबदारी देगी उसे निभाऊंगा। वहीं, उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस छिंदवाड़ा में नहीं टिकेगी, वहां से भी जाने वाली है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की लोकप्रियता के कारण हम सभी 29 सीटें जीतेंगे। बता दें 2019 के चुनाव में प्रदेश की 29 में से 28 सीटों पर भाजपा ने जीत दर्ज की थी। छिंदवाड़ा सीट पर पूर्व सीएम कमलनाथ के बेटे नकुलनाथ चुनाव जीते थे। शिवराज ने कहा कि इस बार भाजपा ने प्रदेश की सभी सीटें जीतने का लक्ष्य रखा है। कांग्रेस ने अभी 6 सीटों पर प्रत्याशियों के नाम घोषित नहीं किए हैं। शिवराज ने कहा कि कांग्रेस को जल्द ही उम्मीदवार घोषित करना चाहिए।

**चुनाव 2024**

### लोकसभा टिकट बंटवारे पर कर्नाटक कांग्रेस में बगावत

# विधायक बोले- 'नहीं कर सकते एक परिवार की गुलामी'

**बेंगलुरु/ए.।** कर्नाटक में कांग्रेस को झटका देते हुए पार्टी के पांच विधायकों और दो एमएलसी ने टिकट विवाद पर इस्तीफा देने की धमकी दी है। विधायकों ने कहा कि वे 'एक परिवार की गुलामी' नहीं कर सकते। उन्होंने पार्टी पर परिवार के भीतर टिकट बांटने का आरोप लगाया है। यह घटनाक्रम तब हुआ जब पार्टी ने खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री केएच मुनियप्पा के एक रिश्तेदार को कोलार संसदीय निर्वाचन क्षेत्र से टिकट दे दिया। टिकट बंटवारे पर असंतोष जताते हुए विधायकों ने कांग्रेस आलाकमान को विधानसभा अध्यक्ष से मिलने और इस्तीफा देने की धमकी दी है। पांच विधायकों में मौजूदा मंत्री एमसी सुधाकर भी शामिल हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया है कि पार्टी आलाकमान ने उनकी बातें सुनी लेकिन मांगों पर ध्यान नहीं दिया। कांग्रेस ने आगामी लोकसभा चुनावों के लिए 21 मार्च को कर्नाटक के 17 उम्मीदवारों की अपनी दूसरी सूची की जारी की थी। पार्टी ने अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दामाद और 5 अन्य मंत्रियों के बच्चों को टिकट दिया है।

### खड़गे के दामाद को गुलबर्गा से मिली टिकट

प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा मंत्री मधु बंगारप्पा की बहन गीता शिवराजकुमार, शिमोगा सीट से चुनाव लड़ेंगी। हावेरी-गडग सीट पर पार्टी ने आनंदस्वामी गद्दादेवरमठ को टिकट दिया है, जो शिराट्टी के पूर्व विधायक जीएस गद्दादेवरामठ के बेटे हैं। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के दामाद राधाकृष्ण डोड्डामणि को गुलबर्गा से टिकट दिया गया है। हासन के उम्मीदवार श्रेयस पटेल पूर्व मंत्री पुट्टस्वामीगौड़ा के पोते हैं। कर्नाटक की 28 लोकसभा सीटों के लिए दो चरणों में 26 अप्रैल और 7 मई को मतदान होगा।

### पांच वर्तमान मंत्रियों के बेटे-बेटी और पत्नी को कांग्रेस की टिकट

मंत्री एसएस मल्लिकार्जुन की पत्नी प्रभा मल्लिकार्जुन को दावणगेरे से कांग्रेस ने टिकट दिया है। गन्ना और कपड़ा मंत्री शिवानंद पाटिल की बेटी संयुक्ता पाटिल को बागलकोट से मैदान में उतारा गया है। महिला एवं बाल कल्याण मंत्री लक्ष्मी हेब्बालकर के बेटे मृणा हेब्बालकर बेलगावी से चुनाव लड़ रहे हैं। उनके भाई चन्नराज हट्टिहोली कांग्रेस एमएलसी हैं। लोक निर्माण मंत्री सतीश जारकीहोली की बेटी प्रियंका जारकीहोली को चिक्कोडी से मैदान में उतारा गया है, जबकि परिवहन मंत्री रामलिंगा रेड्डी की बेटी और पूर्व विधायक सौम्या रेड्डी बेंगलुरु दक्षिण से चुनाव लड़ रही हैं। वन, पारिस्थितिकी और पर्यावरण मंत्री ईश्वर खंड्रे के बेटे सागर खंड्रे को बीदर से मैदान में उतारा गया है।

# 'क्वीन' के सामने रानी को लड़ाने की तैयारी

**शिमला/मंडी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह को ही मंडी संसदीय सीट से दोबारा चुनाव लड़ाने की कवायद ने जोर पकड़ लिया है। राजनीतिक और आर्थिक मामले देखने को उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में गठित कमेटी भी प्रतिभा सिंह को मनाने के हक में है। आंतरिक सर्वे में भी प्रतिभा सिंह को ही मंडी से सशक्त प्रत्याशी माना जा रहा है। भाजपा से कंगना का टिकट घोषित होने के बाद सक्रिय हुई कांग्रेस ने प्रतिभा के नाम की पैरवी शुरू कर दी है। सूत्रों के अनुसार प्रतिभा ने मंडी, किन्नौर, लाहौल-स्पीति, कुल्लू, शिमला, चंबा में फैले मंडी संसदीय क्षेत्र का डेढ़ साल में कई बार दौरा किया है। हर क्षेत्र से वह भली भांति परिचित हैं। ऐसे में किसी नए प्रत्याशी की जगह उन्हें मैदान में उतारना चाहिए। अभी तक हुए 20 चुनावों में 14 बार कांग्रेस, पांच बार भाजपा और एक बार जनता पार्टी जीती है। प्रतिभा और पूर्व मुख्यमंत्री दिवंगत वीरभद्र यहां से तीन-तीन बार चुनाव जीत चुके हैं।

### मोदी लहर में सियासी जमीन तलाशेंगी कंगना

बॉलीवुड में अपनी अदाकारी से सबका दिल जीत लेने वाली क्वीन कंगना रणौत के सियासी डेब्यू से सियासी पारा चढ़ गया है। मंडी से कंगना को भाजपा का टिकट मिलने के बाद कांग्रेस के साथ भाजपाई भी सकते में हैं। कई दशकों से टिकट की राह देख रहे कई भाजपा नेता इस निर्णय से अंदरखाते खफा हैं। भाजपा से टिकट के दावेदार महेश्वर सिंह अपनी नाराजगी जता चुके हैं। वहीं, पूर्व प्रत्याशी बिग्रेडियर खुशाल भी टिकट की दौड़ में रहे हैं।

# पुलिस की होली में डिप्टी सीएम शर्मा ने नगाड़ा बजाकर गाया फाग

रायपुर/नवप्रदेश। गृहमंत्री विजय शर्मा ने रायपुर में पुलिसकर्मियों के परिवार के साथ मिलकर होली का त्यौहार मनाया। इस दौरान वे पुलिसलाइन में पुलिस परिवार के क्वार्टर लाल बहादुर शास्त्री में नगाड़ा बजाते दिखे। छत्तीसगढ़ में होली के दूसरे दिन ड्यूटी पर तैनात राजधानी रायपुर के पुलिसकर्मियों ने होली का त्योहार मनाया। जहां पुलिस लाइन में पुलिस कर्मचारियों और उनके परिवारों के साथ रंग खेलने और बधाई देने गृहमंत्री विजय शर्मा पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिसकर्मियों के साथ नगाड़ा बजाया और होली खेली।

उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने आज दोपहर 12 बजे रायपुर के पुलिस कालोनी पहुंचे। यहां उपमुख्यमंत्री ने पुलिस जवानों के साथ होली खेली और पुलिस जवानों और उनके परिवार को शुभकामनाएं भी दीं। इस दौरान उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने

## नगाड़े की थाप में झूमे अफसर

नगाड़ा भी बजाया और फाग गीत गाए। रंगों के त्योहार होली को लेकर दो दिन लगातार ड्यूटी पर तैनात रहे रायपुर के पुलिसकर्मी आज रंग और गुलाल में सराबोर दिखे। होली में लगातार 48 घंटे की ड्यूटी के बाद मंगलवार को पुलिसकर्मियों ने अपने परिवार के साथ होली का त्योहार सेलिब्रेट किया। घर से दूर ड्यूटी में तैनात पुलिस कर्मियों का हौसला बढ़ाने के पुलिस लाइन में रायपुर जिला पुलिस ने जश्न की

व्यवस्था की थी।

### एसएसपी समेत कई पुलिस अफसर भी होली के रंग में रंगे

मंगलवार की सुबह रायपुर एसएसपी संतोष कुमार सिंह भी होली मनाने के लिए जिले के अन्य पुलिस अफसरों के साथ पुलिस लाइन पहुंचे। इस दौरान एडिशनल एसपी, सिटी एसपी समेत कई थानों के टीआई भी मौजूद थे। इस मौके पर एसएसपी ने सभी को बधाई देते हुए कहा कि होली के दौरान सभी पुलिसकर्मियों ने सजगता से ड्यूटी की है। फिर उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों का मुंह मीठा करवाया।

## न्यूज गैलरी

### गानों की धुन और रंगों की फुहार के साथ महाराष्ट्र मंडल ने मनाई होली

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल चौबे कॉलोनी में रविवार को दोपहर होली धुलीवंदन पर आजीवन सभासदों ने गानों की धुन और रंगों की बौछार के बीच जमकर होली खेली। इस मौके पर बच्चों का उत्साह देखते ही बन रहा था, क्योंकि पानी व रंगों से खेलने से मना करने वाला कोई नहीं था, बल्कि जो अभिभावक ऐसा करने से मना करते थे, वह भी उनके साथ उतनी ही मस्ती में होली खेल रहे थे। मंडल परिसर चौबे कालोनी में खेली गई मस्ती भरी होली में अध्यक्ष अजय काले, सचिन चेतन दंडवते, सृष्टि दंडवते, प्रकृति दंडवते, सृजन दंडवते, बृहन्न महाराष्ट्र मंडल के छत्तीसगढ़ प्रमुख सुबोध टोले, समीक्षा टोले, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी निरंजन पंडित, अक्षत पंडित, अनय पंडित, अक्षता पंडित, सह प्रभारी परितोष डोनगांवकर, कुमारी शेजवलकर, चंद्रशेखर मोकासदार, सौ. मोकासदार सहित अनेक लोग इस मौके पर उपस्थित रहे।

### 31 पौवा व्हिस्की शराब जप्त

रायपुर/नवप्रदेश। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक(ग्रामीण) कीर्तन राठौड़ के मार्गदर्शन में अवैध शराब के विरुद्ध लगातार कार्रवाई की जा रही है, इसी तारतम में नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) केसरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण मे थाना विधानसभा द्वारा 31 पौवा बाम्बे गोवा व्हिस्की अंग्रेजी शराब जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। मुखबिर से सूचना मिला कि नहर पुलिया टेकारी के पास एक व्यक्ति नीले रंग की बैग में अवैध रूप से शराब रखकर बेच रहा हैं कि सूचना तस्दीकी हेतु नहर पुलिया टेकारी के पास पहुचे जहां पर एक व्यक्ति नीले रंग के बैग में कुछ सामान रखे दिखा जिसे घेराबंदी कर पकडकर पूछताछ करने पर अपना नाम मिथलेस यादव पिता देबू यादव उम्र 32 वर्ष निवासी- भिखनवली थाना बिरौल जिला दरभंगा बिहार हाल पता आर्यस राईस मिल चटौद थाना विधानसभा रायपुर थाना विधानसभा रायपुर जिला रायपुर का रहने वाला बताया तथा नीले रंग के बैग को चेक करने पर 31 पौवा बाम्बे गोवा व्हिस्की अंग्रेजी षराब सीलबंद हालत में प्रत्येक में 180 एमएल शराब भरा मिला. जिसे जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

### हैदराबाद-रक्सौल-सिकंदराबाद के साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन के परिचालन में विस्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रेल यात्रियों की सुविधाओं एवं मांग को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर जाने वाली 07051/07052 हैदराबादङ्करक्सौल-सिकंदराबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन की सुविधा दिनांक 30 मार्च, 2024 तक चल रही है । इस गाड़ी के परिचालन में विस्तार कर दिनांक 02 जुलाई, 2024 तक किया गया है । यह गाड़ी 07051 हैदराबाद-रक्सौल साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक शनिवार को हैदराबाद से 06 अप्रैल, 2024 से 29 जून, 2024 तक चलेगी । इसी प्रकार विपरीत दिशा में भी 07052 रक्सौल-सिकंदराबाद साप्ताहिक स्पेशल ट्रेन प्रत्येक मंगलवार को रक्सौल से 09 अप्रैल, 2024 से 02 जुलाई, 2024 तक चलेगी। इस गाड़ी में 06 एसी थ्री, 02 एसी टू टायर, 01 एसी प्रथम कम एसी टू टायर, 10 स्लीपर, 02 सामान्य एवं 02 एसएलआर सहित कुल 23 कोच रहेंगे।

### निधन
### रामदेव स्वर्णबेर

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व मंडी सचिव रामदेव स्वर्णबेर का मंगलवार देर रात को आकस्मिक निधन हो गया. जिनका अंतिम संस्कार मंगलवार 26 मार्च को उनके गृहग्राम नगरी में किया गया. वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए है. वे देवेन्द्र और नामद के बड़े भाई तथा पेमन स्वर्णबेर, सच्चिदानंद स्वर्णबेर एवं पत्रकार कौशल स्वर्णबेर के पिता थे.

# मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक दस्तावेज दिखाकर भी मतदाता कर सकेंगे मतदान

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा - आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावालियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

# एसएसपी ने रायपुर के 12 पुलिस अधिकारी कर्मचारी को चुना 'कॉप ऑफ द मंथ'

रायपुर/नवप्रदेश। उप निरीक्षक संतोष पुरिया द्वारा निजात अभियान के अंतर्गत नशे के रूप में प्रयुक्त हो रहे कोडीन सिरप के अंतर्राज्यीय तस्कर को दिल्ली से गिरफ्तार कर लाने का सराहनीय कार्य और प्रधान आरक्षक बच्चन ठाकुर थाना आमानाका द्वारा गौ-तस्करी के 06 आरोपियों की गिरफ्तारी में उत्कृष्ट योगदान देने सहित कुल बारह पुलिसकर्मी को चुना गया कॉप ऑफद मंथ साथ ही फरवरी में लम्बे समय से अनाधिकृत रूप से गैरहाजिर रहने पर एक आरक्षक को न्यूनतम पद पर अवनत एवं तीन आरक्षकों को सस्पेंड कर लाईन अटैच किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर संतोष सिंह द्वारा पुलिसिंग के क्षेत्र में अच्छा कार्य कर रहे अधिकारी कर्मचारी को प्रोत्साहित करने हेतु प्रति माह ÷कॉप ऑफद मंथ'' पुरस्कार देने की शुरुआत की गई है।

एसीसीयू के उप निरीक्षक संतोष पुरिया व प्रधान आरक्षक सरफराज चिस्ती द्वारा निजात अभियान के अंतर्गत कोडीन सिरप के अंतर्राज्यीय आरोपी को दिल्ली से गिरफ्तार कर लाने का सराहनीय कार्य हेतु, प्रधान आरक्षक बच्चन ठाकुर थाना आमानाका द्वारा गौ-तस्करी के 06 आरोपियों को गिरफ्तारी में उत्कृष्ट योगदान पर, आरक्षक सुदीप मिश्रा थाना खमतराई द्वारा अपहृत बच्चे को खोजबीन कर मय आरोपी बरामदगी करने के उत्कृष्ट कार्य हेतु, आरक्षक किशन बंजारे तत्का.थाना राखी व आरक्षक प्रीतम पुरेना थाना राखी द्वारा राखी क्षेत्रांतर्गत नवा रायपुर में कार लूट के 05 आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रशासनीय कार्य हेतु, आरक्षक प्रमोद बेहरा व महिला आरक्षक बबीता देवांगन एसीसीयू द्वारा 70 लाख के बीमा संबंधी धोखाधड़ी के 14 आरोपियों को दिल्ली से गिरफ्तार में उत्कृष्ट योगदान हेतु, आरक्षक कुलदीप द्विवेदी एसीसीयू द्वारा आटो में छूटे बैग मय जेवरात व नगदी कीमती 5.50 लाख की बरामदगी के कार्य के लिए, प्रधान आरक्षक रेवेन्द्र मधुकर यातायात द्वारा यातायात व्यवस्था के सुगम संचालन के लिए, सउनि (अ) अनुभव जॉन एसपी कार्यालय को सौंपे गये कार्यालयीन कार्यो को बेहतर ढंग से संपादन के लिए, आरक्षक अखिलेष साहू रक्षित केन्द्र द्वारा सौंपे गये कार्यो का उत्कृष्ट निष्पादन करने के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रायपुर द्वारा कॉप ऑफ द मंथ सम्मान से एसपी कार्यालय में प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# हत्या की घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

- **थाना पुरानी बस्ती क्षेत्रांतर्गत भाठागांव निवासी मृतक मोहित सोनकर के शरीर पर चाकू मारकर किये थे हत्या**

रायपुर/नवप्रदेश। दिनांक 25.03.2024 को सूचक कुमारी सोनकर ने थाना पुरानी बस्ती में सूचना दर्ज कराई कि उसका पुत्र मृतक मोहित सोनकर भाठागांव स्थित सोनकार बाड़ी के पास मृत अवस्था में पड़ा है, जिस पर पुलिस की टीम द्वारा उक्त स्थान जाकर देखने पर प्रथम दृष्ट्या पाया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा मृतक के शरीर पर किसी धारदार वस्तु से उसके शरीर पर कई वार कर उसकी हत्या कर दिया था। जिस पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध थाना पुरानी बस्ती में अपराध क्रमांक 126/24 धारा 302 भादवि. का अपराध पंजीबद्ध किया गया। हत्या की घटना को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय संतोष कुमार सिंह द्वारा गंभीरता पूर्वक लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम दौलत राम पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, उप पुलिस अधीक्षक अपराध संजय सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश देवांगन, प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी पुरानी बस्ती को अज्ञात आरोपी की पतासाजी कर जल्द से जल्द गिरफ्तार करने निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना पुरानी बस्ती पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा घटना स्थल का बारिकी से निरीक्षण कर घटना के संबंध में मृतक की माता सहित आस-पास के लोगों से विस्तृत पूछताछ करते हुये अज्ञात आरोपी की पतासाजी करना प्रारंभ किया गया।

# कलिंगा विवि में भारतीय मानक ब्यूरो के स्टैंडर्ड क्लब द्वारा लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताएं आयोजित

रायपुर/नवप्रदेश। 20 मार्च 2024 को,कलिंगा विश्वविद्यालय में भारतीय मानक ब्यूरो के स्टैंडर्ड क्लब ने विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस समारोह-2024 मनाने के लिए एक जीवंत और बौद्धिक रूप से प्रेरक कार्यक्रम की मेजबानी की, जिसमें एक मानक लेखन प्रतियोगिता और एक प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता शामिल थी,जिसमें विज्ञान और प्रौद्योगिकी विषयों के 100 उत्साही छात्रों ने भाग लिया। लेखन प्रतियोगिता हेलमेट डिजाइनिंग के मानकों की खोज करने,प्रतिभागियों को सुरक्षा प्रोटोकॉल और डिजाइन सिद्धांतों की जटिलताओं को समझने के लिए प्रोत्साहित करने पर केंद्रित थी। प्रश्नोत्तरी (क्विज़) प्रतियोगिता भारतीय मानक ब्यूरो और उसके संचालन, नियामक ढांचे और गुणवत्ता आश्वासन उपायों के बारे में छात्रों के ज्ञान और समझ को चुनौती देने पर केंद्रित थी।

भारतीय मानक ब्यूरो के प्रतिष्ठित अतिथियों ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई,जिनमें रायपुर शाखा के सलाहकार श्री विकाश कुमार मृधा और सहायक मानक संवर्धन अधिकारी श्री शैलाभ सिन्हा शामिल थे। श्री मृधा ने उपस्थित छात्रों को भारतीय मानक ब्यूरो द्वारा निर्धारित मानकों के पालन के महत्व पर प्रकाश डालते हुए एक व्यावहारिक भाषण दिया।

कलिंगा विश्वविद्यालय में स्टैंडर्ड क्लब के एसोसिएट प्रोफेसर और मेंटर डॉ.स्वप्निल जैन ने स्टैंडर्ड क्लब के प्रतिभागियों और छात्र सदस्यों के साथ सीखने और विकास के माहौल को बढ़ावा देने के लिए मूल्यवान अंतर्दृष्टि और प्रोत्साहन साझा किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता थी,जहां प्रतिभागियों ने भारतीय मानक ब्यूरो से संबंधित विषयों में अपनी विशेषज्ञता का प्रदर्शन किया। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। कलिंगा विश्वविद्यालय में सहायक प्रोफेसर कीर्ति नाहक ने कार्यक्रम के आयोजन में उनके समर्पण और प्रयासों के लिए सभी छात्रों, स्वयंसेवकों और स्टैंडर्ड क्लब के सदस्यों को हार्दिक धन्यवाद दिया। उन्होंने कलिंगा विश्वविद्यालय के प्रबंधन, कुल सचिव, अकादमिक मामलों के संकायाध्यक्ष, विज्ञान के संकायाध्यक्ष, संकाय और प्रौद्योगिकी के संकायाध्यक्ष और कम्प्यूटर साइंस एंड आईटी के संकायाध्यक्ष को उनके अमूल्य मार्गदर्शन और समर्थन के लिए हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

# शहरी विकास गतिविधियों के निर्धारण हेतु एनआईटी और रायपुर नगर निगम के बीच होगा एमओयू

- **नगर निगम कमिश्नर और एन आई टी के डायरेक्टर के बीच हुई महत्वपूर्ण बैठक**

रायपुर/नवप्रदेश। नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान के निर्देशक एन वी रमन्ना राव और प्राध्यापकों के साथ आज महत्वपूर्ण बैठक हुई।इस बैठक में शहरी क्षेत्र में जलभराव, जल निकास व्यवस्था जैसे चुनौतियों को दूर करने में आधुनिक तकनीकों के उपयोग सहित रायपुर शहर योजना के निर्धारण संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई । एन आई टी और रायपुर नगर निगम शहरी विकास को नई दिशा देने मिलकर काम करेगा इसके लिए दोनों के मध्य शीघ्र एम ओ यू निष्पादित होगा । निगम आयुक्त मिश्रा के अनुसार नगरीय क्षेत्र में कचरों के निष्पादन , बारिश के दिनों में जल भराव, समुचित पेयजल की सुलभता जैसे कई विषयों सहित शहर विकास योजना में राष्ट्रीय तकनीकी संस्थान के विशेषज्ञों की सहायता ली जाएगी । इस संबंध में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में शहर विकास की चुनौतियों पर विस्तार से चर्चा हुई । बैठक में एन आई टी के डायरेक्टर रमन्ना सहित प्रोफेसर डॉ.आर के त्रिपाठी, डॉ. जी डी रामटेकर, डॉ. समीर बाजपेयी, प्रो. सन्याल सहित नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा , कार्यपालन अभियंता इमरान खा़न शामिल हुए। बैठक में भविष्य की कार्य योजना और रोड मैप पर भी चर्चा हुई ।

# पुलिस जांच में मिली चांदी की सिल्ली

रायपुर/नवप्रदेश। अपराधों की रोकथाम, अपराधियों पर नकेल कसने सहित आगामी लोकसभा चुनाव के मद्देनजर सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था को दृष्टिगत रखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार जिला रायपुर के समस्त थाना क्षेत्रों में समस्त प्रकार के वाहनों सहित संदिग्ध व्यक्तियों की लगातार चेकिंग की जा रही है।

इसी तारतम्य में दिनांक 25.03.2024 को थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत स्थित टोल नाका पास थाना मंदिर हसौद पुलिस एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक कार को चेक करने पर कार में चांदी की सिल्ली रखा होना पाया गया। टीम के सदस्यों द्वारा कार में सवार व्यक्ति से चांदी की सिल्ली के संबंध में पूछताछ करने एवं परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा चांदी की सिल्ली के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा व्यक्ति के कब्जे से 03 नग चांदी की सिल्ली वजनी 8.416 किलोग्राम कीमती लगभग 2,00,000/- (दो लाख रूपये) थाना मंदिर हसौद में जप्त कर अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा गठित कमेटी में भेजा गया।

## सुविचार

जिंदगी बहुत बड़ा रंगमंच है जहां हर कोई अपना किरदार निभाता है। पर्दा गिरते ही अभिनय छोड़ चला जाता है। - अज्ञात

# संपादकीय

## नई दिल्ली में संवैधानिक संकट

**बहुचर्चित** शराब घोटाले में नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी के बाद नई दिल्ली में संवैधानिक संकट की स्थिति निर्मित हो गई है। इसके पूर्व भी झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से लेकर बिहार के तात्कालीन मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव तक लगभग आधा दर्जन नेताओं की उस समय भ्रष्टाचार के आरोप में गिरफ्तारी हुई थी। जब वे मुख्यमंत्री पद पर आसीन थे। उन नेताओं ने गिरफ्तारी के पूर्व नैतिकता के नाते मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। किन्तु नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपना पद नहीं छोड़ा है। आम आदमी पार्टी के नेताओं का कहना है कि अरविंद केजरीवाल मुख्यमंत्री पद पर बने रहेंगे और तिहाड़ जेल से ही सरकार चलाएंगे। अरविंद केजरीवाल ने जेल से सरकार चलाने का काम शुरू भी कर दिया है। उन्होंने पेयजल व्यवस्था को लेकर जेल से आदेश जारी किया था और अब उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के बारें में भी एक आदेश जारी किया है। जेल से जारी उनके इन आदेशों को लेकर बवाल खड़ा हो गया है। भाजपा ने जेल से सरकार चलाए जाने पर आपत्ति उठाई है। और इस मामले को लेकर हाई कोर्ट में याचिका भी दायर की गई है। वैसे तो संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं है कि जेल में रहकर कोई मुख्यमंत्री सरकार नहीं चला सकता। अलबत्ता यह पहली बार हो रहा है कि अरविंद केजरीवाल जेल से सरकार चलाने जा रहे हैं। हालांकि व्यवहारिक रूप से ऐसा होना संभव नहीं है। जेल नियमों के मुताबिक मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल जेल के भीतर मंत्रिमंडल की बैठक नहीं कर सकते। यदि मुख्यमंत्री के रूप में उन्हें कोई आदेश जारी करना होगा तो उन्हें इसके लिए कोर्ट से अनुमति लेनी होगी। ऐसी स्थिति में बार-बार कोर्ट से अनुमति लेना आसान नहीं होगा। जाहिर है जेल से सरकार चलाना संभव की हद तक कठिन काम है। अरविंद केजरीवाल अभी कितने समय तक जेल में रहेंगे इस बारें में भी कुछ भी नहीं कहा जा सकता। शराब घोटाले में ही आरोपी बनाए गए नई दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया लगभग एक साल से जेल में बंद हैं। आम आदमी पार्टी के दो और बड़े नेता भी घोटालों के आरोप में महीनों से जेल की हवा खा रहे हैं और बार-बार कोर्ट में जमानत की याचिका लगाने के बाद भी वे जमानत पर बाहर नहीं आ पा रहे हैं। ईडी के मुताबिक इस शराब घोटाले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ उनके पांच पुख्ता प्रमाण हैं और केजरीवाल पूछताछ में ईडी का सहयोग नहीं कर रहे हैं। ऐसी स्थिति में अरविंद केजरीवाल की जेल से रिहाई कतई आसान नहीं है। इधर ईडी की रिमांड खत्म होने के बाद सीबीआई भी केजरीवाल को रिमांड में लेने के लिए कोर्ट का दरवाजा खटखटाने के लिए तैयार बैठी है। नई दिल्ली के उपराज्यपाल सक्सेना ने कहा है कि वे जेल से सरकार नहीं चलने देंगे। इसका मतलब साफ है कि नई दिल्ली में संवैधानिक संकट खड़ा हो गया है। केजरीवाल ने जेल के भीतर से जो दो आदेश जारी किए हैं उसकी वैधानिकता पर भी सवालिया निशान लग गया है। यदि आम आदमी पार्टी के नेता अभी भी जेल से ही सरकार चलाए जाने की जिद्द पर अड़े रहते हैं तो आगे चलकर नई दिल्ली में सरकार का काम काज बुरी तरह प्रभावित हो सकता है। और ऐसी स्थिति में नई दिल्ली में राष्ट्रपति शासन लागू करने की नौबत भी आ सकती है।

## कंगना के खिलाफ आपत्तिजनक पोस्ट निंदनीय

**फिल्म** अभिनेत्री कंगना रनौत जिन्हें भाजपा ने हिमाचल प्रदेश से मंडी लोकसभा क्षेत्र से अपना प्रत्याशी बनाया है। उनके खिलाफ कांग्रेस की राष्ट्रीय प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने सोशल मीड़िया पर अभद्र टिप्पणी कर नए विवाद को जन्म दे दिया है। हालांकि इस पोस्ट का विवाद खड़ा होने के बाद सुप्रिया श्रीनेत ने वह पोस्ट हटा दी और यह सफाई दी है कि उनका फेसबुक हैक कर लिया गया था और किसी ने ऐसी विवादित पोस्ट डाल दी थी वे महिला शक्ति का सम्मान करती हैं। वे इस तरह की अभद्र भाषा का उपयोग किसी महिला के बारे में कर ही नहीं सकती। किन्तु भाजपा ने अब कंगना रनौत के खिलाफ की गई अभद्र टिप्पणी को लेकर कांग्रेस पर हमला तेज कर दिया है और मांग की जा रही है कि सुप्रिया श्रीनेत को कांग्रेस पार्टी से निकाला जाए। भाजपा नेताओं ने चुनाव आयोग से भी इस मामले की शिकायत की है और सुप्रिया श्रीनेत के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। वास्तव में किसी भी महिला के बारे में इस तरह की अभद्र टिप्पणी करना कतई उचित नहीं है। यह नारी शक्ति का अपमान है। इसके पूर्व भी बयानवीर नेता महिला नेत्रियों के बारे में विवादास्पद टीका टिप्पणी करते रहे हैं। किन्तु उनके खिलाफ उनकी पार्टी के हाईकमान ने कभी कोई कड़ी कार्यवाही नहीं की। ऐसे नेताओं की लिस्ट में आजम खान से लेकर नीतीश कुमार और दिग्विजय सिंह जैसे कई नेताओं के नाम शामिल हैं। जिनके वाहियात बयानों के बाद बवाल मचा तो उन्होंने सफाई देकर अपने कर्त्तव्य की इतिश्री कर ली थी। सुप्रिया श्रीनेत ने भी यही किया है। लोकसभा चुनाव के दौरान अन्य बड़बोले नेता नारी शक्ति के सम्मान को ठेस पहुंचाने वाले विवादित बयान न दें पाएं। इसके लिए चुनाव आयोग को कड़े कदम उठाने चाहिए सभी राजनीतिक पार्टियों को भी चाहिए की वे अपने नेताओं को इस तरह के बयान देने से परहेज करने का कड़ा निर्देश दें।

# 'ईमानदार राजनीति' के 'परसेप्शन' पर 'भ्रष्टाचार का तड़का'

## अपराध रहित व भ्रष्टाचार विहीन विधायिका का आह्वान करने वाले अरविंद केजरीवाल खुद ही भ्रष्टाचार के आरोप में अंततः गिरफ्त में आ गए

राजीव खंडेलवाल

*याद कीजिए! अप्रैल 2011 में दिल्ली के जंतर मंतर पर "जन लोकपाल विधेयक" के लिए महाराष्ट्र के रालेगांव सिद्धि निवासी, समाजसेवी गांधीवादी बाबूराव हजारे जो अन्ना हजारे के नाम से जाने जाते हैं, का "इंडिया अगेंस्ट करप्शन ग्रुप" के बैनर तले भ्रष्टाचार के विरुद्ध, गैर राजनैतिक, अहिंसा वादी आंदोलन लगभग चार महीने सफलतापूर्वक चला। इस आंदोलन को एक तरफपरदे के पीछे संघ प्रचारक एवं भारतीय जनता पार्टी के पूर्व महासचिव रहे चिंतक गोविंदाचार्य चला रहे थे, तो दूसरी ओर पर्दे पर "मैगसेसे पुरस्कार" विजेता, भारतीय राजस्व सेवा से इस्तीफा देकर आए नौकरशाह संयुक्त आयकर आयुक्त रहे अरविंद केजरीवाल चला रहे थे। आंदोलन के दौरान दिन प्रतिदिन अरविंद केजरीवाल मंच से दहाड़ मार कर बोलते थकते नहीं थे कि यह जो संसद है, वह दागी है, क्योंकि उसमें 150 से ज्यादा सांसद दागी हैं, जिन पर भ्रष्टाचार और अपराधों के गंभीर आरोप है। "असली संसद" तो सामने खड़े लोग (जनता) हैं। अरविंद केजरीवाल की यह मांग रही थी कि जिन भी सांसदों पर अपराधिक अपराध और भ्रष्टाचार के प्रकरण चल रहे हैं, वे सब पहले संसद से इस्तीफा देकर न्यायालय में मुकदमा लड़ कर बाईज्जत बरी होकर आयें। फिर जनता के बीच जाकर चुनाव लड़कर चुनकर संसद में जाएं। यही सही स्वच्छ संसदीय लोकतंत्र होगा।*

**याद** कीजिए! जब अन्ना आंदोलन के प्रमुख कर्ता-धर्ता अरविंद केजरीवाल ने संसदीय लोकतंत्र को अपराध व भ्रष्टाचार से मुक्त करने के उक्त मुद्दे को लेकर भ्रष्टाचार मुक्त और अपराधी/आरोपी विहीन संसद और विधानसभा की कल्पना को लेकर एक नई राजनीतिक पार्टी बनाने की बात कही, तब केजरीवाल के आंदोलनकारी गुरु भ्रष्टाचार विरोधी आंदोलन के मुख्य चेहरा अन्ना हजारे ने ऐसी "घर का देव और घर का पुजारी" वाली राजनीतिक पार्टी बनाने से साफ इनकार कर दिया था। शायद अन्ना ने जयप्रकाश नारायण के भ्रष्टाचार विरोधी संपूर्ण क्रांति के आंदोलन से सीख ली, जहां जेपी ने नई राजनीतिक पार्टी जनता पार्टी बनाई तो जरूर, परंतु स्वयं उन्होंने सत्ता में भागीदारी नहीं की। "घर का कुआ है तो डूब थोड़े ही मरेगें"।

अन्ना शायद इस बात को अच्छी तरह से समझ चुके थे कि जयप्रकाश नारायण की बनाई नई राजनीतिक पार्टी जनता पार्टी का कुछ ही समय में सत्ता के लिए लड़ाई के चलते क्या ह्रास हुआ? अतः अन्ना ने जेपी की सत्ता में भागीदारी की अनिच्छा के एक कदम और आगे बढ़ते हुए जेपी के समान नई राजनीतिक पार्टी बनाने से साफ इनकार कर दिया। शायद इसलिए कि यदि उक्त मुद्दों को लेकर नई राजनीतिक पार्टी बनाई जाएगी तो सत्ता की अंतर्निहित इच्छा लिए नई राजनीतिक पार्टी को फेवीकॉल समान मजबूत सत्ता तत्व से युक्त इस बुरी तरह से जकड़ कर वह उसे अपने वर्तमान स्वरूप के ढांचे (भ्रष्टाचारी) में ही समाहित कर नई पार्टी को भी अपने अनुरूप ढाल लेगा। यानि कि "फिर बेताल कंधे पर"। तब फिर तंत्र को बदलने के लिए नई राजनीतिक पार्टी बनाने वाला नेतागण भी अंततः स्वयं उनके गिरफ्त में आ ही जाएंगे, जिसका परिणाम आज "खुल्ला खेल फर्रुखाबादी" का नारा लगाने वाले दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल की भ्रष्टाचार के आरोप में हुई गिरफ्तारी के रूप में देखने को मिल रहा है। लबो लुआब यह कि "कडवी बेल की तूमड़ी उससे भी कड़वी होय"। पुनः याद कीजिए! इस देश में जब-जब भी भ्रष्टाचार के विरुद्ध देशव्यापी आंदोलन हुए वे सफल होकर तत्कालीन सत्ता को बदलने में तो सफल जरूर हुए, परंतु सत्ता के तंत्र को बदल नहीं पाए, सिर्फ "मुखौटा" ही बदला गया। विपरीत इसके भ्रष्टाचार का मजबूत तंत्र जिसे हम "लोकतंत्र" का नाम देते हैं, स्वयं पारस पत्थर बनकर अधिकांश आंदोलनकारी नेताओं को अंततः भ्रष्टाचारी बना दिया जो भ्रष्टाचार समाप्त करने नये राष्ट्र के निर्माण में निकले थे। गुजरात के युवाओं का भ्रष्टाचार के विरुद्ध नव-निर्माण आंदोलन से प्रारंभ हुआ आंदोलन बिहार में पहुंचकर जयप्रकाश नारायण के संपूर्ण क्रांति के आंदोलन में परिवर्तित हो गया। इस कारण ही आपातकाल लगा और अंततः आपातकाल हटने के बाद जनता पार्टी की सरकार बनी। परंतु

सत्ता के भ्रष्ट तंत्र को जयप्रकाश नारायण के सिपहसालार परिवर्तित नहीं कर पाए और कहते हैं ना कि "कचरे से कचरा बढ़े" तो, संपूर्ण क्रांति के आंदोलन की पैदाइश लालू यादव से लेकर देवीलाल जैसे अनेक खांटी नेता भ्रष्टाचार में गले की कंठ तक डूब गए। इसी प्रकार विश्वनाथ प्रताप सिंह का भी भ्रष्टाचार के विरुद्ध आंदोलन सफल होकर वे स्वयं प्रधानमंत्री की कुर्सी पर जरूर आरूढ़ होकर सत्तारूढ़ हो गये। परंतु वह भी सिर्फ सरकार के चेहरा बदलने तक ही सीमित रहा, तंत्र बदलने में वे भी पूर्णतः असफल रहे। अरविंद केजरीवाल के समर्थक आम पार्टी के कार्यकर्ता गण जरूर यह कह सकते हैं कि "न खाऊंगा न खाने दूंगा" का नारा देने वाले निश्चित रूप से स्वयं तो नहीं खा रहे हैं, परन्तु आगे का कथन न खाने दूंगा को धरातल पर जरूर अनर्थ अथवा अर्थहीन कर दिया है। क्योंकि समस्त दागी, भ्रष्टाचारी नेताओं जिन पर उक्त नारा देने वालो ने स्वयं भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप समय-समय पर लगाए बावजूद फिर उन्हें गले भी लगा लिया। वे सब "झंडू बाम हो गये"। ऐसा शायद इसलिए भी जरूरी हो गया कि एक दूसरा नारा भी दिया गया था, "सबका साथ, सबका विकास सबका प्रयास"। सबके साथ में भ्रष्टाचारी भी तो शामिल है, जिनकी भागीदारी इस कारण से शायद आवश्यक हो गई। "जब गंगोत्री ही मैली है, तो गंगा मैली क्यों न होगी"। सरकार पर यह आरोप भी लगता है कि ईडी की यह कार्रवाई का समय निश्चित रूप से "राजनीति" से प्रेरित होकर पक्षपात पूर्ण है। क्योंकि ईडी, इनकम टैक्स, सीबीआई की कार्रवाई सिर्फ विपक्षी नेताओं पर (लगभग 95 प्रतिशत से ऊपर) हो रही है। वह भी विशुद्ध कानूनन् न होकर राजनीतिक गठजोड़ फायदा नुकसान के हिसाब से सत्तारूढ़ पार्टी के इशारां पर हो रही है, यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित दिखता भी है। अब तो इस 'टूल' में "भारतीय स्टैट बैंक" को भी शामिल कर लिया गया है जो इलेक्ट्राल बॉड के मामले में उच्चतम न्यायालय में सीबीआई के रूख से बिलकुल सिद्ध होता है। केजरीवाल का सार्वजनिक/राजनीतिक जीवन प्रारंभ से ही दोहरा चरित्र व झूठ का आवरण ओढ़े हुए गुजरते समय के साथ विवादित भी रहा है। "राजनीति में नहीं आऊंगा"। "कांग्रेस से कोई समझौता नहीं करूगा" आदि-आदि। "चंचल नार की चाल छिपे नहीं"। तथापि शासकीय सेवाकार्य उत्कृष्ट, उज्जवल रहा है। मात्र 'आरोपी' हो जाने के आधार पर दागी सांसदों से इस्तीफा मांग कर सार्वजनिक जीवन की शुरुआत करने वाले केजरीवाल की स्वयं की पार्टी के अधिकांश विधायक व मंत्रियों पर कई आपराधिक मुकदमे दर्ज हो चुके हैं (62 में से 35 विधायकों पर)। बल्कि कुछ तो जेल के अंदर काफी समय से हैं। बावजूद इसके किसी भी दागी/आरोपी विधायक द्वारा न तो स्वयं इस्तीफा दिया गया और न ही मंत्रियों के बर्खास्त करने का काम केजरीवाल ने किया। काफी समय तक जेल में रहने के बाद मंत्रियों से इस्तीफा लिया गया। केजरीवाल स्वयं देश के ऐसे पहले मुख्यमंत्री बन गये, जिन्हें मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए गिरफ्तार किया गया है। इसके पूर्व तीन अन्य मुख्यमंत्रियों लालू प्रसाद यादव, जयललिता एवं हेमंत सोरेन जिन्होंने गिरफ्तार होने के पूर्व इस्तीफा दे दिया था, के विपरीत केजरीवाल ने जेल से ही सरकार चलाने की घोषणा की है।

## आज का इतिहास

1809 मेडलिन युद्ध में फ्रांस के हाथों स्पेन की हार हुई। 1862 कंफेडरेट स्टेट्स आर्मी द्वारा न्यू मैक्सिको टेरिटरी के अमेरिकी नागरिक युद्ध-एक आक्रमण को ग्लोरीटा पास की लड़ाई में रोक दिया गया था। 1866 पहली एम्बुलेंस को सेवा के लिए तैयार किया गया। 1920 मिडवेस्टर्न और सदर्न यूनाइटिड स्टेट्स में 37 बवंडर का प्रकोप होने से 380 से ज्यादा लोग मारे गए। 1922 अमेरिकी आविष्कारक ब्रेडली ए. फिस्के ने माइक्रोफिल्म पठन यंत्र का पेटेंट कराया। 193 प्रेटोरियन गार्ड्स ने रोमन सम्राट पर्टिनैक्स की हत्या कर दी और डिडियस जूलियनस को एक नीलामी में सिंहासन बेच दिया। 1930 तुर्की के बहुत से शहरों का नाम बदला गया। इसी दिन से राजधानी 'अंगोरा' को 'अंकारा' और 'कॉन्सटानिनोपल' का नाम बदल कर 'इंस्तांबुल' कर दिया गया। 1930 तुर्की ने अपने सबसे बड़े शहर कांस्टेंटिनोपल का नाम बदलकर इस्तांबुल कर दिया। 1933 इंपीरियल एयरवेज के बाइप्लेन सिटी ऑफ लिवरपूल में सवार एक यात्री ने बोर्ड में आग लगा दी, जिससे वह मध्य हवा में टूट गया और दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 1942 द्वितीय विश्व युद्ध के कब्जे वाले फ्रांस में, ब्रिटिश नौसैनिक बल ने सेंट-नाज़ायर के प्रमुख बंदरगाह को असफल रूप से निष्क्रिय कर दिया। 1949 संयुक्त राज्य अमेरिका के रक्षा सचिव जेम्स फोरेस्टल ने अचानक इस्तीफा दिया।

## पाठकों की बात

## पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

### इस मुल्क में सच पर भी

इस मुल्क में सच पर भी निशाना लगा होगा और कत्ल करने का हर बहाना नया होगा सरकार बदल जाये रियासत की शबो-रोज कानून मगर वही फिर पुराना लिखा होगा जनता के मसीहा बने फिरते हैं वही लोग जिनको लूट-खसोट करते देखा-सुना होगा

- रामकिशोर उपाध्याय

### देखा जो हुस्न ओ गुलाबी

देखा जो हुस्न ओ गुलाबी गाल है दोनों हाथ मेरे लड्डू व गुलाल है। अंग से अंग लगा ले मोहे सजनी फागुन की मस्ती में क्या ख्याल है । पीकर नजरों से तेरी हुआ हलाल रोम रोम मेरा मदमस्त व बेहाल है । चित्तवन देख छूटे पिचकारी से धार रंग बरसे भीगे चुनर उसकी धमाल है।

- सुरेश वैष्णव

### ख़ास पाती | होली खेलें गोपियाँ, राधा जी के संग

होली खेलें गोपियाँ, राधा जी के संग। ग्वाल बाल सब देखते, रह जाते हैं दंग ॥ फूल सजी हैं राधिका, बैठीं सखियों साथ। थाम लिया हो चंद्र ने, मानो उनका हाथ ॥ गाल गुलाबी हो रहे, सखियाँ दिखती चंग। ग्वाल बाल सब देखते, रह जाते हैं दंग ॥ पुष्प सजाई टोकरी, चुन-चुन गूँथे हार। कान्हा द्वारे आइये, बाँधें बंदनवार ॥ पन्थ निहारे थक गई, करो नहीं तुम तंग । ग्वाल बाल सब देखते, रहे जाते हैं दंग ॥ माह फागुनी आ गया, होली खेलें लोग । मैं विरहन बन सोचती, कैसे हो संयोग ॥ छूकर अपने हाथ से, मुझे लगा दो रंग । ग्वाल बाल सब देखते, रह जाते हैं दंग ॥

- सुमन ओमानिया

### वीर शहीदों तुम्हारा बलिदान हमें आजादी

वीर शहीदों तुम्हारा बलिदान हमे आजादी दिलाई यह बात, एक भारतीय से बेहतर कौन समझ सकता है ? किन शब्दों से कथा लिखूँ आज मै तुम्हारे राष्ट्र सेवा की ? भाव विचरते मन में किन्तु मै विचलित सीमित न कर पाऊँ भावों को थोडे में कैसे पूर्ण कर पाऊँगा फिर तुम्हारे संस्कारमय गाथा, अपने पन की. अंतर्मन में बसे तुम्हारी छवि सदैव विनती है मेरी बस इतनी हे देव देव : देव : नमन !

- बलदाऊ गोस्वामी

### रंगों से भरे जीवन, समझ लेना

रंगों से भरे जीवन ,समझ लेना कि होली है हर पल जब बने उत्सव ,समझ लेना कि होली है थिरकन हो बसी जब पांव में बजने लगे पायल, मस्ती से भरे पल हों ,समझ लेना कि होली है ।

- चंद्रकांता अग्निहोत्री

### बसन्ती बयार और चिड़ियों की चहक

बसन्ती बयार और चिड़ियों की चहक ने देखो उकेर दिए हैं कुछ शब्द शांत सरोवर के आंचल पर। वे शब्द जिन्हें पढ़ने आते हैं मुझे जैसे न जाने कितने ही लोग क्या वे भी महसूस करते हैं शताब्दियों से किसी आत्मिय के अनकहे अनसुने अनहद संगीत की तान पर रचे गीत? सुनो क्या ये तुम्हारे ही गीत हैं ! देखो बसंती बयार में फूल की पांखियों को भिगोए जा रहा है प्रेमांजली के अश्रुओं से सावन की फुहार सा शब्द।

-नवीन शंकर शर्मा

### रंग दे मेरो अंग-अंग मोहे ऐसो रंग लगा दे

रंग दे मेरो अंग अंग मोहे ऐसो रंग लगा दे पिया सातो रंग कम पड़ जाए मोपे अपना रंग चढ़ा पिया कोरी चुनर फागुन ना भाए केशरी चुनरिया ओढ़ादे पिया नमक रंग सूरत पर सोहे तू मुंह मीठा करादे पिया रंग दुनिया में एको ना दिखै मोहे फाग रंग दिखा दे पिया बरस बरस को एक दिन है मेरा एक दिन तू बनादे पिया रंग दे मेरो....

-प्रीति श्रीवास्तव

### मेरा मानना है कि श्रृंगार

मेरा मानना है कि श्रृंगार महिलाओं का जन्मसिद्ध अधिकार है। चाहे महिला सुहागन हो या विधवा किसी भी हाल दशा में उससे श्रृंगार नहीं छीना जाना चाहिए। हमारे भारत में सोलह श्रृंगारों का विधान है। मेरा मानना है कि एक विधवा स्त्री भी पंद्रह श्रृंगार तो कर ही सकती है।

- प्रियंका प्रिय दर्शनीय

## प्रेरक प्रसंग

### हुमायूँ, शाबाश !

हुमायूँ शेरशाह से परास्त हो गया, मन का क्षोभ हल्का करने के विचार से वह गुरु अंगद देव के पास गया। 'गुरु' अंगद देव उस समय ध्यान मग्न थे, अतः हुमायूँ के आने का उन्हें पता न लगा। हार से क्षुब्ध हुमायूँ ने इसे अपनी उपेक्षा समझी। क्रोध में आकर तलवार निकालकर उन्हें मारने को सन्नद्ध हुआ, किंतु गुरुजी के तेजस्वी मुख मंडल पर दृष्टि पड़ते ही दिल काँप गया और हाथ से तलवार छूट पड़ी। आवाज सुनकर गुरुजी ने धीरे से नेत्र खोले। पलक मारते घटना का विश्लेषण कर लिया। सौम्य मुस्कुराहट के साथ बोले-शाबाश हुमायूँ युद्ध में हारकर अपने शौर्य प्रदर्शन के लिए अच्छा स्थान चुना। संतों पर तलवार चलाकर अपनी संतुष्टि करना चाहता है ? हुमायूँ शर्म से गड़ गया। संत की पग-धूलि तथा आशीर्वाद लेकर पुनः चल पड़ा अपने अभियान को पूरा करने।

## QUIZ TIME

1) 1916 में महात्मा गांधी ने किसे प्रेरित करने के लिए बिहार के चम्पारण की यात्रा की थी?

2) वयस्कों में श्वेत रुधिर कोशिकाओं तथा लाल रुधिर कणिकाओं का औसत अनुपात क्या है?

3) भारत में प्रसंस्कृत भोजन का कारक कौन सा है?

4) बघेली का विकास किस भाषा से हुआ है?

5) नजला बौडने रोमधाने किस देश की पहली महिला प्रधानमंत्री हैं?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) किसानों (2) 1:600 (3) खान-पान की आदतें, संगठित खाद्य उद्योग और जीवनशैली बदलना (4) अर्धमागधी (5) ट्यूनीशिया

## आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:34, सूर्यास्त : 06:35, चन्द्रोदय : 14:07, चन्द्रास्त :28:23,

**अयन : उत्तरायणे (उत्तरगोलीय)**

ऋतुः : वसंत, शक सम्वतः : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वतः : 2080 (पिंगल), मास : चैत्र, पक्ष : कृष्ण, तिथि : तृतीया, नक्षत्र : स्वाति, योग : सुकर्मा, प्रथम करण : वणिज (13:19 तक), द्वितीय करण : विष्टि (26:22 तक)

**॥ गोचर ग्रहाः ॥**

सूर्य : मीन, चंद्र : कर्क, मंगल : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मेष (उदित, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : कुम्भ (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मीन, केतु : कन्या

**शुभाशुभ मुहूर्त विचार**

अमृत काल : 15:35 से 17:20, रवियोग : 06:20 से 22:38, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:14, गोधूलि मुहूर्त : 18:26 से 18:50, सायाह्न सन्ध्या : 18:28 से 19:39, निशिता मुहूर्त : 24:00 से 24:47, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : दक्षिण-पश्चिम, यमगण्ड : 07:51 से 09:22, होमाहुति : शनि, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : पृथ्वी (26:22 तक), भद्रावास : मृत्यु (13:19 से 26:22), चन्द्रवास : उत्तर, शिववास : क्रीड़ा में (26:22 से कैलाश पर)।

## आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

**मेषः** आज का दिन कलहकारी रहेगा। परिजन अथवा किसी प्रियपात्र के लिए मन मे ईर्ष्या के भाव पनपेंगे।

**वृषः** आज का दिन मिश्रित फलदायी रहेगा। आर्थिक रूप से दिन लाभदयक रहने पर भी मन किसी गुप्त चिंता के कारण व्याकुल रहेगा।

**मिथुनः** आज आपका ध्यान अपने लक्ष्य से भटकेगा इस कारण महत्त्वपूर्ण कार्य अन्य लोगो के भरोसे छोड़ेंगे जिनके लटकने संभावना अधिक रहेगी।

**कर्कः** आज का दिन आपके लिए शुभ रहेगा। दिन के आरंभ में दैनिक अथवा घरेलू कार्यो को लेकर व्यस्त रहेंगे।

**सिंहः** आज परिस्थितयां प्रतिकूल रहने वाली है आर्थिक विषमताओं का सामना करना पड़ेगा किसी पुरानी घटना को याद करके दुखी रहेंगे।

**कन्याः** आज का दिन आपके लिये सम्मानजनक रहेगा। शारीरिक रूप से कुछ कमी रहेगी लेकिन मानसिक रूप से भले बुरे का ध्यान रख कर ही प्रत्येक कार्य को करेंगे।

**तुलाः** आज मध्यान तक आपको किसी भी कार्य ने ज्यादा परिश्रम नही करना पड़ेगा जिस कार्य को करने का मन बनाएंगे ।

**वृश्चिकः** आज के दिन प्रातः काल से ही किसी विशेष कार्य को लेकर दौड़-धूप करनी पड़ेगी लेकिन आज की गई मेहनत व्यर्थ नही जाएगी।

**धनुः** आज दिन के आरम्भ से मध्यान तक शारीरिक शिथिलता के कारण किसी भी कार्य मे उत्साह नही रहेगा कार्य क्षेत्र पर भी अन्य लोगो के भरोसे रहना पड़ेगा।

**मकरः** आज के दिन आपकी आवश्यकतायें अधिक रहेंगी लेकिन भाग्य इसकी तुलना में कम साथ देगा।

**कुंभः** आज का दिन आपकी आशाओ के विपरीत परिश्रम वाला रहेगा आज आप मेहनत करने के पक्ष में बिल्कुल नही रहेंगे।

**मीनः** आज आपका व्यवहार एक समान नही रहेगा। पल पल में बदलती मनोदशा खुद के साथ अन्य लोगो को भी परेशानी में डालेगी।

## शब्द सागर

### शब्द सामर्थ्य -009

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**

1. लज्जत, जायका 2. मुकाबला, भेंट, होड़ 5. बंदी, कैद की सजा पाने वाला व्यक्ति 7. खल-पात्र, नाटक फिल्म आदि का बुरा पात्र 9. कामी, व्याभिचारी 10. इज्जत जाना, बेइज्जती होना (उपमा) 11. ऊटपटांग, विचित्र, कठिन 13. वैभव, ठाट-बाट 14. साथ, सहित 15. कामदेव की पत्नी, प्रेम 16. मैं का बहुवचन 17. दरवाजे-दरवाजे 20. एक राशि, मगर 22. नमी, सीड़, मुहर, ठप्पा 23. औषधालय, चिकित्सालय।

**ऊपर से नीचे**

1. आत्मनिर्भर, स्वालंबन भावना से युक्त, स्वाश्रित 2. वर्ष, बरस 3. राजी करना, रूठे हुए को खुश करना, प्रसन्न करना 4. नाटक फिल्म आदि का मुख्यपात्र 6. दीवानगी, पागलपन, 7. दो वस्तुओं के टकराने से उत्पन्न ध्वनि, बैर-विरोध, अनबन 8. खीरे की प्रजाति का एक फल 11. बेवकूफ, मूर्ख 12. बादल, मेघ 13. बहुत चालाक, होशियार 14. जिसका मत दूसरे से मिलता हो, 15. दांत, दंत 18. प्राप्ति, वस्तु आदि मिलने का प्रमाण पत्र 19. दंगा-फसाद, उपद्रव विप्लव 21. बचाव, सुरक्षा।

### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 008 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ग | ल | त | | | | खा | म | खाँ |
| णे | | ल | | झ | प | की | | |
| श | र | ब | त | | रं | | | मि |
| | ज | गा | ना | | प | रा | का | ष्ठा |
| | नी | र | | वि | रा | ज | मा | न |
| ना | च | | | प | | | य | |
| म | र | णा | स | न्न | | पा | नी | |
| ची | | | प | | पा | | | भो |
| न | ज | रा | ना | | स | मा | चा | र |

## नगाड़े की थाप पर नाच रहे युवक पर फायर करने वाला गिरफ्तार

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** होली पर नगाड़ा बजाकर नाच रहे युवक से नाराज आरोपी ने एयर राइफल से गोली मार दी। गोली लगने से युवक घायल हो गया। होली खेल रहे युवक को पावर एयर राइफल से गोली मारने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफतार कर लिया है। 25 मार्च को होली के दिन मल्हार में देव हेल्थ केयर के बगल खाली जमीन पर प्रार्थी पियूष सिंह ठाकुर अपने साथियों के साथ होली खेल रहा था। मोहल्ले के ही कुछ लोगों के साथ नगाड़ा और बॉक्स बजा रहा था। बगल में ही आरोपी पुल्केश नापित का घर है, जो अपने घर के छत पर चढ़ कर सभी को वहां शोर शराबा करने से मना कर रहा था। सभी से गली गालौच करते हुए अपने पावर एयर राइफल से पियूष सिंह ठाकुर को जान से मारने की नियत से गोली चला दी। पहली गोली नहीं लगी तो दूसरा राउंड भरकर फिर से गोली मारा जो पियूष के सीने के बाई ओर लगा। घायल होकर पियूष वही गिर गया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए घायल को मस्तूरी अस्पताल ले जाकर इलाज कराया। प्रार्थी पियूष सिंह ठाकुर की रिपोर्ट पर आरोपी पुल्केश नापित के खिलाफ धारा 307, 294 भादवि का मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। जिस एयर पावर रायफल से गोली चलाई थी उसे जप्त कर लिया है। मामले में कार्यवाही कर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जाएगा।

## कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** बिलासपुर-रायपुर नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार कार ने बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना हिर्री थाना क्षेत्र की है। पुलिस के अनुसार, बिल्हा क्षेत्र के पेंडरवा निवासी जलेश्वर मरावी (49) मजदूरी करता था। मंगलवार को वो किसी काम से अपनी बाइक पर गांव से बिल्हा जाने के लिए निकला था। दोपहर में वो पेंड्रीडीह सर्विस रोड से नेशनल हाईवे पर हिर्री बस स्टैंड के पास पहुंचा ही था, तभी कार क्रमांक सीजी 10 बीपी 6777 के चालक ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगते ही जलेश्वर नेशनल हाईवे पर दूर जा गिरा, जिससे उसका सिर फट गया और शरीर के अन्य हिस्सों में भी गंभीर चोंट आई। वहीं, उसकी बाइक भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। इस घटना में उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## तारबाहर अंडरब्रिज का निर्माण पूरा

**लोगों को मिल रही रही यातायात की सुविधा**

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** रेलवे द्वारा बुनियादी ढांचे के विकास नवाचार, नेटवर्क क्षमता में विस्तार तथा अधोसंरचना विकास हेतु अनेकों कार्य किए जा रहे हैं जिससे यात्री सुविधाओं के साथ-साथ रेल परिचालन और भी संरक्षित एवं निर्बाध गति से परिचालित किया जा सकेगा। इसी क्रम में समपार फाटकों के बंद होने से जाम की स्थिति से राहगीरों को राहत दिलाने तथा उनकी निर्बाध एवं सुरक्षित आवागमन सुविधा सुनिश्चित करने हेतु समपार फाटकों में सीमित ऊंचाई सबवे निर्माण का कार्य लगातार जारी है। इसी कड़ी में बिलासपुर स्टेशन यार्ड में स्थित तारबहार फाटक के बंद होने से जाम की स्थिति से राहगीरों को राहत दिलाने के प्रयास के महत्वपूर्ण कड़ी में अंडरब्रिज का विस्तार बाई पास लाइन के दूसरे छोर तक कर दिया गया है। सिरगिट्टी तथा आसपास के क्षेत्र के लोगों की निर्बाध व सुरक्षित सड़क यातायात सुनिश्चित करने हेतु इस कार्य को तीव्र गति से पूरा किया गया। इस अंडरब्रिज का निर्माण कार्य पूरा होते ही आज से इस पर सड़क यातायात प्रारम्भ कर दिया गया है तथा सुरक्षा के दृष्टिगत तारबहार फाटक को भी बंद कर दिया गया है।

## पुलिस वाहन की टक्कर से बाइक सवार दंपति गंभीर

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** लोरमी क्षेत्र में भीषण सड़क हादसा हुआ, जिसमे पुलिस वाहन चालक ने लापरवाहीपूर्वक गाड़ी चलाते हुए पति-पत्नी को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे बाइक सवार दंपत्ति ठोकर लगते ही बाइक से गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों का अस्पताल में इलाज जारी है। हादसे में महिला की कमर की हड्डी टूट गई है। वहीं ठोकर मारने के बाद नशे में धुत पुलिस वाहन चालक मौके से गाड़ी लेकर फरार हो गया। बताया जा रहा है कि वाहन में अन्य पुलिस कर्मी भी सवार थे।

इस भीषण हादसे का सीसीटीवी वीडियो भी सामने आया है. यह मामला लोरमी थाना क्षेत्र का है। मिली जानकारी के अनुसार 26 मार्च की शाम लगभग 4 बजे लोरमी थाना क्षेत्र के डिंडोल गांव में बाइक सवार दंपति को तेज रफ्तार पुलिस वाहन ने रौंद दिया। घटना में पति-पत्नी गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा होते ही आसपास के लोग मौके पर जमा हो गए। उसके बाद ग्रामीणों की मदद से घायल दंपत्ति को अस्पताल ले जाया गया, जहां उनका उपचार जारी है।

# रंग पर्व में जमकर उड़े अबीर-गुलाल

## एक-दूसरे को रंग लगाकर दी होली की शुभकामनाएं, चौक-चौराहों पर रहा पुलिस का सख्त पहरा

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** शहर में होली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। लोगों ने एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। गली-मोहल्लों में लोग एक-दूसरे के घरों में जाकर रंग-गुलाल लगाए और होली की बधाईयां दी।

युवाओं में होली का खासा उत्साह देखा गया। महिलाओं की टोली ने भी खूब रंगे बिखेरे। राजकिशोर नगर बिलासपुर में होली की मस्ती में रंग-गुलाल से सराबोर नजर आए मोहल्लेवासी जमकर होली खेली। इस दौरान छत्तीसगढ़ी गीतों के साथ मस्ती में झूमते नजर आए। दरअसल, पूरे प्रदेश में होली की खुमारी है। एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर रंगोत्सव की शुभकामनाएं दी। फाल्गुन पूर्णिमा की संध्या को अग्नि जलाई जाती है और मंत्रों का उच्चारण किया जाता है। दूसरे दिन सुबह नहाने से पहले इस अग्नि की राख को अपने शरीर पर लगाते हैं, फिर स्नान करते हैं। होलिका दहन का महत्व है कि आपकी मजबूत इच्छा शक्ति आपको सारी बुराइयों से बचा सकती है। होलिका दहन बुराई पर अच्छाई की जीत के पर्व के रूप में मनाया जाता है। होलिका दहन की सबसे प्रचलित कथा प्रह्लाद, होलिका और हिरण्यकश्यप की है लेकिन इसके अलावा एक और कथा भगवान श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को सुनाई थी। श्री राम के एक पूर्वज रघु, के राज में एक असुर नारी थी। वह नगरवासियों पर तरह-तरह के अत्याचार करती। उसे कोई मार भी नहीं सकता था, क्योंकि उसने वरदान का कवच पहन रखा था। उसे सिर्फ बच्चों से डर लगता था। एक दिन गुरु वशिष्ठ ने उस राक्षसी को मारने का उपाय बताया। उन्होंने कहा कि अगर बच्चे नगर के बाहर लकड़ी और घास के ढेर में आग लगाकर उसके चारों ओर नृत्य करें, तो उसकी मौत हो जाएगी। फिर ऐसा ही किया गया और राक्षसी की मौत के बाद उस दिन को उत्सव के रूप में मनाया जाने लगा।

### पुलिस प्रशासन ने किया होली मिलन समारोह आयोजित

जिला पुलिस बिलासपुर के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा होली पर्व के दौरान क़ानून/सुरक्षा व्यवस्था को लगन एवं मेहनत से ड्यूटी कर शांतिपूर्वक सम्पन्न कराया गया। होली पर्व के दूसरे दिन पुलिस ऑफ़िसर्स मेस ,पुलिस लाइन, समस्त थाना चौकी में पुलिस होली हर्षोल्लास से मनाया गया, जिसमें रजनेश सिंह (भापुसे) पुलिस अधीक्षक ने सभी पुलिस अधिकारी कर्मचारी एवं पुलिस परिवार को होली की शुभकामनाएँ दी। अधिकारियों एवं पुलिस स्टाफ के द्वारा एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं और बधाई देकर खुशी मनाये।

इस दौरान उमेश कश्यप अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (शहर) बिलासपुर, अर्चना झा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) बिलासपुर, अनुज कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण), नीरज चंद्राकर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात बिलासपुर, सुश्री पूजा कुमार भापूसे नगर पुलिस अधीक्षक कोतवाली, उमेश प्रसाद गुप्ता अधीक्षक सिविल लाइन, निमितेश सिंह नगर पुलिस अधीक्षक चकरभाठा, सिद्धार्थ बघेल नगर पुलिस अधीक्षक सरकंडा, उप पुलिस अधीक्षक यातायात संजय साहू, उदयन बेहार उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय, डी आर टंडन उप पुलिस अधीक्षक अजाक, सुश्री अनीता प्रभा मिंज उप पुलिस अधीक्षक, अजय कुमार आईपीएस प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक, मंजुलता केरकेट्टा उप पुलिस अधीक्षक पुलिस लाइन, प्रशिक्षु उप पुलिस अधीक्षक रोशन आहूजा, सहित शहर के थाना चौकी प्रभारी एवं अन्य अराजपत्रित अधिकारी/कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## बिलासपुर प्रत्याशी देवेंद्र के विरोध में कांग्रेस नेता का आमरण अनशन

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** बिलासपुर लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव का विरोध शुरू हो गया है। यहां नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष ने कांग्रेस भवन के सामने आमरण अनशन शुरू कर दिया है। कांग्रेस ने बिलासपुर लोकसभा से भिलाई के विधायक देवेंद्र यादव के नाम को फाइनल कर दिया है, जिसके बाद से बिलासपुर के स्थानीय नेताओं व कार्यकर्ताओं के मन में विरोध का स्वर फूटने लगा है। उनके नाम की घोषणा होने के बाद से सोशल मीडिया में देवेंद्र यादव को बाहरी बताकर तरह-तरह के सवाल उठाए जा रहे हैं। सवाल यह किया जा रहा है कि क्या बिलासपुर में सशक्त नेतृत्व की कमी है। देवेंद्र यादव के नाम का विरोध करते हुए नगर पंचायत बोदरी के पूर्व अध्यक्ष जगदीश कौशिक कांग्रेस भवन के सामने धरने पर बैठ गए हैं। उन्होंने अलग-अलग स्लोगन लिखकर पोस्टर चस्पा किया है। हाथ से लिखे पोस्टर में मेरी तपस्या में क्या कमी रह गई, बिलासपुर से मुझे प्रत्याशी क्यों नहीं बनाया गया जैसे सवाल भी किए गए हैं। कांग्रेस नेता जगदीश कौशिक का कहना है कि लोकसभा सीट से गलत प्रत्याशी चयन के खिलाफ उनका प्रदर्शन है। पार्टी हाईकमान के साथ ही प्रदेश के नेताओं ने बिलासपुर के नेताओं को नजरअंदाज क्यों किया। उन्होंने कहा कि न्याय मिलने तक उनका धरना-प्रदर्शन और आमरण अनशन जारी रहेगा। बीजेपी नेताओ ने ली चुटकी- उधर देर रात छत्तीसगढ में चार प्रत्याशियो के नाम कांग्रेस ने घोषित किए,बिलासपुर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी बनाए गए देवेंद्र यादव का पार्टी में ही विरोध शुरु हो गया है, बीजेपी नेताओ ने चुटकी लेते हुए कहा के कांग्रेस पार्टी को जिले में कोई योग्य प्रत्याशी नहीं मिला जो बाहरी व्यक्ति को प्रत्याशी बनाए हैं।भाजपा नेताओं ने कहा कांग्रेस जान चुकी है प्रदेश में कांग्रेस लोकसभा चुनाव बुरी तरीके से हार रही है। इनकी पार्टी में लोकल कोई नेता चुनाव लडने तैयार नहीं तभी देवेंद को भिलाई से बिलासपुर लाया गया है।

## एमपी के रींवा से सब्जी गाड़ी में भरकर लाई गई नशीली सिरप

### 7 हजार की 400 नग सिरप व कार जब्त

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** पुलिस लगातार मादक पदार्थ गांजा, प्रतिबंधित सिरप, नशीली पदार्थ का व्यापार-व्यवसाय करने वालों के खिलाफ़ कार्यवाही कर रही है इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) अर्चना झा के मार्गदर्शन में प्रतिबंधित सिरप बिक्री करने ले जा रहे आरोपी के विरुद्ध बिलासपुर पुलिस द्वारा की गई धारा 21,22 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

थाना प्रभारी कोटा रजनीश सिंह को सूचना मिली की बिलासपुर से एक व्यक्ति आई20 कार सीजी 10 एयू 7499 में प्रतिबंधित ओनेरेक्स सिरप बिक्री करने हेतु कोटा लोरमी मार्ग में ले जा रहा है। सूचना पर तत्काल एसीसीयू टीम तथा कोटा पुलिस टीम द्वारा गनियारी के पास घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जहां बिलासपुर के तरफ से आ रही आई20 कार सीजी 10 एयू 7499 को रोककर पूछताछ कर कार को चेक करने पर कार की डिक्की में 02 सफेद बोरी में भरा 400 नग प्रतिबंधित ओरेनेक्स सिरप मिला। सिरप के संबंध में पूछताछ करने पर आरोपी बृजेश कछुवाहा ने बताया कि रीवा मध्य प्रदेश से बिलासपुर आने वाली सब्जी गाड़ी वाहन में कॉस्मेटिक का सामान है कहकर लाया गया। आरोपी बृजेश कछुवाहा के कब्जे से प्रतिबंधित ओरेनेक्स सिरफ 400 नग कीमती 68000 रुपये, एक एप्पल मोबाइल 32000 तथा एक आई20 कार कीमती 6 लाख जुमला कीमत 7 लाख रुपए को जप्त कर कब्जा पुलिस किया गया। आरोपी बृजेश कछुवाहा पिता मुरारी लाल कछुआ उम्र 34 साल साकिन पुराना बस स्टैंड के पास बिलासपुर थाना सिविल लाइन जिला बिलासपुर के विरुद्ध अपराध धारा सबूत पाये जाने पर कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। पुलिस अधीक्षक ने इस बेहतर और प्रभावी कार्यवाही के लिए ज़िले के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर एवं ग्रामीण तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कोटा नूपुर उपाध्याय थाना प्रभारी रजनीश सिंह, एसीसीयु प्रभारी राजेश मिश्रा और स्टाफ़ की सराहना की है।

## बच्ची से दुष्कर्म मामले को लेकर लोधी समाज में आक्रोश

### सिरगिट्टी थाने का मामला, अपराधी के खिलाफ कार्रवाई की मांग

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** प्रदेश अध्यक्ष लोधी समाज छत्तीसगढ़ घनश्याम वर्मा विगत दिनों हुए घटना सिरगिट्टी थाना के अंतर्गत नाबालिग बच्ची लोधी को अपहरण कर अपने घर के बाथरूम मे उनके साथ बलात्कार किया और बाद मे उसकी निर्मम हत्या किया गया। समाज ने आरोप लगाया की आरोपी प्रियांशु यादव के चाचा शंकर यादव इस घटना के षड्यंत्र में शामिल है। वर्मा ने सिरगिट्टी थाना पहुंचकर प्रशासन से अनुरोध किया है कि इस घटना सख्त कार्रवाई करते हुए फांसी की सजा दी जाए। प्रशासन द्वारा आरोपियों के खिलाफ एआईआर कर 302, 376, 201, 34, 04, 06, 10 पासको एक्ट मे अपराध पंजीकृत कर कार्यवाही कर रहे हैं।। प्रदेश लोधी समाज द्वारा प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ उक्त धाराओं के अतिरिक्त 363, 366, 120 धाराओं को और जोड़ा जाए।

जिला पंचायत सदस्य जागेश्वरी वर्मा ने प्रशासन को बताएं कि लगातार बिलासपुर क्षेत्र में ऐसी जघन्य अपराध घट रही है, जिससे क्षेत्र में आक्रोश है। बच्चियां घर से निकलने से डर रही है। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई करते हुए फांसी की सजा दी जाए। प्रदेश अध्यक्ष घनश्याम वर्मा ने पीड़िता मृतक बच्ची के परिवारजनों को सहानुभूति देते हुए कहा की पूरे प्रदेश लोधी समाज परिवार के साथ है । समाज की बेटी को इंसाफ दिलाएंगे। घनश्याम वर्मा ने शासन से माँग किया परिवार के किसी एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दिया जाए साथ शासन द्वारा परिवार को 10 लाख का मुआवजा दिया जाए। इस दौरान युवा प्रदेश अध्यक्ष सुरेश सिंगौर, बिलासपुर जिला अध्यक्ष यमुना वर्मा सहित समाज के लोग शामिल थे।

## नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म दो गिरफ्तार, एक फरार

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** जिले में गैंगरेप का सनसनीखेज मामला सामने आया है। तीन युवकों ने नाबालिग लड़की से गैंगरेप की घटना को अंजाम दिया है। जानकारी के मुताबिक तीन युवकों ने पहले नाबालिग लड़की का अपहरण किया उसके बाद उससे सामूहिक दुष्कर्म किया। घटना की शिकायत मिलते ही पुलिस मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में पुलिस जुट गई है जहां से दो युवकों को गिरफ्तार कर लिया गया है। वही एक मुख्य आरोपी फरार है। मामला कोतवाली थाना क्षेत्र का है पीड़िता 16 साल की नाबालिग है जो एक दुकान में काम करती है। बीती रात लगभग 9.30 बजे वो दुकान से काम करके घर लौट रही थी तभी तीन युवक बाइक पर सवार होकर आए और नाबालिग को बाइक पर बैठाकर सुनसान इलाके में ले गए। जहां आरोपियों ने उसके साथ रेप किया। दूसरे दिन सुबह लड़की को वापस लाकर छोड़कर फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित नाबालिग लड़की ने इस पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी जहां नाबालिग लड़की अपने परिजनों के साथ कोतवाली थाना शिकायत करने पहुंची। नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के मामले को पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए मामले में आरोपियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कर आरोपियों की खोजबीन शुरू की जहां इस घटना में शामिल दो नाबालिग लड़कों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वही एक बालिग मुख्य आरोपी अब भी फरार है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही तीसरे आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पूरे घटनाक्रम की जांच पड़ताल कोतवाली पुलिस कर रही है। वहीं पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह इस मामले में लगातार जानकारी ले रहे हैं।

**राजनीति** | पूर्व मंत्री डॉ. बांधी के साथ भाजपा सांसद प्रत्याशी साहू ने किया मल्हार व मस्तूरी में जनसंपर्क

# मोदी की गारंटी पर है जनता को भरोसा : डॉ. बांधी

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** भाजपा से बिलासपुर लोकसभा क्षेत्र के उम्मीदवार तोखन साहू ने मंगलवार विधानसभा मस्तूरी के मल्हार व मस्तूरी के विभिन्न स्थानों पर नुक्कड़ सभा और जनसंपर्क कर जनता से समर्थन मांगा। साथ ही लोगों को मोदी सरकार के दस वर्षो की उपलब्धियों से साझा करते हुए कहा कि नारी की सुरक्षा, सम्मान और उन्नति के लिए सबसे ज्यादा कार्य पीएम मोदी ने किया है। उन्होंने सदन में नारी शक्ति वंदन अधिनियम बिल, उज्जवला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदन योजना, मुस्लिम महिलाओं के लिए तीन तलाक पर कानूनी पाबंदी, सेना में महिलाओं को परमानेंट कमीशन जैसी अनेक योजनाएं मातृ शक्ति को समर्पित किए हैं। इस कारण लोगों को पीएम मोदी की गांरटी पर भरोसा है। पूर्व मंत्री व मस्तूरी के पूर्व विधायक डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव में ही भरे मंच से आइना दिखा रहे हैं इससे ज्यादा कांग्रेस में और क्या बचा हैज् कांग्रेस के बड़े-बड़े नेताओ के हाथ आबकारी घोटाले मे रंगे है, कांग्रेस से लोगों का मोहभंग हो गया, यहीं कारण है कि कांग्रेस के कार्यकर्ता भाजपा प्रवेश कर रहे है। इस दौरान भाजपा के सांसद प्रत्याशी तोखन साहू सहित पूर्व मंत्री डॉ.कृष्णमूर्ति बांधी, जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, विधानसभा संयोजक बीपी सिंह, जिला मंत्री एस कुमार मनहर, जिला पंचायत सदस्य राजेश्वर भार्गव, दिलेंद्र कौशिल, मल्हार मंडल के अध्यक्ष राज कुमार साहू, महामंत्री रंजीत सिंह, धर्मेन्द्र कोशले, मस्तुरी मंडल के अध्यक्ष विजय अंचल, महामंत्री अजय सिंह, पवन श्रीवास, गतौरा मंडल के अध्यक्ष राजेंद्र राठौर महामंत्री श्याम पटेल, राधेश्याम पटेल, लोहारसी मंडल के अध्यक्ष हरनारायण तिवारी महामंत्री राम साहू आदि सहित बड़ी संख्या में मंडल जिला के भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### जिपं सदस्य भार्गव के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने ली भाजपा की सदस्यता

मल्हार में जनसंपर्क के दौरान जिला पंचायत सदस्य राजेश्वर भार्गव के नेतृत्व में दर्जनों लोगों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों में रामनाथ कैवर्त, गोविंद केवट, अमित केवट, महेश राम केवट, फिरत राम केवट, नरेश कैवर्ट, सूरज कैवर्त, डी आर कैवर्त, बिहारी कैवर्त, जढ़ राम कैवर्त, दुलवा कैवर्त, राज कुमार कैवर्त, राम नारायण कैवर्त, मेहत्तर कैवर्त, सुख साहू, मोहित कैवर्त सुख बाई कैवर्त, गणेशिया कैवर्त, अनुसुइया कैवर्त, बुधवांतीन बाई कैवर्त, मंटोरा कैवर्त सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## न्यूज गैलरी

### होली की भाजपा ने दी शुभकामनाएं

**कांकेर/नवप्रदेश।** भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व विधायक विक्रम उसेंडी, भाजपा जिलाध्यक्ष सतीश लाटिया, विधायक आशा राम नेताम, लोकसभा प्रत्याशी भोजराज नाग, महिला मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष शालिनी राजपूत, जिला महामंत्रीद्वय बृजेश चौहान, दिलीप जायसवाल ने जिलेवासियों को होली कि शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि रंगों के त्यौहार होली धूमधाम और सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएं। आपस में भाईचारा, प्रेम बनाए रखे। यह त्योहार पिछले दुखों को भूलने और माफ करने और नए दोस्त बनाने और पुराने लोगों के साथ रिश्तों को मजबूत करने का भी समय है। होली के खेल में खतरनाक या हानिकारक रंगों का उपयोग करना स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है। ऐसे रंगों का उपयोग करने से क्षति हो सकती है और त्वचा को प्रभावित कर सकता है। इसलिए, होली के खेल में सुरक्षित और प्राकृतिक रंगों का ही उपयोग करें।

### हर्षोल्लास के साथ मनी होली

**नगर पिपरिया/नवप्रदेश।** नगर -पिपरिया में को शुभ मुहूर्त में होलिका दहन किया गया । वही दुसरे दिवस रंगोत्सव-बसंतोत्सव का पावन पर्व बड़े हर्षोल्लाष एवं धूमधाम से मनाया गया है जिसमें बच्चे,युवा ,बड़े बुजुर्गुओ ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली खेली एवं होली पर्व की बधाई दिये ।रंग- गुलाल खेलने का सिलसिला प्रातःकाल से प्रारंभ हो चुका था जो कि देर शाम तक चलता रहा ।चौक -चौराहों में ढोल -नगाड़े बजाते हुए जमकर फागगीत भी गाये गये ।रंग -गुलाल की दुकाने भी सजी रही जहाँ नये जमाने की पिचकरियाँ एवं तरह-तरह के मुखौटे,बच्चो को खूब लुभा रही थी जिसे लोगों द्वारा जमकर खरीददारी की गयी दोपहर भगवान श्रीजगन्नाथ महाप्रभु की रथयात्रा निकाली गई जहाँ जगह -जगह श्रृद्धालुओ द्वारा श्रद्धा- भक्ति से पूजा -अर्चना की गई इस प्रकार आनंद- खुशी का होली पर्व प्रसन्नता के साथ मनाया गया ।

# जगदलपुर की महापौर ने भाजपा का दामन थामा

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव को लेकर नाराज नेताओं को घर-घर मनाने पहुंच रही है। इस बीच कांग्रेस पार्टी की नाराज नेता और जगदलपुर की महापौर सफिरा साहू कांग्रेस पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हो गई है। जगदलपुर की महापौर का बीजेपी में शामिल होना प्रदेश प्रभारी सचिन पायलेट की मुहम को बड़ा झटका भी है।

बस्तर लोकसभा सीट पर पहले चरण में मतदान होना है। जहां एक तरफ बस्तर सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी चुनाव प्रचार में लगे हुए हैं तो वहीं दूसरी तरफ जगदलपुर की महापौर सफिरा साहू ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता ले ली है। कांग्रेस पार्टी को चुनाव से पहले जगदलपुर से यह पहला बड़ा झटका लगा है। सीएम साय ने भाजपा का गमछा पहनाकर कराया प्रवेशः मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय समेत उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा और अरूण साव 27 मार्च को जगदलपुर में सभा को सम्बोधित करने पहुंचे थे। जहां जगदलपुर की महापौर सफिरा साहू ने अपने कार्यकर्ताओं के साथ मुख्यमंत्री के सामने भाजपा में शामिल हो गई हैं। कांग्रेस से भाजपा प्रवेश करने वालों में कांग्रेस सरकार में युवा आयोग के सदस्य रहे अजय सिंह ने भी भाजपा का दामन थाम लिया है।

**बस्तर में प्रत्याशी का नामांकन दाखिल करने पहुंचे थे भूपेश बघेल**

वहीं दूसरी तरफ लोकसभा चुनाव को लेकर बस्तर सीट से कांग्रेस के प्रत्याशी कोंटा से 6 बार के विधायक कवासी लखमा भी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मौजूदगी में नामांकन दाखिल करने पहुंचे हुए थे। कांग्रेस प्रत्याशी के नामांकन वाले दिन बड़े नेताओं की जगदलपुर में मौजूदगी के बावजूद जगदलपुर की महापौर के भाजपा प्रवेश से कांग्रेस को बड़ा झटका लगा है।

### सार्वजनिक स्थानों पर लगाए गए मतदाता जागरूकता पोस्टर

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में मतदान के प्रतिशत बढ़ाने और मतदाता जागरूकता हेतु सामान्य स्वीप गतिविधियों के आयोजन के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल ने आवश्यक दिशा-निर्देश दिये है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने गरियाबंद जिले में लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से स्वीप कार्ययोजना अंतर्गत मतदाता जागरूकता से संबंधित स्वीप गतिविधियों का संचालन करने के निर्देश दिए गए हैं।

## कांग्रेस में बीजेपी के स्लीपर सेल सक्रिय: भूपेश बघेल

**शासकीय राशन दुकानों से पीएम मोदी तस्वीर वाली थैलियां बांटी जा रही**

**जगदलपुर/नवप्रदेश।** पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने एक बार फिर बीजेपी पर हमला बोला है। बस्तर लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा के खिलाफ एफआईआर दर्ज होने के बाद भूपेश बघेल ने बीजेपी पर हमला बोला है। भूपेश बघेल के मुताबिक शासकीय दुकानों में पीएम नरेंद्र मोदी की तस्वीर वाली थैलियां बांटी जा रही है। लेकिन तब आचार संहिता उल्लंघन का मामला नहीं बनता। भूपेश बघेल ने इस दौरान बीजेपी प्रत्याशी को बलि का बकरा बताया। शासकीय दुकानों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर लगे थैले बांटे जा रहे हैं। शासन प्रशासन बीजेपी के दबाव में काम कर रही है। डबल इंजन की सरकार में कांग्रेसियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। कवासी लखमा से जुड़ा वीडियो कब का है। इसकी जांच होनी चाहिए.बलि का बकरा कवासी लखमा को नहीं बल्कि बीजेपी प्रत्याशी को बनाया गया है। बीजेपी प्रत्याशी को बस्तर में कोई नहीं जानता। कांग्रेस प्रत्याशी कवासी लखमा बस्तर के सीनियर लीडर हैं। 6 बार के विधायक हैं। सभी लोग उन्हें जानते हैं। वे एक मजबूत चेहरा हैं। बीजेपी प्रत्याशी को बीजेपी के नेता ही नहीं जानते,तो बस्तर की जनता क्या जानेगी। " हमारी सरकार बनने के बाद हमने बैलेट पेपर से नगरीय निकाय चुनाव कराए थे। क्योंकि हमको ईवीएम पर भरोसा नहीं था। नियम ये कहता है कि जो इलेक्शन कमीशन का सर्कुलर है,जो स्पष्ट लिखा है कि यदि किसी लोकसभा क्षेत्र में 384 यदि नामांकन होते हैं,तो वहां बैलेट पेपर से चुनाव होगा। तो जो ये कहते हैं कि ईवीएम में धांधली हुई है,उनके लिए हमने रास्ता बताया कि ये रास्ता है. " भूपेश बघेल, पूर्व सीएम छग शिवनारायण द्विवेदी को बताया बीजेपी का स्लीपर सेल : आपको बता दें कि कांग्रेस नेता शिवनारायण द्विवेदी ने एआईसीसी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर बस्तर से प्रत्याशी बदलने की मांग की थी। कवासी लखमा की जगह किसी और प्रत्याशी को टिकट देने का आवेदन किया था। जिस पर पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने जवाब दिया है। भूपेश बघेल ने तंज कसते हुए कहा कि शिवनारायण द्विवेदी बीजेपी में थे,वो कांग्रेस में कब शामिल हुए ये तो पता नहीं था। बीजेपी के स्लीपर सेल सक्रिय हैं। इस तरह से माहौल बनाने का काम किया जा रहा। लेकिन लोग बीजेपी की रणनीति समझ चुके हैं। पूर्व सीएम भूपेश बघेल के अनुसार लोकसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह है।

सभी लोग एकजुट होकर

## दुधावा के ग्रामीणों ने जलाशय निर्माण की मांग का विधायक को सौंपा ज्ञापन

**ईई का हो चुका है तबादला फिर भी नहीं छूट रहा कुर्सी का मोह**

**कांकेर/नवप्रदेश।** जिले के दुधावा परिक्षेत्र अंतर्गत ग्राम बासनवही के ग्रामीण अपनी वर्षो पुरानी एकमात्र मांग जलाशय निर्माण को लेकर कांकेर विधानसभा के विधायक आशा राम नेताम के पास अपनी फरियाद लेकर कार्यालय पहुंच कर मांग बुलंद की।

इसके साथ ही ग्राम पंचायत बासनवाही में विधुत उपकेन्द्र हेतु भी आवेदन सौंपा जिसमें बताया गया है कि बासनवाही में उप केन्द्र हेतु जमीन चिन्हांकित किए जाने के बावजूद अभी तक ध्यान नहीं दिया जा रहा है, उल्टे दूसरे पंचायत में बनाये जाने हेतु चिन्हांकित किया जा रहा है ऐसा प्रतीत हो रहा है। बताते चलें ग्राम पंचायत बासनवाही क्षेत्र में कई पीढ़ी से लगातार बांध निर्माण को लेकर मांगे उठ रही हैं। क्षेत्र में कोई भी जल का स्त्रोत नहीं होने के चलते भूजल स्तर गिरते जा रहा है। किसान आज भी कृषि करने में जल के बिना लाचार दिख रहे हैं। बांध निर्माण से समूचे कांकेर विधानसभा क्षेत्र में जल की आपूर्ति की जा सकती है। इसको लेकर बासनवही के ग्रामीण कांकेर विधायक आसाराम नेताम को ज्ञापन सौंप कर अपनी समस्या से अवगत कराया। इस पर विधायक ने जल्द से जल्द कार्य पूरा करने का आश्वासन दिया और कहा कि बासनवही क्षेत्र में बांध निर्माण कराना उनकी पहली प्राथमिकता है जो कि पिछले 40 से भी ज्यादा वर्ष से समस्या बनी हुई है। दुधावा नहर लाइनिंग का टेंडर प्रक्रिया पूर्णः कांकेर विधानसभा के विधायक आशाराम नेताम के अथक प्रयासों से करीब 17करोड़ की लागत से नहर लाइनिंग का निर्माण कार्य का टेंडर प्रक्रिया पूर्ण हो चुका है।

## पैराडाइज स्कूल में हुआ वार्षिक पालक सम्मेलन और ग्रेजुएशन सेरेमनी

**कांकेर/नवप्रदेश।** पैराडाइज हायर सेकेण्ड्री सी.बी.एस.ई. स्कूल में वार्षिक पालक सम्मेलन एवं गेजुएशन सेरेमनी का आयोजन किया गया। इसमें प्री प्राईमरी से मीडिल स्कूल के छात्र-छात्राएं अपने पालकों के साथ उपस्थित हुए । जिसमें बच्चों की वार्षिक प्रोग्रेश रिपोर्ट प्रदान कर उन्हें अगली कक्षाओं के लिए प्रमोटे किया गया। इस अवसर पर बच्चों द्वारा बनाये गये मॉडल एवं प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगाई गई। कार्यक्रम का प्रारंभ प्राचार्य रश्मि रजक सभी शिक्षक, छात्र छात्राओं एवं पालकों की उपस्थिति में माता सरस्वती की पूजा अर्चना एवं वंदना से की गई। अगली कक्षा में प्रवेशित होने वाले सभी छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहन एवं आशीर्वाद प्रदान किया गया । जिससें छात्र-छात्राओं की अध्ययन अध्यापन में अधिक रूचि उत्पन्न हो एवं एक आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा प्राप्त करें। इस वार्षिक पालक सम्मेलन में प्रत्येक छात्राओं के सर्वांगीण विकास की चर्चा करते हुए अगली कक्षाओं की तैयारी एवं कार्य योजना आदि के बारे में बतायी गई। जिसके फलस्वरूप 1 अप्रैल से प्रारंभ होने वाले नये शिक्षण सत्र के लिए छात्र- छात्राएं अति उत्साहित हैं। पैराडाइज स्कूल शिक्षा के क्षेत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। जिससे पढ़ने वाले कांकेर अंचल छात्र-छात्राएं अपना उज्जवल भविष्य का निर्माण कर रहे हैं। इस अवसर पर पालको एवं छात्र छात्राएं के लिए सभी विषयों के मॉडल एवं प्रोजेक्ट की प्रदर्शनी लगायी गई जिसमें प्री प्राईमरी से हाईस्कूल तक के छात्र-छात्राओं द्वारा विभिन्न प्रकार के सांईस, मैथस, कम्प्यूटर, सभी भाषाओं एवं विषयों के वर्किंग मॉडल एवं प्रोजेक्ट बनाये गये थे।

## मनरेगा श्रमिकों को दिलाई मतदान की शपथ

**कांकेर/नवप्रदेश।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के निर्देश पर जिला पंचायत के सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारी सुमित अग्रवाल के मार्गदर्शन में मंगलवार 26 मार्च को चारामा विकासखंड के ग्राम बारगरी में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। स्वीप के तहत ग्राम पंचायत बारगरी में आयोजित कार्यक्रम में मनरेगा के तहत कार्य कर रहे श्रमिकों को मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए उन्हें जागरूक किया गया। साथ ही आगामी लोकसभा निर्वाचन में मतदान दिवस के दिन अनिवार्य रूप मतदान करने हेतु जनपद पंचायत के सीईओ ने शपथ भी दिलाई गई।

## धनेलीकन्हार मंडल में होली मिलन

**कांकेर/नवप्रदेश।** ग्राम पंचायत कोदागांव में भाजपा मंडल धनेलीकन्हार ने बड़े उत्साह के साथ होली मिलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें वरिष्ठ एवम प्रबुद्ध सेवानिवृत सहित आमंत्रित आगंतुक अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरुआत की। होली मिलन समारोह में समस्त अतिथियों का गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दी गई। कार्यक्रम के उद्देश्य को बताते हुए सेवानिवृत प्रधान अध्यापक एस.आर कोरटिया ने कहा कि होली पर भाईचारा आपसी मन मुटाव त्याग कर ,हिंदुत्व की पहचान के साथ हमें आगे बढ़ कर कार्य करना चाहिए और आने वाले युवा पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक धरोहर को संजोए रखे ये हमारी आने वाली भविष्य के लिए आने वाले पीढ़ी के लिए अति आवश्यक है। सेवानिवृत प्राचार्य एस.आर साहू ने कहा कि असत्य पर सत्य की जीत का पर्व है। हिंदू धर्म में हमें विविध प्रकार के त्योहार मनाने का सौभाग्य प्राप्त होता है।

इस अवसर पर सेवानिवृत एच.के.साहू एस.आर. कोरटिया हरीश साहू भावेश आरदे एस.आर.साहू पुसऊ निषाद डोरेलाल साहू नरेंद्र दीपक चुमेश पटेल और प्रकाश आदि मौजूद थे। आभार व्यक्त प्रदेश संगठन मंत्री सरपंच संघ ,भाजपा मंडल अध्यक्ष सरपंच पंचू राम नायक ने की। उन्होंने होली की बधाई देते हुए श्री फल शाल के साथ सभी अतिथियों का स्वागत किया। ग्राम स्तर पर वाचनालय की शुरुआत करने का आश्वासन श्री नायक ने दिया। सभी सेवा निवृत शिक्षकों की सहमति से नायक के नेतृत्व में कमिटी गठित कर शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में काम करने की पहल की गई।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

**कांग्रेस की जमानत जप्त...**

प्रत्याशी कवासी लखमा ने पूर्व सीएम भूपेश बघेल और पीसीसी चीफदीपक बैज की मौजूदगी में पर्चा दाखिल किया। इसके बाद लाल बाग मैदान में नामांकन सभा आयोजित की गई। इस दौरान पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि बीजेपी की वजह से लोकतंत्र पर खतरा बना हुआ है।

**बीजेपी लोकतंत्र खत्म...**

नहीं कर रहा हूं। विवाद को लेकर उन्होंने कहा- ओ अधिकारी जी...। सभा को संबोधित करते हुए पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा की बीजेपी सरकार ने छत्तीसगढ़ को अपराध का गढ़ बना दिया है। वहीं, केंद्र में बैठी सरकार ईडी और सीबीआई के जरिए कार्रवाई कर ईमानदार लोगों को डराने का काम कर रही है।

कवासी बोले- मैं नहीं कांग्रेस पार्टी चुनाव लड़ रही

कवासी लखमा ने नामांकन रैली में कहा कि, मैं यह कहने आया हूं कि मैं चुनाव नहीं लड़ रहा, कांग्रेस पार्टी लड़ रही है। मुझे टिकट क्यों मिला, मैंने तो टिकट नहीं मांगा था।

**नक्सली डिप्टी कमांडर...**

एक नक्सलियों के प्लाटून नम्बर 10 का डिप्टी कमांडर नागेश और उसकी पत्नी सोनी शामिल हैं। वहीं हथियारों में दो पिस्टल, दो भरमार बंदूक बरामद होने की खबर है। मामले में प्रदेश के डिप्टी सीएम विजय शर्मा ने बताया कि 6 नक्सलियों के शव बरामद कर लिये गए हैं। होली के दिन बासागुड़ा पुसबाका मार्ग पर तीन ग्रामीणों की कुल्हाड़ी से वार कर हत्या किए जाने की खबर के बाद पुलिस की टीम सर्चिंग पर निकली थी। इस दौरान मुठभेड़ हुआ। इसमें पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है।

**देशभर में ईडी...**

हैं। साथ ही 47 संबंधित बैंक खाते भी फ्रीज कर दिये गये हैं।

सिंगापुर की कंपनियों को भेजे गए 1800 करोड़

कंपनी के निदेशकों और साझेदारों संदीप गर्ग, विनोद केडिया के कुछ ठिकानों पर भी छापेमारी की गई। इनमें लक्ष्मीटन मैरीटाइम, हिंदुस्तान इंटरनेशनल, राजनंदिनी मेटल्स लिमिटेड, स्टीवर्ट अलॉयज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड शामिल हैं। लिमिटेड, भाग्यनगर लिमिटेड, विनायक स्टील्स लिमिटेड, वशिष्ठ कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड शामिल है।

**जेल में रेड, कैदियों के बैरक में ...**

अनावश्यक खाने के सामान को बरामद किया गया। इस दौरान डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट और पुलिस अधीक्षक ने जेल अधिकारी-कर्मचारियों को सजग होकर ड्यूटी करने और किसी भी तरह की लापरवाही न बरतने हिदायद दी गई।

**अमेरिकी विदेश विभाग के बयान पर...**

कड़ी आपत्ति जताते हैं। कूटनीति में, देशों से दूसरों की संप्रभुता और आंतरिक मामलों का सम्मान करने की अपेक्षा की जाती है। मित्र लोकतंत्रों के मामले में यह जिम्मेदारी और भी अधिक है। अन्यथा यह 'अस्वास्थ्यकर' मिसाल कायम कर सकता है।

**पार्टी में शामिल कर जता दिया...**

खोखला : उन्होंने प्रश्न किया क्या मोदी सरकार अपने इस कदम से भ्रष्टाचार को ख़त्म करने के दावों को खोखला करार नहीं कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हमेशा कहते हैं- मैं 'जनता-जनार्दन' के लिए खुद को खपा रहा हूं। वह जनता के लिए खपते कभी नहीं दिखे लेकिन जनार्दन रेड्डी के लिए खपते हुए जरुर दिख रहे हैं।

**मौजूदा स्थिति और भविष्य की...**

बनाने के उद्देश्य से सेवा कर्मियों के कल्याण से संबंधित मुद्दे भी शामिल होंगे। इसके बाद सेना प्रमुख की अध्यक्षता में सेना समूह बीमा की निवेश सलाहकार समिति की बैठक होगी, जिसमें वित्तीय प्रबंधन क्षेत्र के कई विशेषज्ञ भाग लेंगे। यह समिति सेवारत सैनिकों, पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की वित्तीय सुरक्षा के लिए विभिन्न कल्याणकारी उपायों और योजनाओं के बारे में विचार-विमर्श करेगी। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह दो अप्रैल को कमांडरों के साथ बातचीत करेंगे और उन्हें संबोधित करेंगे। प्रमुख रक्षा अध्यक्ष जनरल अनिल चौहान, नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरि कुमार और वायु सेना प्रमुख एयर चीफमार्शल वी आर चौधरी भी कमांडरों को संबोधित करेंगे। कार्यक्रम में रक्षा सचिव और रक्षा मंत्रालय के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल होंगे।

**केजरीवाल कोर्ट में बताएंगे...**

श्री केजरीवाल ने उनसे कहा कि इस कथित शराब घोटाले की जांच में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पिछले दो साल में 250 से ज्यादा छापेमारी की। अभी तक किसी भी छापेमारी में एक भी पैसा नहीं मिला है। ईडी ने मनीष सिसोदिया के यहां छापेमारी की, संजय सिंह के यहां छापेमारी की लेकिन एक भी पैसा नहीं मिला। उन्होंने कहा कि ईडी ने हमारे यहां भी छापेमारी की, उन्हें मात्र 73 हज़ार रुपये मिले तो इस घोटाले का पैसा हैं कहां? सुनीता केजरीवाल के अनुसार श्री केजरीवाल इसका खुलासा 28 मार्च को अदालत के सामने करेंगे। वह सारे देश को सच बताएंगे कि इस तथाकथित शराब घोटाले का पैसा कहां है? इसका सबूत भी दिया जाएगा।

## राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में हुआ ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन

**कांकेर/नवप्रदेश।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के तहत् आगामी 26 अप्रैल को मतदान किया जाएगा। इसके लिए आज जिले में स्थित तीनों विधानसभा क्षेत्र अंतागढ़, भानुप्रतापपुर और कांकेर के मतदान केन्द्रों में भेजे जाने वाली ईव्हीएम मशीनों के प्रथम चरण का रेंमाइजेशन जिला कार्यालय के सभा कक्ष में सम्पन्न हुआ। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह के द्वारा विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में रेंडमाइजेशन का कार्य सम्पन्न हुआ। गौरतलब है कि जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के सभी 727 मतदान केन्द्रों में ईव्हीएम मशीन के माध्यम से वोटिंग हेतु रैण्डमाइजेशन किया गया। इनमें अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-79 में 221 मतदान केन्द्र, भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-80 में 266 और कांकेर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक-81 में 240 मतदान केन्द्र स्थापित किए गए हैं। आज सुबह 11 बजे ईव्हीएम मशीनों का किए गए रैण्डमाइजेशन के उपरांत अंतागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए 271-271 कंट्रोल एवं बैलेट यूनिट और 346 व्हीव्हीपैट का रेंडमाइज हुआ। इसी तरह भानुप्रतापपुर विधानसभा क्षेत्र हेतु 327-327 कंट्रोल एवं बैलेट यूनिट तथा 417 व्हीव्हीपैट और कांकेर विधानसभा क्षेत्र के लिए 295-295 कंट्रोल एवं बैलेट यूनिट के अलावा 376 व्हीव्हीपैट मशीनों का रेंडमाइजेशन राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

## लमती विद्यालय में होली पर हुआ पर्यावरण जागरूकता संदेश

**भाटापारा/नवप्रदेश।** शासकीय प्राथमिक विद्यालय लमती में विद्यार्थियों द्वारा इस होली पर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया। विद्यार्थियों द्वारा अपने हाथों में पोस्टर लेकर पर्यावरण जागरूकता का संदेश दिया गया। सहायक शिक्षक कन्हैया साहू %अमित% के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों ने पानी बचाने तथा हरे पेड़ों को न काटने की अपील की। होली के इस पावन पर्व पर पानी के महत्व को समझाते हुए पोस्टर पर छत्तीसगढ़ी में लिखा गया ÷सूक्खा रंग लगाना हे, पानी हम ला बचाना हे।÷ इसी के साथ हरित पर्यावरण हमारे लिए अत्यंत आवश्यक है। इस बात को रेखांकित करते हुए कहा गया ÷ हरियर रुख झन काटहू, छेना होरी मा डारहू।÷ विद्यार्थियों ने अपनी पोस्टर में यह भी लिखा था ÷रंग मया के डारहू, झगरा-झंझट ला टारहू।÷ साथ ही साथ ÷ पानी हे ता जिनगानी हे।÷ और ÷पानी हमूँ बचाबो, सूक्खा रंग लगाबो।÷ इस तरह प्राथमिक विद्यालय लमती के विद्यार्थियों ने इस रंगपर्व में जल संरक्षण एवं पर्यावरण जागरूकता के संदेश खेल-खेल में दिए। इसके लिए प्रधानपाठक मुकेश वर्मा और सहायक शिक्षक तिरिथ बाँधे ने सराहनीय भूमिका निभाई।

## कलेक्टर ने निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण इकाइयों की बैठक लेकर दिए निर्देश

- **नकदी सहित आभूषणों, मदिरा, सामानों के अवैध परिवहन पर रहेगी निर्वाचन आयोग की पैनी नजर : कलेक्टर**

**कांकेर/नवप्रदेश।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अभिजीत सिंह ने मंगलवार 26 मार्च को लोकसभा निर्वाचन-2024 की तैयारी को लेकर निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण इकाइयों की बैठक ली। उन्होंने बैठक में कहा कि आगामी लोकसभा निर्वाचन शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए ईईएम की इकाई पूरी सजगता के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस दौरान नकदी, आभूषण सहित विभिन्न प्रकार के अवैध लेन-देन व परिवहन पर टीमें सतत् व सघन निगरानी करें।

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में सुबह 11.00 बजे से आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा पुलिस विभाग एवं वन विभाग के अधिकारियों से किसी भी प्रकार के अवैध परिवहन को रोकने के लिए अंतर्राज्यीय एवं अंतरजिला सीमाओं पर पुलिस, वन विभाग एवं राजस्व विभाग के चेकपोस्ट में कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए। मुख्यमार्ग के साथ-साथ ऐसे अंदरूनी इलाके जहां से अंतर्जिला की सीमा लगी हो, पर फ्लाइंग स्क्वॉड की टीमें लगातार निगहबानी करें। उन्होंने सभी एफएसटी दलों के प्रतिदिन की रिपोर्टिंग प्रस्तुत करने के निर्देश अपर कलेक्टर एस. अहिरवार को दिए।

इसी तरह आबकारी विभाग को अवैध शराब बिक्री, परिवहन व भण्डारण पर रोक लगाने के साथ-साथ मदिरा दुकानों में भी होने वाली बिक्री की नियमित मॉनिटरिंग कर स्टॉक रजिस्टर का मिलान करने व संदिग्ध लेन-देन का परीक्षण करने के लिए जिला आबकारी अधिकारी को निर्देशित किया। जिला निर्वान अधिकारी ने बैठक में एफएसटी व एसएसटी दलों के संबंध में कहा कि वे किसी से शिकायत मिलने का इंतजार न करके निर्वाचन क्षेत्रों में लगातार दौरा कर सतत् निगरानी करते रहें और प्रतिदिन रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

कलेक्टर ने सभी चेकपोस्ट में स्थैतिक निगरानी एवं उड़नदस्ता दल द्वारा की जाने वाली सभी कार्यवाहियों की वीडियो रिकार्डिंग सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही निरीक्षण दल यह भी प्रयास करने के लिए निर्देशित किया कि अधिक से अधिक लोकेशन कव्हर हो जाएं।

दस लाख से अधिक लेनदेन की दे जानकारीः इसके अलावा बैठक में यह बताया गया कि किसी भी बैंक खाते से 10 लाख रूपए से अधिक नकदी एवं सामान के परिवहन की जानकारी मिलने पर तत्काल आयकर विभाग के संज्ञान में लाया जाकर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

## न्यूज गैलरी

### पुलिस चेकिंग में बरामद हुई लाखों की चांदी

रायपुर/नवप्रदेश। वाहन चेकिंग के दौरान लाखों रूपये की चांदी की सिल्ली जब्त की गई है। मामले का खुलासा करते पुलिस ने बताया कि थाना मंदिर हसौद क्षेत्रांतर्गत स्थित टोल नाका पास थाना मंदिर हसौद पुलिस एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की संयुक्त टीम द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही थी। इसी दौरान एक कार को चेक करने पर कार में चांदी की सिल्ली रखा होना पाया गया। टीम के सदस्यों द्वारा कार में सवार व्यक्ति से चांदी की सिल्ली के संबंध में पूछताछ करने एवं परिवहन करने के संबंध में वैध दस्तावेज की मांग करने पर उसके द्वारा चांदी की सिल्ली के संबंध में किसी प्रकार का कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं किया गया।

### यातायात नियमों का उल्लंघन 188 चालकों का लायसेंस निलंबित

कोरबा-रायपुर/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर विशेष अभियान चलाकर थाना/चौकी के मुख्य मार्ग, चौक चौराहों पर पेट्रोलिंग किया गया। इसी कड़ी में थाना चौकी एवं यातायात के द्वारा ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त से सख्त कार्यवाही करने का निर्देश दिया गया जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय यूबीएस चौहान एवं नेहा वर्मा के पर्यवेक्षण में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारी थाना/चौकी एवं यातायात के द्वारा लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही किया गया है। लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही करते हुए कुल 188 लोगों पर किया गया इनमें शराब पीकर वाहन चलाना- 134,ओवर स्पीड वाहन चलाना- 16, बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाना- 32, धारा 304 भादवि के तहत- 06 प्रकरणों पर कार्यवाई की गई। कोरबा पुलिस के अधिकारी एवं कर्मचारियों के द्वारा पेट्रोलिंग किया गया, पेट्रोलिंग के दौरान मुख्य चौक चौराहा एवं भीड़भाड वाले इलाकों में जाकर पैट्रोलिंग किया गया गलत तरीके से वाहन चलाने वाले एवं ओवर स्पीड वाहन चलने वाले पर पुलिस के द्वारा कार्यवाही किया गया।

### सैय्यद रजा ने प्रदेशवासियों को होली पर्व की दी बधाई

रायपुर/नवप्रदेश। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा छत्तीसगढ़ के पूर्व प्रदेश मंत्री सैय्यद रजा ने प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने सभी नागरिकों के जीवन में सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि होली रंगों का त्यौहार है, यह लोगों के जीवन में उल्लास के रंग भर देता है और खुशहाली लाता है। यह त्यौहार, सांस्कृतिक एकता को मजबूती प्रदान करता तथा समाज में भाई-चारे एवं समरसता की भावना को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि रंगों के इस पर्व को लोग आपस में मिल-जुल कर मनाएं।

### ड्राइवर को झपकी आने से कार पेड़ से टकराई, 6 घायल

जगदलपुर/नवप्रदेश। शांतिनगर में रहने वाले परिवार होली का पर्व मनाकर अपने घर वापस लौट रहे थे, इसी दौरान ड्राइवर को अचानक से झपकी आने से कार पेड़ से जा टकराई, इस हादसे में कार में सवार सभी लोग घायल हो गए, जिन्हें उपचार के लिए मेकाज में भर्ती किया गया, वहीं कुछ को ज्यादा चोट लगने के कारण उन्हें रायपुर रेफर किया गया है। मामले के बारे में परपा थाना प्रभारी दिलबाग सिंह ने बताया कि शांतिनगर निवासी चिंतामणि 20 वर्ष, जयराम 35 वर्ष, तेजस 9 वर्ष, सोनसिला 48 वर्ष, छित्तुरस 32 वर्ष के अलावा अन्य लोग सोमवार को होली मनाने के लिए जगदलपुर से ककनार गये हुए थे, होली मनाकर वापस आने के दौरान परपा थाना से कुछ दूरी पहले रात करीब 11 बजे के लगभग ड्राइवर को अचानक से झपकी आने ड्राइवर ने गाड़ी से अपना नियंत्रण खो दिया और गाड़ी पेड़ में जा टकराई, इस घटना के तत्काल बाद मौके पर पहुँची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए मेकाज में भर्ती कराया, जहाँ से चिन्टूदास को ज्यादा चोट लगने के कारण इसे भी बेहतर उपचार के लिए भर्ती किया गया, कुछ घायलों को ज्यादा चोट लगने के कारण उन्हें रायपुर रेफर किया गया है।

### तालाब में नहाने गए दो बच्चे डूबे

गरियाबंद/नवप्रदेश। जिले में बड़ा हादसा हुआ है। यहां तालाब में नहाने आये 2 बच्चों की डूबने से मौत हो गई है। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। घटना की जानकारी पर ग्रामीण भाग तालाब के पास पहुंचे और बच्चों को बाहर निकाला। हादसा जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र में धवलपुर ग्राम में तालाब में डूबने से 2 बच्चों की मौत हो गई है। बताया गया कि, गांव के 4-5 बच्चे तालाब में नहाने गए थे। तालाब में नहाने उतरे दो बच्चे खिलेंद्र यादव और तुषार यादव तालाब से बाहर नहीं निकल पाए. अन्य बच्चों ने इसकी जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों ने बच्चों को बाहर निकाला मगर तबतक काफी देर हो चुकी थी। दोनों बच्चे खिलेंद्र यादव और तुषार यादव की डूबने से मौत हो गई है।

### ग्राम कोदवा में अखंड नवधा रामायण समारोह का आयोजन

भाटापारा/नवप्रदेश। ग्राम कोदवा निपनिया में प्रति वर्ष की भांति इस इस वर्ष भी 28 मार्च को अखंड नवधा रामायण समारोह का आयोजन शाम 6ः00 बजे आरती के बाद प्रारंभ हो रहा है तथा 05.अप्रैल को मानस गान प्रतियोगिता का आयोजन होगा।जिसमें प्रथम पुरस्कार ?5001 द्वितीय,पुरस्कार 4001 रुपए,तृतीय पुरस्कार 3501 रुपए चतुर्थ पुरस्कार 3001 रुपए पंचम पुरस्कार 2001 रुपए षष्टम पुरस्कार 1001 रुपए सप्तम पुरस्कार 1001 रुपए अष्टम पुरस्कार 701 रुपए है। 6,अप्रैल को सहस्त्र धारा होगा ग्रामवासियों ने सभी मानस मंडली एवं श्रोता समाज से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर भक्तिमय कार्यक्रम का आनंद उठाने की अपील की है।

## राजनांदगांव लोकसभा चुनाव, कवर्धा में बढ़ी चुनावी सरगर्मी

कवर्धा/नवप्रदेश। राजनांदगांव में भाजपा का कब्जा है। कवर्धा के दोनों विधानसभा क्षेत्र से भाजपा ने जीत दर्ज की है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा के संतोष पांडे ने चुनाव में जीत हासिल की थी।

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार के साथ ही प्रदेश का पूरा माहौल बदल चुका है। कहने के लिए कका जिंदा है ट्रेंड कर रहा है।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को राजनांदगांव लोकसभा से कांग्रेस ने प्रत्याशी बनाया है। वहीं भाजपा ने वर्तमान सांसद संतोष पांडे को पुनः टिकट देकर उस पर भरोसा जताया है। संतोष पांडे राष्ट्रीय मुद्दे को लेकर जनता के बीच पहुंच रहे है तो दूसरी ओर भूपेश बघेल स्थानीय मुद्दे को लेकर

जनता से सीधा संवाद कर रहे है। पूर्व सीएम भूपेश बघेल सबसे ज्यादा दौरा कवर्धा विधानसभा का ही कर रहे है। क्योंकि वर्तमान विधानसभा कवर्धा और पंडरिया को मिला कर 65 हजार मतों की खाई को पाटना है। अभी फिलहाल भाजपा कवर्धा और पंडरिया विधानसभा को मिला कर 65 हजार + है। राजनांदगांव लोकसभा जितने कांग्रेसी जी जान से मेहनत कर रहे हैं। भाजपा भी अंतिम व्यक्ति तक पहुंचने का प्रयास कर रही है। कबीरधाम जिले का पंडरिया क्षेत्र बैगा आदिवासी बाहुल है। इसके बाद साहू और कुर्मी आते हैं। ऐसी स्थिति में अब चुनावी रणभूमि में जीत हासिल करने कौन किसे साध रहा है। यह देखने लायक होगा।

## एमसीबी जिले में कायस्थ समाज ने की चित्रगुप्त भगवान की पूजा

■ लोगों ने मनवांछित फल मांगा

मनेन्द्रगढ़/ चिरमिरी/ भरतपुर/ नवप्रदेश। भरतपुर में भगवान चित्रगुप्त की पूजा अर्चना की गई। बुधवार 27 मार्च को कायस्थ समाज के लोगो ने चित्रगुप्त महाराज की आराधना की। इस अवसर पर कई जगहों पर प्रतिमा स्थापित की गई थी। कायस्थ समाज के लोगों ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच कलम, दवात, कॉपी और पुस्तक की पूजा की। इस दौरान कायस्थ समाज ने भगवान चित्रगुप्त से मनवांछित फल मांगा।

क्या है पौराणिक मान्यता ? पौराणिक मान्यता के अनुसार सृष्टि की रचना के बाद ब्रह्माजी काफी चिंतित हुए। ब्रह्माजी की चिंता का कारण ये था कि पूरी सृष्टि की देखरेख करने वाला और लेखा जोखा रखने वाला कोई भी ना था। जब ब्रह्माजी को कोई उपाय नहीं सूझा तो ब्रह्मा ने 12 हजार की अखंड समाधी में लीन होकर तप किया। इस तप के कारण ब्रह्मा के शरीर से एक तेजस्वी बालक का जन्म हुआ। जिसका नाम ब्रह्मा ने कायस्थ रखा। कायस्थ को ब्रह्मा ने सभी जीवों के कर्मों का लेखा जोखा रखने का काम सौंपा। युवावस्था में कायस्थ का विवाह इरावती और शोभावती नामक कन्याओं से हुआ।

कायस्थ की प्रथम पत्नी से चार और द्वितीय पत्नी से आठ पुत्र

## मतदान के लिए फोटोयुक्त दस्तावेज होंगे मान्य

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने बताया कि छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए हैं। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबा साहेब कंगाले ने कहा कि यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा - आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे। प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

### शहर से लेकर गांवों तक बिखरा होली का उत्साह

खैरागढ़/नवप्रदेश । होली की खुशियां शहर और गांवों से लेकर सुरक्षा मे तैनात जवानों के कैम्पो मे भी जमकर छलकी । वनांचल के ग्राम कटेमा मे तैनात आईटीबीपी के जवानो ने ग्राम वासियों संग होली का पर्व मनाया । 40वीं वाहिनी आईटीबीपी कटेमा स्थित कैम्प के जवानों ने ग्रामवासियों संग होली का त्योहार बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया । होली के अवसर पर ग्रामीणों ने नए कैम्प में आकर जवानों संग होली खेली और परंपरागत ढोल नृत्य एवं फाग गीतों से समा बाँधा । इलाके में नया कैम्प खुलने के बाद से आईटीबीपी द्वारा अनेक कल्याणकारी योजनाएं सिविक एक्शन, मेडिकल और वेटनरी कैम्प, नशामुक्ति शिविर, ग्रामीणों की मुश्किल वक्त पर सहायता, 24 घण्टे चिकित्सा सहायता इत्यादि सेवाएं मुहैया करवाई जा रही हैं ग्रामीणों ने इस दौरान बताया गया कि कैम्प के खुलने से ग्रामीण भयमुक्त हैं । ग्रामीणों ने होली पर्व पर जवानों और अधिकारियों को पर्व की बधाई देते बेहतर कार्य की शुभकामनाएं दी ।आईटीबीपी जवानों के साथ होली मनाने उपस्थित हुए ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से इलाके में बिजली और सड़क जैसे बुनियादी सुविधाओं के विकास की मांग रखी ।

### होली पर भांग पीना पड़ा महंगा,फूड पाइजनिंग के हुए शिकार

बलरामपुर/नवप्रदेश। बलरामपुर में होली के दिन भांग पीना लोगों को भारी पड़ गया। यहां भांग पीने से कई ग्रामीण बीमार पड़ गए. बीमार ग्रामीणों का इलाज जारी है. बताया जा रहा है कि ये सभी ग्रामीण होली मिलन समारोह में शामिल हुए थे, यहां भांग पीने के बाद इनकी तबियत बिगड़ने लगी. इसके बाद सभी को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया. मरीजों की संख्या इतनी अधिक थी कि अस्पताल में बेड भी कम पड़ गया.

बलरामपुर जिले के सनावल में कैबिनेट मंत्री रामविचार नेताम के गृहग्राम में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया. इस दौरान दूषित भोजन खाने और भांग पीने की वजह से बड़ी संख्या में ग्रामीण बीमार पड़

गए. मामले की भनक लगते ही स्वास्थ्य विभाग का अमला भी एक्टिव हो गया. हालांकि जब ये ग्रामीण इलाज के लिए अस्पताल पहुंचे तो अस्पताल में बेड भी कम पड़ गया. कई मरीजों का इलाज जमीन पर लिटाकर किया गया.मरीजों को जांच के बाद दवा दी गई. कई मरीजों को पानी भी चढ़ाया गया. फिलहाल सभी की हालत सामान्य बताई जा रही है।

होली के दिन खाने-पीने से ग्रामीण फूड प्वाइजनिंग का शिकार हुए हैं. मरीजों की स्थिति फिलहाल समान्य है. -डॉ बसंत सिंह, बलरामपुर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी

### टिकरापारा-मठपारा में आज भी निभाई जाती है होली की पुरानी परंपरा

■ राजधानीवासियों ने तीन दिनों तक जमकर खेली होली

रायपुर/नवप्रदेश। रंगोत्सव को लेकर छत्तीसगढ़ में खासकर राजधानी रायपुर में बेहत उत्साह देखा गया। राजधानी रायपुर में दो दिन पूर्व ही होली की खुमारी लोगों के सिर चढ़ कर बोलने लगी थी। होलिका दहन के साथ शुरु हुई होली की खुमारी मंगलवार शाम तक चली।

राजधानीवासियों ने रात 11.13 मिनट पर शुभ मुहूर्त में होलिका दहन प्रारंभ किया। शहर के प्राचीन दूधाधारी मंदिर में बालाजी महाराज की पूजा-अर्चना करने के बाद रात्रि में यहां होलिका दहन किया गया। दूधाधारी मठ तथा इसके आसपास के इलाकों जैसे लाखेनगर, पुरानीबस्ती, बंधवापारा, मठपारा, टिकरापारा, संजय नगर, भाठागांव, मठपुरैना, डीडीनगर, चंगोराभाठा, रायपुरा के पुराने लोग आज भी दूधाधारी मंदिर में होलिका दहन का इंतजार करते हैं। मंदिर परिसर के बाहर होलिका दहन के बाद ही इन इलाकों में होलिका दहन किया जाता है। वहीं टिकरापारा सहित आसपास के इलाकों में आज भी यह परंपरा है कि दूधाधारी मंदिर के बाहर होलिका दहन की आग से ही अन्य होली जलाई जाती है। श्री आदर्श युवा प्रगति संघ दुर्गोत्सव समिति द्वारा प्रतिवर्ष इस पुराने नियम का पालन किया जाता है। समिति के अध्यक्ष तुलेश्वर यादव (सोनू) ने बताया कि वर्षों से यह परंपरा चली आ रही है। खासकर श्री दूधाधारी मंदिर के निकट बसे मोहल्लों में आज भी इस परंपरा को पूरी श्रद्धा के साथ पूरा किया जाता है।

### एनएमडब्ल्यू यूनियन द्वारा शहीदी दिवस पर अमर बलिदानियों को दी गई श्रद्धांजलि

किरन्दुल/नवप्रदेश। लिख रहा हूँ मैं जिसका अंजाम आज, कल उसका आगाज आयेगा, मेरे लहू का हर एक कतरा इंकलाब लायेगा। मैं रहूँ ना रहूँ, ये वादा है तुझसे मेरा, मेरे बाद वतन पे मिटने वालों का सैलाब आयेगा।- अमर शहीद भगत सिंह जी ने न केवल ये उदगार व्यक्त किये थे, अपितु मातृभूमि के लिए अल्पायु में ही अपना सर्वस्व न्यौछावर कर इस उदगार के एक एक अक्षरों को चरितार्थ भी करके दिखाया। मेटल माइंस वर्कर्स यूनियन (इंटक) शाखा किरंदुल के पदाधिकारियों, सदस्यों द्वारा 23 मार्च 1931 को अपनी मातृभूमि के लिए सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अमर बलिदानियों भगतसिंह जी, राजगुरु जी, सुखदेव जी को इंटक भवन में श्रद्धांजलि अर्पित किया गया तथा राष्ट्र के लिए उनके द्वारा दिये गए बलिदान का स्मरण किया गया। यूनियन के अध्यक्ष विनोद कश्यप, सचिव ए

के सिंह, कार्यालय सचिव राजेन्द्र यादव, देवनारायण, दिनेश साहू, पुष्पलता साहू, पी एल साहू, द्वारा बलिदानियों की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्र के प्रति उनके विचारों को व्यक्त करते हुए आम जनमानस तक लाने और जीवन में उतारने की बातें कही गईं। इस अवसर पर कार्यकारी अध्यक्ष चित्रास्वामी, नथेला राम नेताम, पतिराम बघेल, अरविंद गुप्ता, बेणुधर, राजेंद्र पटनायक, शादाब जिलान शैलेश रथ, तरुण कुमार, लोहिदास, दिलीप मंडावी, सुधा बाघ, रजनी साहू, सूरमा दास सहित यूनियन के पदाधिकारी एवं सदस्यगण तथा बड़ी संख्या में मातृशक्तियाँ उपस्थित थे।

## अबीर- गुलाल और रंगों की बौछार के साथ खेली गई होली

■ महाराष्ट्र मंडल में होलिका दहन पर अध्यक्ष ने वर्तमान संदर्भ के अनुसार सुनाई प्रह्लाद-हिरण्यकश्यप की कथा

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल में रविवार को देर शाम पूजा-अर्चना के बाद होली जलाई गई। सचिव चेतन दंडवते और भवन व मेस प्रभारी दीपक किरवईवाले ने पूजा की। अध्यक्ष अजय काले ने भक्त प्रह्लाद- हिरण्यकश्यप की कथा वर्तमान संदर्भ में सुनाई। अगले दिन सोमवार को अबीर-गुलाल और रंगों की फुहार के साथ जमकर होली खेली गई।

काले ने कहा कि हिरण्यकश्यप नास्तिक, असुर प्रवृत्ति का क्रूर राजा था। उसके घर में भगवान को मानने वाला आस्तिक, संस्कारी सुपुत्र भक्त प्रह्लाद का जन्म हुआ। जब भी प्रह्लाद भगवान विष्णु का नाम जपते, तो हिरण्यकश्यप क्रोधित हो जाते। कई बार प्रह्लाद को मारने की कोशिश में विफल हो चुके हिरण्यकश्यप ने इस बार होली के साथ उन्हें जिंदा जलाने की साजिश रची। होली में अग्नि से विचलित होकर प्रह्लाद भाग न जाए, इसलिए उन्होंने होलिका की गोद पर उसे को बिठाया। हिरण्यकश्यप को मालूम था कि उसकी बहन होलिका को आग से न जलने का वरदान प्राप्त है। होली दहन के बाद भक्त प्रह्लाद सकुशल बाहर आ गए। इधर होली के साथ होलिका भी राख हो गई।

अजय काले ने स्पष्ट किया कि अगले दिन भक्त प्रह्लाद के समर्थकों, भगवान के भक्तों ने एक- दूसरे को अबीर- गुलाल और रंग लगाकर और मिठाइयां खिलाकर होली मनाई। दूसरी ओर हिरण्यकश्यप के समर्थक प्रह्लाद से अपनी पराजय पर अपमानित होकर शराब पीकर अथवा विभिन्न प्रकार का नशा करके गाली- गलौज, मारपीट और हुड़दंग करने लगे। काले ने बताया कि जो लोग नशे से दूर होली रंगों व गुलाल के साथ मनाते हैं, निश्चित ही वे भगवान के भक्त हैं।

### अगले दिन रही होरियारों की धूम

अगले दिन सोमवार को महाराष्ट्र मंडल परिसर के पार्किंग एरिया में दोपहर होली धुलीवंदन पर कई सभासदों ने होली के गानों और रंगों की बौछार के बीच जमकर डांस किया व होली खेली। इस मौके पर बच्चों का उत्साह देखते ही बना। आयोजन में उपाध्यक्ष श्याम सुंदर खंगन, सह सचिव सुकृत गनोदवाले, संत ज्ञानेश्वर स्कूल के प्रभारी निरंजन पंडित, सह प्रभारी परितोष डोनगांवकर, महाराष्ट्र नाट्य मंडल के निदेशक अनिल कालेले, रंजन मोडक, अतुल गद्रे, दिलीप लांबे, हेमंत मार्डीकर, वृहन्न महाराष्ट्र मंडल के छत्तीसगढ़ प्रमुख सुबोध टोले सहित कई पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

## कलेक्टर की उपस्थिति में ईवीएम और वीवीपैट मशीनों को किया पृथक

■ वेयर हाउस में की गई व्यवस्थाओं का लिया जायजा, सुरक्षा के दिए निर्देश

गरियाबंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के निर्देशानुसार लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए रेंडमाइजेशन के पश्चात बुधवार 27 मार्च को कृषि उपज मंडी परिसर स्थित स्ट्रांग रूम में ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों को विधानसभावार पृथक करने की कार्यवाही कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी दीपक कुमार अग्रवाल की उपस्थिति में की गई। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार गोलछा, रिटर्निंग ऑफिसर राजिम श्रीमती अर्पिता पाठक, रिटर्निंग ऑफिसर बिन्द्रानवागढ़ हितेश पिस्दा सहित राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मौजूद थे। इस दौरान कलेक्टर अग्रवाल ने

मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि स्ट्रांग रूम में अनाधिकृत व्यक्ति को किसी भी स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जाए। उन्होंने कहा कि प्रवेश हेतु पहचान पत्र जारी कर अधिकृत व्यक्तियों के पहचान होने के उपरांत ही उन्हें वेयर हाउस में प्रवेश दिया जाए। इस अवसर पर एसडीएम विशाल महाराणा, डीएसपी निशा सिन्हा, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन अभियंता अनुज शर्मा सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

### ग्रामीण अंचल में मना होली का त्योहार

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रेम,स्नेह,प्यार एवं भाईचारा का त्योहार होली का पर्व ग्रामीण अंचलों में भी बहुत धूमधाम के साथ मनाया गया।अंचल के क्षेत्र कोदवा,कोनी,बंजर, गुडाघाट,फरहद,खपरी, भोथीडीह, निपनिया, सेमरडीह,सिंगारपुर,में होली का त्योहार बहुत ही धूमधाम के साथ मनाया गया । लोगों ने एक दूसरों से मिलकर होली का रंग टिका लगाकर गले मिलकर एक दूसरे को बधाई दी।

### अपोलो हॉस्पिटल बचेली में अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया

बचेली/नवप्रदेश। एनएमडीसी सेन्ट्रल अपोलो हॉस्पिटल बचेली में अन्तर्राष्टीय महिला दिवस के उपलक्ष में दिनांक- 26/03/24 (मंगलवार) को संध्या- 07 बजे से हॉस्पिटल के प्रांगण में बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया जिसमे मुख अतिथि के रूप मे हॉस्पिटल के सेवानिवृत हुवे महिलाओ को बनाया गया एवं विशिष्ट अतिथि के रूप मे शारदा गावडे, अन्नू भोपले, नूरमा, आशा वर्मा, फिलोमीना, जिम्मी, राजम्मा रहे जिन्हे पुष्प गुच्छ देकर सम्मान किया गया द्य जिसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमे महिला स्टाफ एवं बच्चो के लिये विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताये आयोजित की गई जिसमे बच्चो एवं महिला स्टाफ ने बड़ चढ़ कर भाग लिये जिसमे विजेता टीम को आकर्षक पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया ।

# सरगुजा से कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह का विरोध शुरू

## प्रेमनगर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने दी इस्तीफे की धमकी

**सूरजपुर/नवप्रदेश।** सरगुजा लोकसभा सीट से प्रत्याशी की घोषणा के बाद कांग्रेस में विरोध स्वर उठने लगे हैं। रामानुजनगर में जिला पंचायत उपाध्यक्ष नरेश रजवाड़े के यहां काफी संख्या में क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता व पदाधिकारी एकत्रित होकर सरगुजा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बदलने आवाज बुलंद की।

कांग्रेस के लोगों का कहना है की कांग्रेस प्रत्याशी शशि सिंह विधानसभा चुनाव मे कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में प्रचार करने के बजाय क्षेत्र से नदारद रहीं। उनके पिता स्वर्गीय तुलेश्वर सिंह कांग्रेस के विरोध में चुनाव लड़ गए थे । ऐसे में किसी निष्ठावान कांग्रेस कार्यकर्ता को सरगुजा लोकसभा सीट से प्रत्याशी बनाया जाना चाहिए। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने कहा कि प्रत्याशी नहीं बदलने की स्थिति में क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ता पार्टी से इस्तीफा देने विचार कर सकते हैं। इसके लिए बैठकों दौर शुरू हो गया है। सैकड़ों की संख्या में कांग्रेसियों ने पार्टी छोड़ने धमकी तक दे डाली है। प्रदेश कांग्रेस नरेश राजवाड़े ने भी खुलकर विरोध जताया है।

श्री राजवाड़े ने कहा कि शशि सिंह लगातार कांग्रेस के विरोध मे काम करती आई हैं । उन्हें प्रत्याशी बनाने से कांग्रेस कार्यकर्ता नाराज हैं और पार्टी से इस्तीफा देने की सोच रहे हैं। शशि सिंह पूर्व मंत्री स्व. तुलेश्वर सिंह की सुपुत्री हैं। कांग्रेस पदाधिकारियों का आरोप है कि शुरू से ही शशि सिंह कांग्रेस विरोधी कार्य करती आ रही हैं। विधानसभा चुनाव में प्रेमनगर विधानसभा से नदारद रहीं। उन्हें प्रत्याशी बनाने से सक्रिय कार्यकर्ताओं की भावनाओं को ठेस पहुंची है।

# मैराथन में हिस्सा लेकर दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

## स्वीप कर्यक्रम के तहत मैराथन दौड़ प्रतियोगिता

**सक्ती/नवप्रदेश।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो के निर्देशन में आगामी लोकसभा निर्वाचन 2024 में मतदाताओं की शत.प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। जिसके तहत जिले में होली मिलन उत्सव व स्वच्छता अभियान, स्वसहायता समूह के माध्यम से गाँव - गाँव में मतदान जागरूकता के लिए विविध गतिविधि आयोजित की गई है। इसी क्रम में आज स्वीप गतिविधि के तहत जनपद पंचायत मालखरौदा में सुबह के समय बीरभाठा चौक से पोता तक मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसी प्रकार जनपद पंचायत जैजैपुर अंतर्गत सुबह के समय जैजैपुर से ग्राम पंचायत तुषार की ओर स्वीप मैराथन दौड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। स्वीप मैराथन दौड़ प्रतियोगिता में युवाओं, आमजन और अधिकारियों कर्मचारियों ने पूरे हर्षौल्लास के साथ दौड़ प्रतियोगिता में भाग लेते हुए मताधिकार के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। इसके साथ ही उपस्थित सभी लोगों द्वारा सुव्यवस्थित मतदाता शिक्षा एवं निर्वाचन सहभागिता स्वीप कार्यक्रम के तहत मताधिकार का उपयोग करने की शपथ भी ली गई। जिले में स्वीप कार्यक्रम के तहत आयोजित किये जा रहे विभिन्न गतिविधियों में बड़ी संख्या में लोग शामिल होकर मतदाता जागरूकता अभियान से जुड़ रहे है। इस अवसर पर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं संबंधित अधिकारी. कर्मचारी, युवक युवती, महिलाएं पुरुष सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण शामिल हुए।

# कलेक्टर ने बढ़ाया शिक्षकों का हौसला, कल से नीट की निःशुल्क आवासीय कोचिंग

## 10वीं और 12वीं में जाने वाले बच्चों के लिए उत्कर्ष क्लासेस

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर विलास भोस्कर के नेतृत्व में अभिनव पहल स्वरूप जिले में नीट की तैयारी की निःशुल्क आवासीय कोचिंग की शुरुआत 28 मार्च से हो रही है। इसके साथ ही 1 अप्रैल से जिले के सातों विकासखंड से चयनित कुल 35 स्कूलों में उत्कृष्ट क्लासेस शुरू होंगी।

जिले के कक्षा 12वीं में पढ़ने वाले और नीट परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र-छात्राओं की परीक्षा की तैयारी में मदद करने के लिए जिला प्रशासन द्वारा निःशुल्क नीट कोचिंग की यह पहल की गई है। नीट निःशुल्क आवासीय कोचिंग हेतु अब तक 100 बच्चों का रजिस्ट्रेशन किया गया। नीट कोचिंग एवं उत्कर्ष क्लासेस के सफल संचालन के लिए बुधवार को कलेक्टर ने मल्टीपरपज स्कूल सभाकक्ष में आयोजित बैठक में शिक्षकों का हौसला बढ़ाया। कलेक्टर श्री भोसकर ने इस अवसर पर कहा कि जिला प्रशासन का प्रयास है कि आदिवासी बहुल सरगुजा जिले के बच्चों को नीट जैसी परीक्षा की तैयारी करने में किसी तरह की दिक्कत का सामना ना करना पड़े, विशेष करके निर्धन, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के बच्चों को पढ़ाई में अतिरिक्त मदद मिल सके। इसके लिए ही प्रशासन द्वारा निःशुल्क आवासीय कोचिंग की सुविधा शुरू की जा रही है। अब तक सौ बच्चों ने रजिस्ट्रेशन कराया है, यदि कुछ बच्चे भी चयनित होते हैं, तो हमारी मेहनत सफल होगी। इसी तरह ग्रीष्मकालीन अवकाश में उत्कर्ष क्लासेस शुरू की जा रही है। जिले में 35 स्कूल चयनित किए गए हैं जहां इस सत्र में 10वीं और 12वीं में पढ़ने वाले बच्चों के लिए गणित, विज्ञान, जीव विज्ञान, रसायन, भौतिकी और अंग्रेजी का अध्यापन किया जायेगा जिससे वे अगली कक्षा के लिए अग्रिम रूप से तैयार रहें। बच्चों की मदद करने के लिए अपना सहयोग करें। आपका बहुमूल्य समय बच्चों की जिंदगी संवार सकता है। उन्होंने कहा कि एक कलेक्टर होने के नाते आज प्रोफेशनल लाइफ में जहां हैं, उसके लिए आप ही की तरह एक शिक्षक ने सपोर्ट किया है, तब इस पद पर पहुंचे हैं।

एक बच्चे को हम बाहरी रूप से संवार सकते हैं पर शिक्षक ही बच्चों को अंदर से संवारते हैं। एक शिक्षक में इतनी ताकत होती है कि वे बच्चे के भविष्य को बना सकते हैं।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रंगोत्सव

**लखनपुर/नवप्रदेश।** होली सांस्कृतिक पर्व है इसकी महिमा निराली है। रंगों का अर्थ रंगों से परे है। होली बंदिशों से परे एक महाउत्सव है। होली का नारा है बुरा न मानो होली है। नगर लखनपुर सहित आसपास ग्रामीण इलाकों में होलिका दहन की रस्म अदायगी के साथ होलिकात्सव मनाया गया। शुभ मुहूर्त में जगह जगह होलिका दहन मनाईं गई।

इसी कड़ी में धुलंडी के साथ ब्लाक क्षेत्र के तमाम ग्राम पंचायतों में रंगोंत्सव होली का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। राजतंत्र गुजरे वक्त की कहानी हो गया है लेकिन लखनपुर में होली से जुड़े कुछ प्रथाएं आज भी जिंदा है। इन्हीं प्राचीन परम्पराओं को कायम रखते हुये नगरवासियों ने ग्राम बैगा द्वारा पूजा अर्चना किये जाने के बाद एकजुट होकर पैलेस के सामने बेलबाडी, बस स्टैंड, साप्ताहिक बाजार भूईया पारा ,रजवारपारा जूनालखनपुर में

होलिका दहन किया । दरअसल फागुन मास के चतुर्दशी तिथि को होलिका दहन किया जाता है । लोक रिति के मुताबिक़ होलिका दहन की रस्म अदा की गई।

वहीं दूसरे दिन धुलंडी के साथ नगर लखनपुर सहित आसपास के गांवों में रंगों का त्योहार होली उमंग के साथ मनाया गया। परम्परा अनुसार नगरवासियों ने प्राचीन स्वयं- भू- शिवमदिर में भगवान शिव शंकर तथा हनुमान जी को अबीर गुलाल लगा कर आशिर्वाद प्राप्त किये ठाकुर बाड़ी महामाया, भवानी मंदिरों में जाकर माथा टेका। होली खुमार में डुबे लोग फाग गीतो पर थिरकते नजर आये।शिव मंदिर परिसर में जमकर पारम्परिक फागुन लोक गीत गाये जाने का दौर चला।

इस मौके पर अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने शिवमदिर पहुंच नगर वासियों के साथ होली खेली इससे एक दिन पहले अग्रवाल ने अपने निवास पर होली मिलन समारोह का आयोजन कर स्थानीय एवं क्षेत्र वासियों से मिलकर होली मनाया था। दौरान होली मनाये जाने के शिवमदिर परिसर में उपस्थित लोगों को रंग गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दिया। नगर वासियों ने सभी गिले शिकवे भूलाकर गले मिलते हुये एक-दूसरे को रंग गुलाल लगा पावन पर्व होली की शुभकामनाएं दिये। होली के मस्ती में डूबे रंग गुलाल ही नहीं अपितु पारम्परिक फाग गीतों से लोग सराबोर रहें। सरकार ने जबरन किसी को अनिच्छापूर्वक रंग-गुलाल लगाने पर पर पहरा लगा दिया है। इस हुकुम का पालन करते हुए लोगों ने मर्यादा के दायरे में रहकर एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाया। मंदिर परिसर में होली मनाने भांग शर्बत पीने पिलाने,मिष्ठान खिलाने का भी दौर चला ।

देर शाम तक फाग गीतों की महफ़िल सजी रही। होली के दौरान शांति व्यवस्था कायम रखने में पुलिस महकमा सक्रिय रही। गस्ती दस्ता चौक चौराहों में हुड़दंगियों पर निगाह रखे हुए नजर आये। समाचार लिखे जाने तक किसी अप्रिय घटना होने की खबर नहीं रही। आदीवासी बाहुल्य क्षेत्रों में होली मनाये जाने का सिलसिला अभी जारी है।

## बीमारी से तंग युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश।** थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत कोरजा में एक युवती ने 26 मार्च दिन मंगलवार को करीब 4.30 बजे फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक कुमारी आशा खांडे आ0 बजरंग खांडे उम्र 23 साल ने अपने घर के रूम पंखे में चुनरी का फंदा बना फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि मृत्तिका युवती अपने पेट दर्द के लम्बे बीमारी से बेहद परेशान थी। सूचना पर लखनपुर पुलिस 27 मार्च को घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए मकतुला के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। वहीं मर्ग कायम कर पंचनामा कार्यवाही में लिया है।

# नाम निर्देशन के लिए कर्मचारियों की लगी ड्यूटी

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 हेतु संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 01-सरगुजा के लिए नाम निर्देशन पत्रों की प्राप्ति , संवीक्षा, नाम निर्देशन पत्रों की वापसी, प्रतीक आबंटन, मतदान दिवस तथा मतगणना एवं समय-समय पर निर्धारित प्रारूप में जानकारी उपलब्ध कराने से संबंधित सभी कार्यों को भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छग के निर्देशानुसार निर्धारित तिथियों एवं समय पर कार्य पूर्ण करने के लिए रिटर्निंग ऑफिसर तथा सहायक रिटर्निंग ऑफिसर को उनके संबंधित कार्यों में सहयोग करने हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाती है।

लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 01 सरगुजा के रिटर्निंग ऑफिसर सरगुजा कलेक्टर विलास भोस्कर होंगे। इसी प्रकार सहायक रिटर्निंग ऑफिसर में विधानसभा क्षेत्र सूरजपुर हेतु सूरजपुर के अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, विधानसभा क्षेत्र भैयाथान हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व भैयाथान, विस क्षेत्र प्रतापपुर हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व प्रतापपुर, विधानसभा क्षेत्र रामानुजगंज हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रामानुजगंज, विस क्षेत्र कुसमी हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व कुसमी, विस क्षेत्र लुण्ड्रा हेतु अपर कलेक्टर सरगुजा, विस क्षेत्र अम्बिकापुर हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अम्बिकापुर, विधानसभा क्षेत्र सीतापुर हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सीतापुर हैं।

रिटर्निंग ऑफिसर एवं सहायक रिटर्निंग ऑफिसर के कार्यों में सहायता हेतु कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है, जिसमें सरगुजा कलेक्टर कार्यालय के सहा.ग्रेड-02 दिलीप सिन्हा , अम्बिकापुर अनुविभागीय अधिकारी राजस्व के सहायक ग्रेड-02 केशव प्रसाद सिंह, सरगुजा जिला कार्यालय के स्टेनो सुशील गुप्ता, अम्बिकापुर ई सेवा केंद्र के जिला ई प्रबंधक वैभव सिंह, सरगुजा कलेक्टर कार्यालय के भृत्य दीपक यादव, सरगुजा कलेक्टर कार्यालय के भृत्य उपेन्द्र कुमार की ड्यूटी लगाई गई है। इसी प्रकार निर्वाचन नामावली के अवलोकन कराने हेतु अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अम्बिकापुर के सहायक ग्रेड-02 अनिरूद्ध सोनी, सरगुजा कलेक्टर कार्यालय के सहायक ग्रेड-03 विनय बखला, सरगुजा कलेक्टर कार्यालय के सहायक ग्रेड-03 गुरुमुख सिंह, अम्बिकापुर तहसील के सहायक ग्रेड-03 श्रवण कुमार यादव, अम्बिकापुर तहसील के भृत्य विनोद कुमार कुशवाहा, जिला कार्यालय सरगुजा के भृत्य गिरजा प्रसाद राजवाड़े की ड्यूटी लगाई गई है।

## होली पर्व सहित आगामी सभी त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में मनायें - कलेक्टर

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने रंगों का पर्व होली सहित विभिन्न त्यौहार सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में बड़े ही उत्साह, खुशी और शांति से मनाने की अपील की। उन्होंने ज़िले के आमजन द्वारा बरती गई सावधानी एवं सहयोग की सराहना करते हुए कहा है कि होली-धुलंडी सहित आगामी सभी बड़े ही उत्साह ,ख़ुशी और शांति से मनाये। उन्होंने भीड़-भाड़ से भी बचने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि होली पर्व का आनंद ऐसे उठाएं कि दूसरों को किसी प्रकार से परेशानी अथवा असुविधा न हो। रंगों के इस पर्व में किसी पर न तो बलपूर्वक रंग लगाएं, न ही रंग के नाम पर ग्रीस, पेंट आदि का इस्तेमाल करें। रंगों के इस पर्व को सुरक्षात्मक और परस्पर भाईचारा के साथ मनाएं। उन्होंने ज़िलेवासियों को होली की शुभकामना दी।

# विधायक निवास में होली मिलन बधाई देने पहुंचे क्षेत्रवासी

**लखनपुर/नवप्रदेश।** आपसी भाईचारा सौहार्द समरसता को बरकरार रखने के दृष्टिगत अम्बिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल के निवास लखनपुर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। अम्बिकापुर विधानसभा क्षेत्र के लोग आयोजित कार्यक्रम में शामिल होकर विधायक राजेश अग्रवाल को बाकायदा अबीर गुलाल लगा कर होलिका दहन एवं रंगोंत्सव होली की बधाई दिये।

विधायक निवास में पहुंचे लोगों से सौजन्य मुलाकात करते हुए विधायक अग्रवाल ने गुलाल अबीर माथे में लगाकर क्षेत्रवासियों का आत्मीय स्वागत किया। समारोह में शरीक भाजपा कार्यकर्ता एवं विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने स्थानीय कलाकार कैलाश चौधरी के स्टेज शो में प्रस्तुत फाग गीतों का लुत्फ उठाया। संगीत प्रेमी थिरकते नजर आये। पारम्परिक फागुन गीत का आनंद उठाया। बधाई देने वालों का विधायक निवास में बेहिसाब भीड़ लगा रहा। समारोह में शामिल लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल मल कर रंगोंत्सव होली का बधाई दिये ।विधायक निवास अबीर गुलाल से सराबोर रहा रहा। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष दिनेश साहू नपं उपाध्यक्ष रामनारायण दुबे,विधायक के बड़े भाई पूर्व जंप उपाध्यक्ष विजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल रवि अग्रवाल, निरज अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अविनाश अग्रवाल, विकास अग्रवाल, भाजपा नेता सौरभ अग्रवाल, राहुल अग्रवाल, पूर्व नपं अध्यक्ष विश्वनाथ गुप्ता राजेंद्र जायसवाल, सुरेन्द्र साहू, तबरेज खान, सहदुल खान, गणमान्य नगरवासी काफी तादाद में उपस्थित रहे।

**कार्पोरेट** | अडानी पावर ने लैंको अमरकंटक पावर के लिए 4,101 करोड़ रुपये का ऑफर पेश किया

# लैंको अब अडानी पावर का, सीसीआई ने दी हरी झंडी

**कोरबा/नवप्रदेश।** अडानी समूह की बिजली कंपनी अडानी पावर के लिए एक नई डील का रास्ता साफ हो गया है. अडानी पावर इस नए सौदे में पिछले कई सालों से वित्तीय संकटों से जूझ रही पावर कंपनी लैंको अमरकंटक को खरीदने वाली है. इस सौदे को अब सीसीआई से भी हरी झंडी मिल गई है। पीटीआई की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग यानी सीसीआई ने लैंकों अमरकंटक का अधिग्रहण करने के अडानी पावर के प्रस्तावित सौदे को गुरुवार को मंजूरी दी. इससे पहले पिछले महीने अडानी पावर की बोली को विनर चुना गया था. अडानी पावर ने दिवाला प्रक्रिया से गुजर रही बिजली कंपनी को खरीदने के लिए करीब 4000 करोड़ रुपये का ऑफर दिया है।



### इतना बड़ा है अडानी का ऑफर

थर्मल पावर जेनरेशन में लगी बिजली कंपनी लैंको अमरकंटक पावर कर्ज संकटों में घिर गई थी. उसके बाद कंपनी इनसॉल्वेंसी रिजॉल्यूशन की प्रक्रिया में चली गई थी. पिछले महीने खबरें आई थीं कि अडानी पावर ने लैंको अमरकंटक पावर के लिए 4,101 करोड़ रुपये का ऑफर पेश किया, जिसे विनर चुन लिया गया.

### डील पर कई दिग्गजों की हुई भिड़ंत

लैंको अमरकंटक पावर को खरीदने में कई कंपनियां दिलचस्पी ले रही थीं. दक्षिण भारतीय बाजार में काम कर रही लैंको अमरकंटक के पास एक्टिव पावर प्लांट हैं, जिसके चलते नीलामी प्रक्रिया में कई दिग्गज दिलचस्पी दिखा रहे थे. कंपनी के लिए अडानी के अलावा वेदांता के अनिल अग्रवाल, मुकेश अंबानी और नवीन जिंदल ने भी दिलचस्पी दिखाई थी.

### इस तरह तैयार हुई अडानी की राह

लैंको अमरकंटक पावर की कॉरपोरेट इन्सॉल्वेंसी की प्रक्रिया सितंबर 2019 में शुरू हुई थी. इसके लिए सबसे पहले 2022 में अनिल अग्रवाल की कंपनी ट्विन स्टार टेक्नोलॉजीज ने 3000 करोड़ रुपये की बोली पेश की थी. बाद में पीएफसी कंसोर्टियम ने 3,020 करोड़ रुपये की बोली लगाई थी. अडानी समूह ने पिछले साल नवंबर में सबसे पहले 3,650 करोड़ रुपये का ऑफर दिया था. उसके बाद अडानी ने अपने ऑफर में सुधार करते हुए दिसंबर में उसे बढ़ाकर 4,101 करोड़ रुपये कर दिया था. वहीं नवीन जिंदल की कंपनी जिंदल पावर ने जनवरी में 4,203 करोड़ रुपये का ऑफर पेश किया था, लेकिन बाद में कंपनी ने अपनी बोली वापस ले ली थी.

# दुपहिया पर 3 सवारी न चलें हैलमेट पहनकर ही चलाएं वाहन

## एसपी ने की लोगों से की मुलाकात, होली की दी शुभकामनाएं

**पेंड्रा/नवप्रदेश।** होली पर्व के अवसर पर होली शांतिपूर्वक, निर्विवाद रहे इस हेतु पुलिस विभाग के द्वारा जिले के थाना क्षेत्र में फिक्स पिकेट व पेट्रोलिंग ड्यूटी पर बल लगाए गए थे जिनके माध्यम से चौकसी रखी जा रही थी। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने होली पर्व खुशहाल माहौल में सम्पन्न हो, के उद्देश्य से लगायी गयी चाक चौबंद व्यवस्था का भ्रमण कर जायजा लेते हुये ड्यूटी स्थल पर मौजूद अधिकारी कर्मचारियों की हौसला अफजाई की। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में इस उद्देश्य से कि कहीं कोई घटना, दुर्घटना न हो तथा होली पर्व खुशहाल माहौल में हो, चाक चौबंद व्यवस्था लगाई गई थी। इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने आने जाने वाले लोगो से भी मुलाकात कर उनका कुशलता जाना और उन्हें होली के पर्व की शुभकामनाएं दीं। मोटर साइकिल सवारों को रोककर तीन सवारी न चलने और हेलमेट लगाकर ही मोटर साइकिल चलाने की समझाइश दी। पुलिस अधीक्षक श्रीमती गुप्ता ने जिलेवासियों से अपील की है कि आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है ऐसा कोई भी कार्य न करें जिससे शांति और सदभावना प्रभावित हो, त्यौहारों को शांति, सद्भाव और उत्साह से मनाते हुए शांति व्यवस्था बनाये रखने में अपना अमूल्य सहयोग दे।

# शहर से लेकर गांव तक होली धूमधाम से मनाई

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले में होली का पर्व धूमधाम से मनाया गया नगर के बड़ा बाजार, पुलपारा, रेस्ट हाउस ग्राउण्ड सहित कई स्थानो पर होलिका दहन कर जिले के लिए सुख और समृद्धि की कामना की गई। होली त्यौहार में जहां पुलिस सतर्क और सड़कों पर लगातार घूमती रही। जिससे जिले के मुख्य सड़को पर तो होली शांति नजर आई। किंतु गली मोहल्ले में होली के हुड़दंग का याद ताजा किया। नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का त्यौहार होली मस्ती एवं उमंग के साथ मनाया गया। युवा वर्ग सुबह से लेकर दोपहर तक एक-दूसरे पर रंग डालते हुए गलियों में घूमते रहे। बच्चे एवं महिलाएं भी एक दूसरे को रंग लगाते हुए होली खेलते रहे। होली के अवसर पर नागरिकगण गुलाल लगाते हुए एक दूसरे को पर्व की बधाई एवं शुभकामनाएं देते रहे।

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में रंगों का त्यौहार होली मस्ती एवं उमंग के साथ मनाया गया। किन्तु शहरो मे होली त्यौहार को लेकर पहले जैसा उत्साह नजर नही कुछ सीमित जगहो पर ही युवा वर्ग एक-दूसरे पर रंग डालते हुए गलियों में घूमते रहे। बच्चे एवं महिलाएं भी एक दूसरे को रंग लगाते हुए होली खेलते रहे। रविवार रात्रि होलिका दहन के बाद जली हुई होली की राख से तिलक लगाने के बाद रंग खेलने की परंपरा के अनुसार लोगं सोमवार को सौहार्द्रपूर्ण माहौल में उत्साह पूर्वक एक-दूसरे को रंग गुलाल लगाकर खुशी का इजहार करते रहे। छुटमुट घटनाए को छोड़कर शहर में मस्ती एवं उमंग से होली मनाई गई। राममंदिर निर्माण के बाद मनाए जाने वाले इस त्यौहार मे शहर मे खास उत्साह नजर आया,लोग एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं देते रहे। नगर सहित जिले भर में रविवार रात होलिका दहन किया गया। दोपहर बाद रंगों में सराबोर लोगों की संख्या में नगण्य ही रही होली सोमवार को मनाई गई। लोग सभी गिले-शिकवे भुलाकर एक दूसरे से गले मिलकर बधाई देते नजर आये। नगाड़ों और फाग गीतों की धूम, कुछ गली मोहल्ले एवं ग्रामीण अंचलों में ही नजर आयी। कुछ मोहल्ले मे ही त्योहार में सुबह बच्चे हाथों में रंग, गुलाल और पिचकारी लेकर सड़कों पर निकले। बाजार में रंगों के साथ पिचकारी, गुलाल एवं शक्कर के बने हरवे की मांग बनी रही। हरवे का चलन कम होने के बाद भी बाजार में रंग बिरंगे हरवे दुकानों में देखे गए। शुक्रवार को बाजार में ग्राहकों की भीड़ इन सभी सामानों के लिए लगी रही। बाजार में विभिन्न प्रकार के मुखौटों व आवाज निकलने वाले चीजों की भी खूब बिक्री रही। बाजार में लोगों की भीड़ अधिक संख्या में देखी गई। ग्राहकों में स्थानीय लोगों के अलावा ग्रामीण क्षेत्रों से लोग बड़ी संख्या में पहुंचे हुए थे। नगर में लगे जगह-जगह रंग गुलाल की दुकानों में अन्य दिनों की अपेक्षा ज्यादा भीड़ नजर आई। नशेड़ियों को रविवार की सुबह से ही शराब दुकानों के आसपास बड़ी संख्या में देखा गया।

## देवांगन विकास समिति ने मनाई होली

सक्ती/नवप्रदेश। आपसी भाईचारे एवं प्रेम के महापर्व होली पर देवांगन विकास सेवा समिति द्वारा होली मिलन समारोह देवांगन धर्मशाला में मनाया गया। सर्व प्रथम माँ परेश्वरी माँ के आरती कर पूजा अर्चना पश्चात होली मिलन समारोह प्रारंभ हुआ जिसमें महिला वर्ग दोपहर 2 बजे से सायं 4 बजे तक रखा गया था जिसमें देवांगन के महिलाओं ने बढ़चढ़ कर भाग लिया तथा एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी तथा महिलाओं ने गुलाल से होली खेलते हुये होली के गाने में डांस किये। इसी प्रकार पुरुष वर्ग रात्रि 7 बजे से 10 बजे तक होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। देवांगन विकास समिति द्वारा पहली बार होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया इसी प्रकार पुरुष वर्ग में भी देवांगन समाज के लोग अधिक संख्या में होली मिलन समारोह थे आपस में गुलाल लगाकर गला मिले और होली की शुभकामनायें एक दूसरे को दिये। देवांगन विकास सेवा समिति द्वारा चाय, नाश्ता एवं आइक्रीम की व्यवस्था रखी गई थी। देवांगन समाज के लोगों ने देवांगन विकास सेवा समिति को यह पहली बार कार्यक्रम होने से समिति को धन्यवाद भी दी।

## न्यूज गैलरी

### नाम निर्देशन के लिए कलेक्टर कोर्ट रूम अधिग्रहित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार सरगुजा जिले के 1-सरगुजा (अ.ज.जा.) संसदीय निर्वाचन क्षेत्र हेतु रिटर्निंग अधिकारी द्वारा नाम निर्देशन का कार्य सुचारू रूप से संचालित करने हेतु लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम -1951 की धारा-160 एवं 162 के बने प्रावधानों के तहत कलेक्टर कोर्ट रूम को अधिग्रहित कर आबंटित किया जाता है। लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत अभ्यर्थियों के नाम निर्देशन की कार्यवाही इसी कक्ष में संपन्न होगी। नाम निर्देशन कक्ष में समस्त आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने उप जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा नोडल अधिकारी (नाम निर्देशन) एवं समस्त सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### स्वीप टीम ने युवाओं को मतदान करने किया प्रेरित

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विलास भोसकर के मार्गदर्शन और स्वीप नोडल नूतन कंवर के निर्देशन में जिले में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। विभिन्न महाविद्यालयों और संस्थानों, पहाड़ी कोरवा बहुल बसाहटों सहित वृद्धाश्रम में भी स्वीप टीम ने पहुंचकर निर्वाचन से जुड़ी जानकारी लोगों तक पहुंचाई है। इसी कड़ी में मंगलवार को स्वीप टीम के द्वारा जन शिक्षण संस्थान सरगुजा के प्रशिक्षार्थियों को आगामी लोकसभा निर्वाचन में शत-प्रतिशत मतदान करने हेतु प्रेरित किया गया। जन शिक्षण संस्थान के निदेशक एम सिद्दीकी के द्वारा प्रशिक्षार्थियों को मतदाता शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर स्वीप टीम से वंदना मानिकपुरी, शीतल, सबीना एवं रजनीश मिश्रा, प्रीति तिवारी, सतनारायण भगत उपस्थित रहे।

### युवक ने फांसी लगाकर दी जान, जांच में जुटी पुलिस

लखनपुर-सरगुजा/नवप्रदेश। थाना क्षेत्र में इन दिनों खुदकुशी करने का ग्राफ तेज़ी से बढ़ने लगा है। ऐसा ही एक मामला सामने आया है। दरअसल रामाशंकर राजवाड़े आ0 चन्द्रभान राजवाड़े उम्र 25 साल साकिन ग्राम बिनकरा ने मंगलवार को सबेरे तकरीबन 6-7 बजे के दरमियान अपने ही घर के मयार में नायलॉन रस्सी का फंदा बना, फांसी लगाकर जान दे दी। सूचना पर पुलिस घटनास्थल पहुंच मौका-मुआयना करते हुए मकतूल के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस सूत्रों की मानें तो युवक पत्नी के मायके चले जाने से परेशान था तथा शराब पीने के बाद नशे के हालात में खुदकुशी कर लिया। फिलहाल लखनपुर पुलिस मर्ग कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया है।

### सड़क हादसे में युवक की मौत दूसरा जिला अस्पताल रेफर

लखनपुर/नवप्रदेश। ग्राम कंचनपुर ताराजू के समीप कुंवरपुर बांध मुख्य नहर सड़क किनारे ऐन मोड़ पर बने रेलिंग से एक तेज रफ्तार बाइक से दोपहर करीब 3-4 बजे के आसपास टकरा गई। बाइक में सवार एक युवक सुशील कुमार विश्वकर्मा उम्र अधला के सिर में गहरा चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गया। वहीं दूसरा युवक गंभीर रूप से जख्मी हो गया। सूचना पर लखनपुर पुलिस घटनास्थल पहुंच मृतक के शव तथा घायल लड़के को अपने कब्जे में लेकर लखनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लखनपुर लाया जहां मृतक के शव को मरच्युरि में रखवा दिया है। वहीं घायल युवक के नाजुक हालत को देखते हुए डाक्टरों ने अम्बिकापुर जिला मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया गया है। बताया जा रहा है दोनों युवक 26 मार्च दिन मंगलवार के दोपहर तेज गति से ग्राम लटोरी के तरफ जा रहे थे।नहर मोड़ पर मोटरसाइकिल चालक युवक अपना संतुलन खो बैठा और बाइक रेलिंग से जा टकराई पीछे बैठे नाबालिग युवक सुशील विश्वकर्मा के सिर में गंभीर चोट लगने कारण मौत हो गया।

## मतदाता फोटो पहचान पत्र के अतिरिक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेज दिखा मतदाता कर सकेंगे मतदान

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सभी मतदाताओं को निर्वाचक फोटो पहचान पत्र जारी किए गए है। आयोग सभी मतदाताओं से अपेक्षा करता है कि वे मतदान स्थल पर अपना मत देने से पहले अपनी पहचान सुनिश्चित करने के लिए आयोग की ओर से जारी निर्वाचक फोटो पहचान पत्र दिखाएंगे।

यदि कोई निर्वाचक फोटो पहचान पत्र नहीं दिखा पाता है तो भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए 12 वैकल्पिक दस्तावेज भी अनुमत किए गए है। ऐसे निर्वाचक जो अपना निर्वाचक फोटो पहचान पत्र प्रस्तुत नहीं कर पाते है, उन्हें अपनी पहचान स्थापित करने के लिए निम्नलिखित 12 वैकल्पिक फोटो पहचान दस्तावेजों में से कोई एक प्रस्तुत करना होगा - आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, केंद्र/राज्य सरकार/लोक उपक्रम/पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, बैंकों/डाकघरों द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के अंतर्गत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों/विधायकों/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसएबिलिटी आईडी (यूडीआईडी) कार्ड शामिल है। मतदाता इनमें से कोई भी दस्तावेज प्रस्तुत कर मतदान कर सकेंगे।

प्रवासी निर्वाचकों को जो अपने पासपोर्ट में विवरणों के आधार पर निर्वाचक नामावलियों में पंजीकृत है, मतदान केंद्र में केवल उनके मूल पासपोर्ट (तथा अन्य कोई पहचान दस्तावेज नहीं) के आधार पर ही पहचाना जाएगा।

## जैन साध्वियों का श्रद्धालुओं ने कराया नगर प्रवेश

मुंगेली/नवप्रदेश। नगर में जैन साधु-साध्वियों का नगर आगमन हुआ। जिनकी अगुवानी में जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संतों का नगर प्रवेश धूमधाम से कराया गया।

जैन मुनि खरतरगच्छ विभूषण, व्याख्यान वाचस्पति जयानंद मुनि के सुशिष्य खरतरगच्छ गणाधीश पन्यास प्रवर विनयकुशल मुनि गणिवर्य, 171 उपवास के दीर्घ तपस्वी मुनि विराग सागर महाराज, नंदिशेण मुनि, भव्य मुनि सहित एवंसाध्वी कुशलश्री म.सा. की सुशिष्या जयशिशु विरतिप्रभा एवं जयशिशु विनम्रप्रभा का नगर आगमन हर्षोल्लासमय वातावरण में हुआ। पंडरिया मार्ग पर अजय कुमार रवि कुमार चोपड़ा के निवास स्थान पर जैन समाज के लोग एकत्र होकर गुरुजनों की अगुवानी किए तत्पश्चात शोभायात्रा प्रारंभ हुई। भक्ति गीतों एवं जयकारों के उद्घोष के साथ शोभायात्रा महाराणा प्रताप चौक, परमेश्वरी चौक, भगवान महावीर स्वामी चौक होते हुए सदर बाजार स्थित जैन मंदिर पहुंचकर पूर्ण हुई। जहां सामूहिक चैत्यवंदन एवं गुरुवंदन किया गया। स्थान-स्थान पर धर्मावलंबियों ने गुरुभगवंतों का अक्षत एवं श्रीफल से गहुंली कर स्वागत किया। केशरवृष्टि कर हर्ष व्यक्त करते गुरु को नमन किया गया। जैन मंदिर में आयोजित धर्मसभा को संबोधित करते हुए तप चक्रवर्ती विराग मुनि महाराज ने कहा कि जिन शासन में एंट्री मिलना अपने आप में महत्वपूर्ण है। यदि इसके महत्व को समझ लिए तो प्रमोशन ही होगा डिमोशन की कोई संभावना नहीं। मुनिश्री ने गौतम स्वामी एवं आचार्य हरिभद्र सूरि का उदाहरण देते हुए बताया कि उनकी एंट्री बहुत बाद में हुई किन्तु उन्हें समझ तुरन्त आया इसलिए आज दोनों गुरु हमारे आदर्श हैं। मुनिश्री विरागसागर ने आगे कहा कि जीवन में अपने द्वारा किए गए पापों को सच्चे मन से स्वीकार कर गुरु से प्रायश्चित लेना चाहिए क्योंकि पाप को स्वीकार करना शूरवीरों का काम है। मुनिश्री के सानिध्य में नगर का वातावरण धर्ममय बना हुआ है।

## उम्मीदवारों के खातों से राशि आहरण पर निगरानी रखें

### कलेक्टर ने ली सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों की बैठक

सक्ती/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो ने कलेक्टोरेट कार्यालय के सभाकक्ष में आगामी लोकसभा निर्वाचन के संबंध में अभ्यर्थियों द्वारा किये जाने वाले व्ययों की मानिटरिंग के लिए सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा की लोकसभा निर्वाचन 2024 अंतर्गत आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करना अनिवार्य है।

उन्होंने कहा की अभ्यर्थियों के लिए निर्वाचन आयोग द्वारा खर्च की सीमा निर्धारित की गई है। जिसके तहत कलेक्टर ने सभी बैंक प्रबंधकों को उनके बैंक अंतर्गत खातो में होने वाले ट्रांजेक्शन पर निगरानी रखने कहा है। उन्होंने बताया की यदि किसी खाते में बार बार लेन देन पाया जा रहा है, तो इसकी सूचना निर्धारित प्रारूप में प्रतिदिन उपलब्ध करायें। इसके साथ ही कलेक्टर ने संदेहास्पद खातों का प्रतिदिन मानिटरिंग करने के भी निर्देश दिये है। बैठक में निर्वाचन कार्यालय के राधेश्याम साहू, श्रवण गवेल सहित भारतीय स्टेट बैंक, एक्सीस बैंक, एचडीएफसी बैंक, बैंक ऑफ बड़ोदा, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, आईडीबीआई बैंक, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक सहित अन्य विभिन्न बैंको के शाखा प्रबंधक उपस्थित थे।

### स्क्रीनिंग कमेटी की ली बैठक

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमृत विकास तोपनो की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी की प्रथम बैठक आयोजित हुई। लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत जिले में जारी किये गये शस्त्रों को आदर्श आचरण संहिता प्रभाशील रहने की अवधि में संबंधित थाने में जमा कराये जाने के निर्देश है। जिला स्तर पर शस्त्र अनुज्ञप्ति के परिक्षण एवं शस्त्रों के संबंधित थाने में जमा कराये जाने के लिए परिक्षण कर आदेश पारित किये जाने के लिए जिला स्तरीय स्क्रीनिंग कमेटी की बैठक आयोजित की गई तथा कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा आवश्यक निर्देश दिये गए। बैठक में अपर कलेक्टर बीरेंद्र लकड़ा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण सोम, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुश्री रमा पटेल उपस्थित थे।

## दिव्यांगों व वृद्धजनों को मतदान करने मिलेगी निःशुल्क परिवहन सुविधा

अम्बिकापुर/नवप्रदेश। भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा प्रत्येक निर्वाचनों में मतदान दिवस को दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों (80) आयु वर्ग के मतदाताओं को विशेष सुविधाएं उपलब्ध कराने विस्तृत दिशा निर्देश प्रेषित किये गए हैं। आयोग के उक्त निर्देशों के परिपालन में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय छत्तीसगढ़ द्वारा लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के दृष्टिगत मतदान केन्द्रवार दिव्यांग एवं वरिष्ठ नागरिकों का चिन्हांकन किया जाकर उनके द्वारा मांगे जाने पर मतदान दिवस को उनके आवास स्थल से मतदान केन्द्र तक लाने एवं मतदान पश्चात वापस उनके आवास स्थल तक छोड़ने हेतु निःशुल्क वाहन व्यवस्था की जाने के निर्देश समस्त कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारियों को जारी किए गए हैं। जारी निर्देशानुसार उपरोक्त कार्य हेतु निर्धारित किये गये वाहन को मतदाता रथ नाम दिया जाएगा। चयनित वाहन पर मतदाता जागरूकता से संबंधित बैनर बनवाकर वाहन पर यथास्थान चस्पा किया जायेगा। दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों को मतदान दिवस पर दिये जाने वाली निःशुल्क परिवहन व्यवस्था हेतु जिला में पदस्थ उप संचालक, समाज कल्याण विभाग प्रभारी अधिकारी के रूप में नियुक्त होंगे। भारत निर्वाचन आयोग एवं सीईओ कार्यालय छत्तीसगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु निःशुल्क परिवहन व्यवस्था के प्रचार-प्रसार हेतु कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सरगुजा ने संबंधित अधिकारियों को चौक-चौराहों, हाट बाजारों एवं ऐसे स्थानों पर जहां लोगों की आवाजाही अधिकाधिक होती हो, वहां जानकारी दिए जाने, पैंपलेट वितरण किए जाने निर्देशित किया है।

### डीएम ने एक को किया जिला बदर

जिले में शांतिपूर्ण लोकसभा निर्वाचन संपन्न कराने प्रशासन द्वारा आदर्श आचार संहिता के पालन सहित सुरक्षा एवं कानून व्यवस्था सुनिश्चित करने विशेष निगरानी की जा रही है। इसी क्रम में राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जिला मजिस्ट्रेट सरगुजा श्री विलास भोसकर द्वारा पुलिस अधीक्षक सरगुजा से प्राप्त प्रतिवेदन के आधार पर अनावेदक जितेंद्र कुमार जायसवाल पिता रामलखन जायसवाल निवासी बाढ़फनगर, हाल मुकाम ग्राम डिगमा, तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा को एक साल की अवधि के लिए जिले से निष्कासित (जिला बदर) किया गया है। जारी आदेश के अनुसार उक्त व्यक्ति को जिला सरगुजा, जशपुर, रायगढ़, कोरबा, बलरामपुर तथा सूरजपुर की सीमा से आदेश दिनांक 26.03.2024 से एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर की कार्यवाही की गई। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक, सरगुजा द्वारा जितेन्द्र कुमार जायसवाल के खिलाफ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5(क)(ख) के प्रावधानों के तहत (जिला बदर) कार्यवाही करने का प्रतिवेदन पेश किया गया। पुलिस अधीक्षक सरगुजा के प्रतिवेदन के आधार पर अनावेदक जितेन्द्र कुमार जायसवाल को उक्त अधिनियम की धारा 5(क)(ख) के तहत (जिला बदर) कार्यवाही बावत अनावेदक को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया और जवाब प्राप्त किया गया। इन्हें विधिवत सुनवाई का अवसर देते हुए अनावेदक जितेन्द्र कुमार जायसवाल के विरुद्ध अधिरोपित आरोप की पुष्टि अभियोजन साक्ष्य और रिपोर्ट कर्ता साक्ष्य के आधार पर होने के कारण अनावेदक जितेन्द्र कुमार जायसवाल को राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 के तहत एक वर्ष की अवधि के लिए जिला बदर करने की कार्यवाही की गई है।

पहल | बीआरसाव उत्कृष्ट विद्यालय में जल संरक्षण दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

# विद्यार्थियों ने जल संरक्षण के महत्व पर दिया जागरूकता संदेश

मुंगेली/नवप्रदेश। बीआरसाव उत्कृष्ट विद्यालय में विश्व जल संरक्षण दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने जल संरक्षण के महत्व पर चर्चा करते हुए जागरूकता फैलाने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने इस महत्वपूर्ण विषय पर रैली, कविता पाठ और चित्र प्रदर्शनी की। इसके साथ ही वे जल सरक्षण के लिए अपने सुझाव भी रखे। यह कार्यक्रम छात्रो को जल संरक्षण के महत्व को समझाने और उसमें सक्रिय भाग लेने के लिए प्रेरित करने का एक सुनहरा अवसर प्रदान किया। कार्यक्रम में संस्था के प्रधान पाठक श्रीमति शकुंतला राजपूत, व्याख्याता दिनेश घोषले, ईको क्लब प्रभारी मनाकृष्ण चंद्राकर तथा संस्था के शिक्षक रविराज आडील, लक्ष्मण साहू, रूपेन्द्र डहरिया, ब्रजेश पाठक, राजू देवांगन, तृप्ती सोनी, एम्प्स. जगत, सतोष साहू व रोहित दिवाकर आदि उपस्थित रहे।

### सभी के सहयोग से बचेगा जल

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं जिला न्यायाधीश चंद्र कुमार अजगल्ले एवं सचिव मयंक सोनी के निर्देशन में लीगल एड डिफेंस कौंसिल के संयुक्त तत्वाधान में न्यायालय परिसर में विश्व जल दिवस के मौके पर जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक कर बताया गया कि जल का संरक्षण करना भी हमारा मौलिक कर्तव्य है जिसे सभी नागरिक के संकल्प से ही जल बचाना संभव होगा, ताकि आने वाली पीढ़ी को जल संकट का सामना न करना पड़े, इस अवसर पर चीफडिफेंस कौंसिल टीकम चंद्राकर, डिप्टी चीफसुरेश खुसरो, असि. डिफेंस कौंसिल द्रौपती कश्यप, अधिवक्ता अभय शुक्ला अन्य अधिकारगण एवं पैरालीगल वालंटियर व उपस्थित ग्रामिण पक्षकारों का विशेष योगदान रहा।

## न्यूज गैलरी

### मानसिक रोगी वृद्ध ने पेट्रोल छिड़ककर लगा ली आग, मौत

**भाटापारा/नवप्रदेश।** नगर के मुंशी स्माइल वार्ड में स्थित दरगाह के पास एक वृद्ध ने रविवार 24 मार्च को दोपहर अपने शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। घटना की खबर लगते ही शहर पुलिस ने घटना स्थल पहुंच कर पंचनामा तैयार कर शव को पोस्टमार्टम के लिए रवाना किया। शहर थाना प्रभारी निरीक्षक योगिताबाली खापर्डे ने बताया कि मानसिक रूप से अस्वस्थ वृद्ध मोहम्मद हलीम पिता मोहम्मद यूसुफ (75) साल निवासी चुहचिया पारा बिलासपुर निवासी ने नगर के मुंशी इस्माइल वार्ड स्थित दरगाह के पास रविवार की दोपहर 12 बजे अपने शरीर पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगा ली। इससे उसका पूरा शरीर जल गया और लोग उसकी आग को बुझा पाते उसके पूर्व ही उसने वही दम तोड दिया। टी आई ने बताया की मृतक पिछले चार-पांच साल से भाटापारा मुंशी स्माइल वार्ड में रहता था मजार में सोता था तथा आसपास भीख मांगता था मृतक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी तथा बीमार भी रहता था। मृतक के परिजनों को खबर कर शहर पुलिस मर्ग पंजीबद्ध कर जांच में लिया है ।

### होली पर्व पर चाकू से हमला करने वाला बालक गिरफ्तार

**भाटापारा/नवप्रदेश।** ग्रामीण थाना अंतर्गत ग्राम टिकुलिया में होली पर्व के दौरान मारपीट कर चाकू से हमला कर गंभीर रूप से चोट पहुंचाने वाले अपचारी बालक को प्रार्थी की शिकायत पर ग्रामीण पुलिस ने अपनी अभिरक्षा में लेकर बाल सुधार गृह भेज दिया है।उपरोक्त संबंध में ग्रामीण थाना प्रभारी अमित पाटले ने बताया की प्रार्थी अमित ध्रुव निवासी टिकुलिया द्वारा थाना भाटापारा ग्रामीण में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि ग्राम के रंगमंच के सामने साउंड बॉक्स में चल रहे गाने में नाचते हुए दोस्तों के साथ होली खेल रहा था, तभी आरोपी अपचारी बालक आया तथा हम सबके कपड़े फाड़ने लगा। मेरे द्वारा मना करने पर अपने पास रखे चाकू से मेरे गर्दन पर गंभीर रूप से चोट पहुंचाया है। यदि मुझे तत्काल में इलाज नहीं मिलता तो मेरी जान को गंभीर खतरा* हो सकता था। उक्त रिपोर्ट पर थाना भाटापारा ग्रामीण में धारा 307 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया है।

### बेरला पुलिस ने 5 किलो गांजा के साथ दो आरोपी को किया गिरफ्तार

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** थाना बेरला स्टाफ को मुखबीर से सुचना मिला कि दो व्यक्ति लिमाही चौक बहेरा में परमेश्वरी ढाबा के पास दो व्यक्ति एक होण्डा स्कुटी लाल रंग के बिना नंबर सोल्ड स्कूटी में विमल पान मसाला गुटखा के बैग एवं एक नीले रंग के बैग में अवैध रूप से बिक्री हेतु मादक पदार्थ गांजा रखकर ग्राहक तलाश कर रहे हैं की सूचना पर थाना बेरला स्टाफ व गवाहो के साथ घटना स्थल पहुचकर घेराबंदी कर मौके पर रेड कार्यवाही किया गया। जहां आरोपियों के कब्जे से मादक पदार्थ गांजा जुमला वजनी 5 किलो कीमती करीबन 50,000 रूपये, एक होण्डा स्कूटी कीमती 1,00,000 रूपये कुल जुमला 1,50,000 रूपये को जप्त किया गया हैं। जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा का 1 प्रकरण दर्ज कर 2 आरोपीयों जुम्मन खान पिता वाहिद खान उम्र 23 साल साकिन वार्ड नं. 04 कृष्णा नगर सुपेला भिलाई थाना सुपेला जिला दुर्ग, मनीष बसोर पिता देवीप्रसाद बसोद उम्र 28 साल साकिन 135 के कृष्णा नगर मालदार भवन के पास सुपेला भिलाई जिला दुर्ग के विरूद्ध 20 (ख) नारकोटिक एक्ट के तहत विधिवत अग्रिम कार्यवाही की जा रही हैं। उक्त कार्यवाही वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में कार्रवाई जारी है।

# तालाब में नहाने गए 2 बच्चों की डूबने से मौत, इलाके में मचा हड़कंप

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** तालाब में नहाने गए 2 बच्चे की डूबने से मौत हो गई है. घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया है. घटना की जानकारी जैसे ही ग्रामीणो को मिली तो तत्काल मौके पर पहुंचकर बच्चों को तालाब से बाहर निकाला.

बता दें कि गरियाबंद जिले के मैनपुर थाना क्षेत्र में धवलपुर ग्राम में तालाब में डूबने से 2 बच्चों की मौत हो गई है. यादव पारा के 5-6 बच्चे पास के मछली पालन कर रहे पीर मोहब्बत के निजी तालाब में नहाने गए थे. गहराई से अंजान दो बच्चे खिलेंद्र यादव और तुषार यादव मझधार पहुंचे तो फिर निकल नहीं पाए. साथ में नहा रहे बाकी बच्चे डर के मारे बाहर निकले और घटना की जानकारी ग्रामीणों को दी. जानकारी के अनुसार, बच्चों का पांव कीचड़ में फंस गया था. जिनकी डूबने से जान चली गई. सूचना मिलने के बाद ग्रामीणों ने पहुंचकर दोनों बच्चे को बाहर निकाला. घटना की सूचना मिलते ही मैनपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई है. थाना प्रभारी शिव हुर्रा ने बताया कि दो बच्चे की डूबने से मौत हुई है. बाकी सुरक्षित हैं. मामले की जांच की जा रही है.

### सखी सेंटर में महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

इधर कांकेर के सखी वन स्टॉप सेंटर में एक महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. घटना की सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई है. फिलहाल, आत्महत्या का कारण अज्ञात है. यह मामला आदर्श पुलिस थाना केंद्र का है. पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, कांकेर पुलिस को रात्रि में सूचना मिली थी के बस स्टैंड के पास एक महिला लोगों से पैसा मांग रही है. जिसके बाद पुलिस ने रात्रि में महिला को सखी वन स्टॉप सेंटर छोड़ दिया था. वहीं आज सुबह जब कमरे का दरवाजा नहीं खुला तो महिला कर्मचारियों ने पुलिस को इसकी सूचना दी. पुलिस ने मौके पर पहुंचकर देखा कि महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है. महिला के शव को फंदे से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है. बताया जा रहा है कि महिला कोंडागांव जिला के विश्रामपुरी कलगांव की रहने वाली है. पुलिस परिवार से संपर्क करने का प्रयास करते हुए जांच में जुट गई है.

# दो लोगों से ठगी, दो सायबर ठग पुलिस की गिरफ्त में

### 69 हजार रुपए की ठगी

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** प्रार्थीया श्रीमति माया चौहान पति राजेश चौहान उम्र 35 साल साकिन वार्ड नंबर 08 कडरा पारा बेमेतरा थाना व जिला बेमेतरा ने 21 मार्च को थाना बेमेतरा में रिपोर्ट कराया कि 13 मार्च को प्रार्थीया श्रीमति माया चौहान करीबन 3.15 बजे अपने स्टुडियो में अपने भांजा के साथ थी, उसी समय दो व्यक्ति आये जो अपना अपना नाम मोहम्द मुज्मिल जफर एवं मोहम्मद रिजवान बताये और बोले कि हमें नगद पैसे की जरूरत है, आपके बैंक खाता में पैसा ट्रांसफर कर देंगे आप नगद रकम हमें दे दिजिए तो हम पैसा ट्रांसफर कर देंगे। उस दिन आप ट्रांसफर कर देगा पर पैसा नहीं हुआ और हम लोग आनलाईन पैसा लेनदेन का काम नहीं करते तब वह दोनों व्यक्ति बोले कि एटीएम खराब हो गया है एटीएम से पैसा नहीं निकल रहा हैं, हमारे रिश्तेदार अस्पताल में भर्ती हैं, जिसके लिए नगद 46000 रू की आवश्यकता है, तब वह पुनः पैसा लेनदेन करने से मना कर दी।

तो वह दोनों व्यक्ति रोने गिडगिडाने लगे तब प्रार्थीया अपने पति राजेश चौहान को फोन कर बतायी कि दो व्यक्ति हमारे दुकान में आये है और नगद 46000 रू की आवश्यकता है एकाउंट में आनलाईन ट्रांसफर कर देंगे बोल रहे हैं, तब प्रार्थीया के पति दुकान के बैंक एकाउंट मे फोन पे के माध्यम से पैसा ट्रांसफर करवा लो एटीएम से पैसा निकालकर ले आउंगा तब प्रार्थीया उक्त दोनों व्यक्तियों को अपने दुकान का क्यूआर कोड जो इंडियन बैंक शाखा बेमेतरा के खाता क्रमांक से लिंक है, प्रार्थीया पैसा ट्रांसफर करने बोली तो एक व्यक्ति जो अपना नाम मोहम्मद मोजम्मिल जफर बताया था ने 40000 रू एवं 6000 रू, कुल 46000 रू को ट्रांसफर किया, उसके बाद मोहम्मद मोजम्मिल जफर ने अपना मोबाईल नंबर से प्रार्थीया का पति के मोबाईल नंबर में फोन कर बोले कि जल्दी पैसा ले आईये तब प्रार्थीया के पति राजेश चौहान आईडीएफसी बैंक के एटीएम से कुल 46000 रू निकालकर लाया और उक्त दोनों व्यक्तियों को नगद 46000 रू दिये और वे दोनों व्यक्ति वहां से चले गये। इसी प्रकार 21 मार्च को प्रार्थी रामेश्वर साहू पिता परमेश्वर साहू उम्र 24 साल साकिन बाबा मोहतरा थाना व जिला बेमेतरा ने थाना बेमेतरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि दोपहर करीबन 2 बजे अपने च्वाईस सेंटर में था उसी समय दो व्यक्ति इसके च्वाईस सेंटर में आये और अपना अपना नाम मोहम्मद मुज्मिल जफर एवं मोहम्मद रिजवान बताये तब बोले कि आपके बैंक खाता में 23000 रू आनलाईन ट्रांसफर कर रहे हैं, उक्त रकम के बदले हमें नगद रकम दे देना बोलकर गुगल पे के माध्यम से जिसमें धारक का नाम मोहम्मद रिजवान है, के द्वारा कुल 23000 रू प्रार्थी के पेटीएम आईडी कमांक जो बैंक आफ बडौदा शाखा बेमेतरा के खाता क्रमांक से लिंक है प्रार्थी ने ट्रांसफर किया। प्रार्थी के बैंक एकाउंट में 23000 रू क्रेडिट होने पर प्रार्थी द्वारा नगद 23000 रू उक्त दोनों व्यक्तियों को दिया है, और वह दोनों चले गये। रिपोर्ट के आधार पर बेमेतरा पुलिस ने साइबर ठगी के इन दोनो ही आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

# क्षेत्र वासियों संग उप मुख्यमंत्री ने मनाई होली,नंगाड़े के थाप पर झूमते दिखे

**कवर्धा/नवप्रदेश।** दो दिवसीय प्रवास पर होली मनाने कवर्धा पहुँचे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा क्षेत्र वासियों सँग होली मनाई । इस दौरान उन्होंने ग्राम बिरकोन,लखनपुर,भरेली और गड़ईखुर्द में जाकर ग्रामीणों के साथ त्यौहार मनाया । सोमवार को स्थानीय गाँधी मैदान भजिया, मिठाई के साथ साथ फॉग का भी जमकर आनंद लिया । स्थानीय गाँधी मैदान में आयोजित होली मिलन में सांसद संतोष पांडे,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट व जिला भाजपा अध्यक्ष अशोक साहू भी कार्यकर्ताओं के साथ साथ नगर वासियों के साथ रँग में रँगते दिखे ।

इस दौरान ग्रामीण अंचल से पहुँचे कार्यकर्ताओं ने फाग में कर ले वादा ल निभाय कर वादा न निभाय फाग गा कर माहौल को और भी उत्साहित कर दिया । उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने पूरा समय क्षेत्र के जनता और कार्यकर्ताओं के साथ बिताया । इस दौरान उन्होंने कहा होली मेरा प्रिय त्यौहार है। यह मन को ऊर्जा उत्साह देने वाला त्यौहार है । होली में सभी प्रकार का भेद मिट जाते है छोटे बड़े बुजुर्ग सब मिलकर त्यौहार मनाते हैं । उन्होंने कवर्धा वासियों के साथ साथ पूरे छत्तीसगढ़ वासियों को होली पर्व की बधाई देते हुए कहा छत्तीसगढ़ वासियों का कवर्धा वासियों का सबका मंगल हो ईश्वर से ऐसी कामना करता हूँ । इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के सभी वरिष्ट पदाधिकारी गण, कार्यकर्ता,एवं नगर वासियों ने जमकर होली खेली और एक दूसरे को बधाई दी ।

# कोयंबटूर शिवरात्रि मेले में गया टेकापार का युवक दो हफ्ते बाद भी नहीं लौटा, गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज

**बालोद/नवप्रदेश।** बालोद ब्लाक के ग्राम टेकापार का रहने वाला 32 वर्षीय युवक मगेश्वर ठाकुर लगभग दो हफ्ते से लापता है। वह तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित ईशा फाउंडेशन 8 मार्च को शिवरात्रि मेले में शामिल होने गया था। घर से वह 27 फरवरी को निकला था। लेकिन उनके साथी पहले वहां से वापस हो गए और मगेश्वर वहीं एक दो दिन और ठहरने की इच्छा के साथ रुक गया था। लेकिन किसे पता था कि वह घर आ पाएगा या नहीं? उसके साथ ऐसी क्या अनहोनी हो गई कि वह लापता हो गया है। उसकी कहीं कोई खबर नहीं आ रही। लापता होने से पहले मगेश्वर ने घर वालों से बातचीत की थी। परिजनों का कहना है कि वह काफी डरा सहमा हुआ था। कह रहा था कि मुझे किसी बांध कर रखा है।

मुझे आकर बचा लो। वही अपनी भैया मगेश्वर को तलाशने गई बहन केसरी ठाकुर का कहना है कि 7 दिन तक हम कोयंबटूर के अलग-अलग थाना क्षेत्र में भटकते रहे। अंततः उड़कम थाना में भैया के गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज हुई है। लेकिन स्थानीय पुलिस का अपेक्षित साथ नहीं मिल पा रहा है। वहां भाषा की भी समस्या है। जिसके चलते हम भैया को ढूंढ नहीं पाए हैं। वहीं ईशा फाउंडेशन की टीम से मिलने के बाद ईशा फाउंडेशन कार्यकर्ता में जाकर भी पता किया गया तो वहां भी लोग अधूरी जानकारी दे रहे हैं। उन्होंने एक स्वामी का जिक्र करते हुए कहा कि फोन पर उनसे बातचीत होती थी तो वह भी आधी अधूरी जानकारी देते थे। हमेशा फाउंडेशन के आश्रम में रहने वाले स्वामी जब हम वहां पहुंचे और फोन लगाया तो कहने लगी कि मैं तो हैदराबाद में हूं।

# संगीत विवि की नैक ग्रेडिंग ए से घटकर सी हुई, 5 साल से तैयारी नहीं

- दस साल की मेहनत पर फिरा पानी
- संसाधनो का दुरूपयोग, नैक टीम के सामने खुली पोल

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** दस साल पहले बेहतर शिक्षण व्यवस्था को लेकर प्रदेश मे अलग पहचान बनाने वाली इंदिरा कला संगीत विवि का नैक ग्रेड ए से गिरकर सी हो गया । पखवाड़े भर पहले नैक की टीम ने विवि का ग्रेडेशन के लिए दौरा कर तैयारी देखी थी । लेकिन इस बार विवि प्रबंधन की लापरवाही का नतीजा विवि को अगले पांच साल भुगतना पड़ेगा । 2014 मे पहली बार मे ही ए ग्रेड हासिल करने वाली संगीत विवि को इस बार सी ग्रेड ही मिल पाया । इसका असर विवि के विकास, शिक्षण व्यवस्था सहित अन्य कार्यो पर पड़ेगा । नैक ग्रेड मे गिरावट के बाद विवि प्रबंधन भी हतप्रभ है लेकिन इसके पहले इसके लिए व्यापक तैयारी नही होने, क ई मामलो मे विवि प्रबंधन के पीछे रहने का असर ग्रेडिंग मे सामने आया है । मिली जानकारी अनुसार 2014 मे हुई नैक की ग्रेडिंग मे संगीत विवि को कुल 3.11 अंक मिले थे और ए ग्रेड श्रेणी मे रखा गया था । इस बार नैक ग्रेडिंग मे नैक टीम ने 1.7 अंक ही दिया । ग्रेडिंग से संगीत विवि अर्श से सीधे फर्श पर पहुँच गया । रिसर्च, शोध, नवाचार और विशेषज्ञता मे रह गए पीछे संगीत विवि की नैक ग्रेडिंग मे टीम के सामने विवि के नए नवेले अधिकारी अपना प्रेजेंटेशन ठीक

ढंग से नही दे पाए । विवि मे होने वाले रिसर्च, शोध, नवाचार, विशेषज्ञता के मामले मे विवि को ग्रेडिंग मे शून्य अंक हासिल हुआ । नवाचार मामले मे भी विवि फीसड्डी साबित हुआ । नैक की टीम 12 मार्च को संगीत विवि का दौरा करने पहुँची थी । विवि मे नैक टीम के आने के पहले ग्रेडिंग की तैयारी भी समय पर शुरू नही हो सकी । जिसके चलते भी नुकसान उठाना पड़ा । बताया गया कि नैक टीम ने विवि के जिन अधिकारियो से मिलने का प्रोटोकाल जारी किया । विवि के अधिकारी इस मामले मे बचते रहे और नैकटीम से नही मिले । विवि के आईक्यूएसी का जो प्रेजेंटेशन नैक टीम के सामने दिया गया उसे नैक टीम ने आधी अधूरी तैयारी के चलते पूरी तरह अस्वीकार कर दिया । विवि पिछले बार मिले ए ग्रेड के हिसाब से इस बार दस फीसदी भी तैयारी नही कर पाई । विवि मे प्रशासनिक ध्रुवीकरण, अनियंत्रित महोत्सव और तीन साल मे कोई उपलब्धि नही होने का खामियाजा ग्रेडिंग मे गिरकर भुगतना पड़ा । प्रशासनिक व्यवस्था जांच मे भी नैक टीम ने कम अंक दिया ।विवि मे पहले काम कर चुकी टीम को बदलकर लूप लाइन के लोगो को आगे करना भी ग्रेडिंग गिरने का मूल कारण रहा । तीन अधिकारियो के रहते अध्यापक को आईक्यूएसी का सदस्य बनाना भी महंगा पड़ा।

# असामाजिक तत्वों, जुआ सट्टा-अवैध अंग्रेजी शराब के विरूद्ध पुलिस की कार्यवाही जारी

**दंतेवाड़ा/नवप्रदेश।** जिला दक्षिण बस्तर दन्तेवाड़ा में अवैध गतिविधियों एवं अपराधों को रोकथाम हेतु पुलिस अधीक्षक गौरव राय के दिशा निर्देश निरीक्षक विजय पटेल थाना प्रभारी कोतवाली दन्तेवाड़ा के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस बल द्वारा लगातार अवैध कार्यो मे लिप्त असामाजिक तत्वो के विरूद्ध कार्यवाही कर रही है। 22 मार्च को नियमति चेकिंग अभियान के दौरान प्राप्त मुखबीर की सूचना के आधार पर ग्राम बालूद पहुंचे जहां सड़क किनारे आम पेड़ के नीचे कुछ लोग ताश के 52 पत्ती के रूपये पैसे का हार जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे थे।

जिनका नाम पता पुछने पर अपना अपना नाम (1) लक्ष्मण मरकाम पिता स्व. हिरमा करकाम उम्र 32 वर्ष साकिन छोटे गुडरे दन्तेवाड़ा? (2) राजमन गावड़े पिता फागू गावड़े उम्र 20 वर्ष साकिन मटेनार थाना+जिला दन्तेवाड़ा (3)सुनील बारसे पिता बुधराम उम्र 18 वर्ष साकिन गोडरे थाना+जिला दन्तेवाड़ा (4) दुला बारसे पिता हिड़मा उम्र 30 वर्ष साकिन मटेनार थाना+जिला दन्तेवाड़ा (5) बामन भास्कर पिता लिंगो उम्र 19 वर्ष साकिन मटेनार थाना+जिला दन्तेवाड़ा (6) हरेन्द्र कवासी पिता देवा कवासी उम्र 29 वर्ष साकिन बड़े गोडरे थाना+जिला दन्तेवाड़ा का होना बताये, जो रूपये पैसे का हार जीत का दांव लगाकर तास के 52 पत्ती से जुआ खेलना स्वीकार किये। आरोपीयों के विरूद्ध थाना दन्तेवाड़ा मे 28/2024 धारा 3(2) छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम 2022 के तहत मामला पंजीबद्ध कर कार्यवाही की गई है। एवं अवैध रूप से अंग्रेजी शराब परिवहन कर रहे आरोपी ऋषभ सिंह पिता स्व. गंगाधर उम्र 30 वर्ष निवासी दन्तेवाड़ा थाना दन्तेवाड़ा को पकड़ा गया।

# उत्साह से मना रंगोत्सव जगह जगह बिखरी खुशियां

**खैरागढ़/नवप्रदेश।** शहर सहित पूरे अंचल मे होली का पर्व उत्साह के साथ मनाया गया । शहर मे चप्पे चप्पे पर तैनात रही पुलिस और जवानों ने पूरा मोर्चा संभाला । सुबह से तीन सवारी कार्यवाही और नशे मे वाहन चलाने वालो को रोकने के चलते शहर के किसी इलाके मे कोई दुर्घटना सामने नही आई । इससे पहले होलिका दहन पर भी पुलिस की बेहतर सुरक्षा व्यवस्था और फ्लैग मार्च से शहर मे शांति का माहौल रहा । सोमवार को सुबह से होली पर्व को लेकर शहर गुलजार रहा । हर चौक चौराहो पर लोगो ने होली का पर्व जमकर मनाया । इस दौरान अबीर ,गुलाल के साथ रंगो के साथ युवाओं की टोलियों, लोगो ने होली पर्व पर एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर बधाई दी ।

जगह जगह विभिन्न प्रकार के आयोजन भी हुए । लोगो की टोली भी एक दूसरे को होली की बधाई देने और रंगोत्सव की खुशियाँ बांटने मे जुटी रही । होली पर्व पर शहर सहित इलाके मे शांति व्यवस्था बनाए रखने दिनभर पुलिस अधिकारी और जवान शहर भर मे तैनात रहे । प्रशासन भी इस दौरान अलर्ट मोड पर रहा । जगह जगह जवानों की तैनाती के साथ साथ पुलिस अधिकारी और पेट्रोलिंग वाहन भी शहरभर का चक्कर लगाते रहे । कही किसी प्रकार की झड़प आदि की सूचना पर भी पुलिस टीम ने मौके पर पहुँच कर लोगो को समझाइश दी । शहर की सड़को पर नियम तोड़ने वालो पर कार्यवाही की बजाय पुलिस जवान व्यवस्था बनाने और नियमों का पालन करने की हिदायत देते रहे । होली पर शहर सहित इलाके मे कोई दुर्घटना तो सामने नही आई । लेकिन मारपीट के आधा दर्जन मामले पुलिस थाने मे दर्ज किए गए । इसमे होली पर रंग डालने, नगाड़ा बजाने, गालीगलौच सहित अन्य मामलो मे मारपीट और धमकी चमकी के मामले दर्ज किए गए । शहर के पिपरिया वार्ड मे भी मारपीट का मामला सामने आया । बाकी मामले ग्रामीण इलाको से ही सामने आए ।

# कम्युनिस्ट पार्टी का 30 को बीजापुर बंद, सभी वर्गों से सहयोग की अपील

**बीजापुर/नवप्रदेश।** पश्चिम बस्तर डिवीजन कमेटी भारत की कम्युनिस्ट पार्टी ( माओवादी) के सचिव मोहन ने प्रेस वक्तव्य जारी कर 30 मार्च को बीजापुर जिले को बंद रखने की सभी वर्गों से सफल बनाने की अपील किया। विशेषकर व्यापारियों एवं परिवहनकर्ताओं को चेताया गया है। कर्मचारियों में भी दहशत का माहौल है क्योंकि 30 मार्च को बीजापुर में चुनाव का ट्रेनिंग है और प्रेस वक्तव्य द्वारा कर्मचारियों से भी अपील किया है। कर्मचारी भी दबी जबान बोलने लगे हैं कि ÷ जान है तो जहान है÷। सचिव मोहन ने अपने प्रेस वक्तव्य में छत्तीसगढ़ में ब्राम्हणीय हिन्दुत्व फासीवादी भाजपा सरकार सत्ता में आने के बाद , विष्णुदेव साय सरकार ने बीजापुर जिले को सैनिक छावनी में तब्दील कर दिया। जनता के ऊपर अंधाधुंध फायरिंग करके नरसंहार कर रहे हैं। जनवरी 2024 से 23 मार्च 2024 तक लगभग 16 लोगों जिनमें महिला - पुरुष के साथ-साथ एक दुधमुंही बच्ची की हत्या और फर्जी मुठभेड़ का आरोप लगाया है। विष्णुदेव साय सरकार प्राकृतिक संसाधनों को बेरोकटोक लुटने के लिए कार्पोरेटिकरण - सैन्यीकरण करके आदिवासियों को जल-जंगल -जमीन से बेदखल करने की साज़िश रच रहा है।इसी के अंतर्गत आदिवासियों पर नरसंहार कर रहे हैं। इसके खिलाफ 30 मार्च को बीजापुर जिले को बंद रखने की अपील करते है। आदिवासी हितैषियों, मित्रों, सर्व आदिवासी समाज,गोंड समाज, प्रगतिशील बुद्धिजीवियों, पत्रकारों, सभी व्यापारियों,मजदूरों, बेरोजगारों, शासकीय कर्मचारियों, छोटे उद्योगों, परिवहन चालकों एवं समस्त मीडियाकर्मियों से इस बंद को सफल बनाने की अपील किया है।

### पुलिस ने दो सटोरियों पर की कार्यवाही

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** थाना साजा स्टाफ को मुखबिर से सूचना मिला की टीकम निर्मलकर पिता पंचू निर्मलकर उम्र 40 साल साकिन कोदवा थाना साजा नामक व्यक्ति बस स्टैण्ड साजा में आमजगह पर विभिन्न नम्बरों पर रूपये पैसों का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिख रहा हैं की सुचना पर थाना साजा स्टाफ पहुच कर सुचना के अधार पर रेड कार्यवाही किया गया, रेड कार्यवाही के दौरान एक आरोपी को विभिन्न नम्बरो पर रूपये पैसो का दांव लगाकर सट्टा-पट्टी लिखते पकडा गया। थाना साजा में जुआ सट्टा का 1 प्रकरण दर्ज कर 2 आरोपी के विरूद्ध धारा 6 छत्तीसगढ़ जुआ (प्रतिषध) अधिनियम 2022 के तहत कार्यवाही की गई है। आरोपी के पास से कुल 1820 रूपये एवं सट्टा-पट्टी, पेन जप्त किया गया है।

## अभियान

### आरोपियों से शराब की बोतल,हजारों रुपए नगदी समेत वाहन जप्त

# आबकारी अधिनियम के तहत कई आरोपियों को न्यायिक रिमांड पर भेजा जेल

**कवर्धा/नवप्रदेश।** मुखबीर सूचना पर तालपुर तिराहा के पास घेराबंदी कर कृष्णा धुर्वे पिता शत्रोहन धुर्वे उम्र 35 साल साकिन बनिया थाना चिल्फी चारभाठा अपने कब्जे से अवैध रूप से शराब रखकर स्कुटी प्लेजर क्रमांक छ0ग09ल0361 मे परिवहन करते रंगे हाथो पकडा गया। तलाशी लेने पर प्लास्टिक बोरी मे 40 पौवा देशी प्लेन मदिरा कीमती 3200 रूपये एंव प स्कूटी प्लेजर क्रमांक छ0ग09ल0361 किमती 30000 रूपये कुल जुमला 33200 रूपये को बरामद कर विधिवत जप्त किया गया। आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत विधिवत कार्यवाही कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया । दुसरे प्रकरण मे आरोपी बिसराम पटेल पिता बबला पटेल उम्र 24 साल साकिन बिरेन्द्रनगर को खुले आम सार्वजनिक स्थान नया बस स्टेण्ड के पास शराब सेवन करते पाया गया जिसके विरूद्ध धारा 36 (च) 1 का अपराध कायम कर विवेचना मे लिया गया ।

**कोचिये से 30 पौवा शराब**

**किया जप्त**

इधर बेमेतरा में थाना सिटी कोतवाली ने सूचना पर ग्राम ताला निवासी अंजोर दास बंजारे गांव के नहर नाली के ऊपर सफेद रंग के बोरी में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री हेतु ग्राहक की तलाश कर रहा है मौके पर पहुच कर सूचना के अधार पर कार्यवाही किया गया। कोचिये अंजोर दास बंजारे विरूद्ध धारा 34 (2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। पुलिस ने ग्राम चमारी के हरिराम साहू अपने अंडा ठेला में 13 पौवा अवैध रूप से शराब रखकर बेच रहा था।

### कोचिये से 1 बोतल एवं 4 पौवा शराब जप्त

**बेमेतरा/नवप्रदेश।** चौकी देवरबीजा स्टाफ को सूचना मिला कि ग्राम निनवा में कैलाश वर्मा अपने घर में अवैध रूप से शराब बिक्री कर रहा हैं की सूचना पर मौके पर पहुच कर सूचना के अधार पर कार्यवाही किया गया। जिसमें चौकी देवरबीजा थाना बेमेतरा में अवैध रूप से शराब रखकर बिक्री करने का 1 प्रकरण दर्ज कर 1 आरोपी कैलाश वर्मा पिता स्व. जेठू वर्मा उम्र 54 साल साकिन निनवा चौकी देवरबीजा थाना व जिला बेमेतरा के विरूद्ध धारा 34 (1) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत वैधानिक कार्यवाही किया गया है। कुल 1 बोतल एवं 4 पौवा अंग्रेजी शराब किमती 880 रूपये, नगदी बिक्री रकम 1300 रूपये, कुल जुमला 2180 रूपये को जप्त कर वैधानिक कार्यवाही किया गया है।

# सोना 66420 पर, चांदी भी आई 74 हजार रुपए के नीचे

**नई दिल्ली।** सोने-चांदी के दामों में 27 मार्च को गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन के मुताबिक, 10 ग्राम सोना 296 रुपए सस्ता होकर 66,420 रुपए पर आ गया है। इससे पहले इसी महीने 21 मार्च को सोने ने 66,968 रुपए प्रति 10 ग्राम का ऑल टाइम हाई बनाया था। चांदी में भी गिरावट देखने को मिली है। ये 478 रुपए सस्ती होकर 73,801 रुपए प्रति किलो ग्राम पर आ गई है। इससे पहले ये 74,279 रुपए पर थी। चांदी ने बीते साल यानी 2023 में 4 दिसंबर को 77,073 का ऑल टाइम हाई बनाया था। साल 2023 की शुरुआत में सोना 54,867 रुपए प्रति ग्राम पर था जो 31 दिसंबर को 63,246 रुपए प्रति ग्राम पर पहुंच गया था। यानी साल 2023 में इसकी कीमत में 8,379 रुपए (16त्न) की तेजी आई। वहीं चांदी भी 68,092 रुपए से बढ़कर 73,395 रुपए प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई। मार्केट एक्सपर्ट्स के अनुसार, आने वाले दिनों में सोने में तेजी देखने को मिल सकती है। इसके चलते इस साल के आखिर तक सोना 70 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम तक जा सकता है। वहीं चांदी भी 75 हजार प्रति किलोग्राम तक पहुंच सकती है। हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड (ब्क्चढ्ढस्) का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। नए नियम के तहत एक अप्रैल से छह डिजिट वाले अल्फान्यूमेरिक हॉलमार्किंग के बिना सोना नहीं बिकेगा। जैसे आधार कार्ड पर 12 अंकों का कोड होता है, उसी तरह से सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड होगा। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी ‖द्बष्ठ कहते हैं। ये नंबर अल्फान्यूमेरिक यानी कुछ इस तरह से हो सकता है-ॅ4524। हॉलमार्किंग के जरिए ये पता करना संभव हो गया है कि कोई सोना कितने कैरेट का है। सोने का सही वजन और खरीदने के दिन उसकी कीमत कई सोर्सेज (जैसे इंडिया बुलियन एंड ज्वेलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट) से क्रॉस चेक करें। सोने का भाव 24 कैरेट, 22 कैरेट और 18 कैरेट के हिसाब से अलग-अलग होता है। 24 कैरेट सोने को सबसे शुद्ध सोना माना गया है, लेकिन इसकी ज्वेलरी नहीं बनती, क्?योंकि वो बेहद मुलायम होता है। आमतौर पर ज्वेलरी के लिए 22 कैरेट या इससे कम कैरेट सोने का इस्तेमाल किया जाता है। कैरेट के हिसाब से ऐसे चेक करें कीमत- मान लीजिए 24 कैरेट सोने का दाम 60 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम है। यानी एक ग्राम सोने की कीमत हुई 6000 रुपए। ऐसे में 1 कैरेट शुद्धता वाले 1 ग्राम सोने की कीमत हुई 6000/24 यानी 250 रुपए। अब मान लीजिए आपकी ज्वेलरी 18 कैरेट शुद्ध सोने से बनी है तो 18×250 यानी इसकी कीमत 4,500 रुपए प्रति ग्राम हुई। अब आपकी ज्वेलरी जितने भी ग्राम की है उसमें 4,500 रुपए का गुणा करके सोने की सही कीमत निकाली जा सकती है।

# एशिया की नए अरबपतियों की राजधानी के मामले में मुंबई बीजिंग से आगे

**नई दिल्ली।** मुंबई एशिया की नई अरबपतियों की राजधानी के रूप में उभरा है और इस मामले में यह बीजिंग को पीछे छोड़ चुका है, जबकि भारत 271 अरबपतियों के साथ वैश्विक स्तर पर जर्मनी को पीछे छोड़कर तीसरे स्थान पर है। यह बात हुरुन रिसर्च इंस्टीट्यूट की ताजा रिपोर्ट में कही गई है। रिपोर्ट में कहा गया है, मुंबई दुनिया में सबसे तेजी से बढ़ते अरबपतियों की राजधानी है, इस साल इसमें 26 अरबपति शामिल हुए और यह दुनिया में तीसरा व एशिया में अरबपतियों की राजधानी बन गया है। नई दिल्ली पहली बार शीर्ष 10 में शामिल हुई। भारत की आर्थिक शक्ति उसकी अरबपति आबादी में उल्लेखनीय वृद्धि से और भी अधिक रेखांकित हुई। देश में आश्चर्यजनक रूप से 94 नए अरबपति जुड़े, जो संयुक्त राज्य अमेरिका को छोड़कर किसी भी देश में सबसे अधिक है। कुल मिलाकर यहां 271 अरबपति हो गए। यह उछाल 2013 के बाद से सबसे ज्यादा है और भारतीय अर्थव्यवस्था में बढ़ते आत्मविश्वास का प्रमाण है।

2024 हुरुन ग्लोबल रिच लिस्ट रिपोर्ट में कहा गया है कि भारतीय अरबपतियों की संचयी संपत्ति चीन की प्रति अरबपति औसत संपत्ति (3.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर बनाम 3.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर) को पार करते हुए 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तक पहुंच गई। रिपोर्ट में बताया गया है कि उद्योग के लिहाज से फार्मास्युटिकल क्षेत्र 39 अरबपतियों के साथ सबसे आगे है, इसके बाद ऑटोमोबाइल और ऑटो कंपोनेंट उद्योग (27) और रसायन क्षेत्र (24) का स्थान है। सामूहिक रूप से भारतीय अरबपतियों की संपत्ति 1 खरब डॉलर के बराबर है, जो वैश्विक अरबपतियों की संपत्ति का 7 फीसदी है, जो देश के पर्याप्त आर्थिक प्रभाव को दर्शाता है।

रिपोर्ट में कहा गया है कि युवा, तकनीक-प्रेमी आबादी और नवाचार पर बढ़ते फोकस के साथ भारत इस एआई क्रांति को भुनाने के लिए अच्छी स्थिति में है, जिससे आने वाले वर्षों में और भी अधिक अरबपतियों के निर्माण को बढ़ावा मिलेगा। भारतीय अरबपतियों की सूची में सबसे आगे रिलायंस इंडस्ट्रीज के चेयरमैन मुकेश अंबानी हैं, जिनकी कुल संपत्ति 115 अरब डॉलर है। अदाणी ऊर्जा समूह के संस्थापक गौतम अदाणी उनके सबसे करीब हैं। उनकी संपत्ति का मूल्य 86 अरब डॉलर है, उनकी कंपनियों के शेयरों में तेजी के कारण संपत्ति में 33 अरब डॉलर की बढ़ोतरी हुई है।

एक तरफ भारत में अरबपतियों की संख्या बढ़ गई, तो दूसरी ओर इस मामले में चीन में गिरावट देखी गई। रिपोर्ट में कहा गया है, चीन के लिए यह साल खराब रहा। हांगकांग 20 फीसदी नीचे, शेनझेन 19 फीसदी नीचे और शंघाई 7 फीसदी नीचे रहा। इस मंदी को देश के रियल एस्टेट संकट और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में अस्थिर शेयर बाजार की समस्याओं के लिए जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

# चीन में विदेशी पूंजी निवेश का वास्तविक अनुमान 215 अरब युआन से अधिक

**बीजिंग।** चीनी वाणिज्य मंत्रालय द्वारा जारी आंकड़ों से पता चला कि इस साल के पहले दो महीने में देश भर में 7,160 विदेशी निवेश वाले नए उद्यम स्थापित हुए जो पिछले साल की इसी अवधि की तुलना में 34.9 प्रतिशत ज्यादा हैं, जबकि विदेशी पूंजी की वास्तविक मात्रा 215 अरब नौ करोड़ युआन तक जा पहुंची, जो गत वर्ष की तुलना में 19.9 प्रतिशत कम है।

वाणिज्य मंत्रालय के विदेशी निवेश विभाग के प्रभारी के मुताबिक, पिछले साल जनवरी से फरवरी तक, चीन में विदेशी पूंजी की वास्तविक मात्रा 268 अरब 44 करोड़ युआन तक पहुंच गई, जो एक नया कीर्तिमान है। हालांकि इस साल इसमें गिरावट आई है, लेकिन यह अभी भी पिछले 10 वर्षों में तीसरा उच्चतम स्तर है। बहुराष्ट्रीय कंपनियाँ अभी भी चीनी बाज़ार में विकास के अवसरों के बारे में आशावादी हैं और अपना चीन में निवेश बढ़ा रही हैं।

इस प्रभारी के अनुसार, चीन की दीर्घकालिक आर्थिक वृद्धि के बुनियादी सिद्धांत नहीं बदले हैं। निवेश को आकर्षित करने में चीनी बाजार का बड़ा आकार, पूर्ण आपूर्ति श्रृंखला सहायक सुविधाएं, पूर्ण बुनियादी ढांचा और प्रचुर मानव संसाधन आदि लाभ उत्कृष्ट बने हुए हैं। इसके अलावा, अर्थव्यवस्था को स्थिर करने, खुलेपन को बढ़ावा देने और विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए नीतियों की एक श्रृंखला का प्रभाव दिखाई देना जारी है, जो विदेशी निवेश को आकर्षित करने के लिए अधिक अनुकूल परिस्थितियां बनाये हुए हैं।

## एप्पल, मेटा और गूगल की मुश्किलें बढ़ीं, ईयू ने शुरू की जांच

**नई दिल्ली।** यूरोपियन यूनियन एंट्रीट्रस्ट रेगुलेटर ने ईयू टेक नियमों के संभावित उल्लंघनों के लिए एपल, अल्फाबेट के Google और मेटा प्लेटफॉर्म में डिजिटल मार्केट एक्ट के तहत अपनी पहली जांच शुरू कर दी है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस मामले को लेकर यूरोपीय संघ के कार्यकारी का बयान सामने आया है। कार्यकारी ने बयान में कहा, (यूरोपीय) आयोग को संदेह है कि इन कंपनियों द्वारा उठाए गए कदम डिजिटल मार्केट एक्ट के तहत उनके दायित्वों का पालन नहीं करते हैं। ईयू प्रतियोगिता प्रवर्तक गूगल प्ले में स्टीयरिंग पर अल्फाबेट के नियमों की जांच करेगा। इसके साथ ही गूगल सर्च पर खुद को प्राथमिकता देने को लेकर भी जांच होगी। इसके अलावा, ऐप स्टोर में स्टीयरिंग पर एपल के नियमों और चयन स्क्रीन के लिए सफार की जांच भी की जाएगी। मेटा के 'भुगतान या सहमति मॉडल' को लेकर भी ईयू अपनी जांच करेगा। कमिशन ने वैकल्पिक ऐप स्टोर के लिए एपल के नए फी स्ट्रक्चर और अमेजन की इसके मार्केट प्लेस में रैंकिंग प्रैक्टिस को लेकर जांच शुरू कर दी है। दरअसल, यूरोपीय यूनियन का बड़ी टेक कंपनियों (एपल, गूगल और मेटा) पर आरोप है कि कंपनियों ने अपने दबदबे का गलत फायदा उठाया है। अमेरिकी और यूरोपीय रेगुलेटरों का दावा है कि ये कंपनियां अपने आसपास ऐसा माहौल तैयार करती हैं जिसमें ग्राहकों के लिए किसी दूसरी प्रतिद्वंद्वी सेवाएं देने वाली कंपनियों पर स्विच करना मुश्किल ही नहीं नामुमकिन हो जाता है।

# देश का विदेशी मुद्रा भंडार 642.492 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार सप्ताह में 642.492 अरब डॉलर के अब तक के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। रिजर्व बैंक के शुक्रवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 6.404 अरब डॉलर बढ़ा। यह लगातार चौथा सप्ताह है जब विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि हुई है। यह 16 फरवरी 2024 को समाप्त सप्ताह के बाद से 26.395 अरब डॉलर बढ़ चुका है। विदेशी मुद्रा भंडार का पिछला रिकॉर्ड स्तर 3 सितंबर 2021 को समाप्त सप्ताह में दर्ज किया गया था जब यह 642.453 अरब डॉलर था। बढ़ता विदेशी मुद्रा भंडार अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है क्योंकि यह डॉलर की प्रचुर आपूर्ति को दर्शाता है जो रुपये को मजबूत करने में मदद करता है। विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि से आरबीआई को रुपये के अस्थिर होने पर उसे स्थिर करने के लिए अधिक गुंजाइश मिलती है।

ऐसा इसलिए क्योंकि आरबीआई रुपये को भारी गिरावट से बचाने के लिए अधिक डॉलर जारी करके हाजिर और वायदा मुद्रा बाजारों में हस्तक्षेप करता है। इसके विपरीत, विदेशी मुद्रा भंडार में गिरावट से आरबीआई के पास रुपये को सहारा देने के लिए बाजार में हस्तक्षेप करने के लिए कम विकल्प बचता है। विदेशी मुद्रा भंडार पर अच्छी खबर फरवरी में निर्यात के 11 महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंचने और व्यापार घाटे में गिरावट के कारण भी आई है। यह देश के बाहरी संतुलन के मजबूत होने का संकेत देता है जो आगे चलकर रुपये के लिए शुभ संकेत है।

# भारत का ऑस्ट्रेलिया दौरा पर्थ टेस्ट से होगा शुरू

**पहला टेस्ट 22 नवंबर से, 7 जनवरी तक चलेगी सीरीज आखिरी मैच सिडनी में**

**स्पोर्ट्स डेस्क।** भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 2023 में आखिरी टेस्ट सीरीज हुई थी। 4 मुकाबलों की सीरीज भारत ने 2-1 से जीती थी। टीम इंडिया के ऑस्ट्रेलिया दौरे का शेड्यूल जारी कर दिया गया। टीम 5 टेस्ट खेलेगी। पहला मुकाबला 22 नवंबर से पर्थ में खेला जाएगा। सीरीज का आखिरी टेस्ट मैच 3 जनवरी से सिडनी में शुरू होगा। टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 10 साल से कोई टेस्ट सीरीज नहीं हारी है। टीम ने कंगारुओं को उन्हीं के घर में 2 बार और अपने घर में भी 2 बार हराया है। हर बार जीत का अंतर 2-1 से भारत के पक्ष में रहा।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (ष्ट) ने मंगलवार को 2024-25 सीजन का शेड्यूल जारी किया। 22 नवंबर को पर्थ में पहला टेस्ट होगा। इसके बाद 6 दिसंबर से एडिलेड में डे-नाइट टेस्ट खेला जाएगा। फिर ब्रिसबेन के द गाबा मैदान पर 14 दिसंबर से तीसरा टेस्ट और मेलबर्न में 26 दिसंबर से चौथा टेस्ट होगा। आखिरी टेस्ट 3 जनवरी 2025 से सिडनी में खेला जाएगा। भारत के अलावा पाकिस्तान टीम भी 3 वनडे और 3 टी-20 मैचों की सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया जाएगी। ङ्खञ्जष्ट के एक सीजन में हर टीम को 2 साल के टाइम पीरियड में 6 सीरीज खेलनी होती हैं, तीन अपने घर में और तीन घर के बाहर। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप (ङ्खञ्जष्ट) 2023-25 साइकल में टीम इंडिया ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ ही आखिरी अवे (घर से बाहर) सीरीज खेलेगी।इससे पहले भारत ने साउथ अफ्रीका और वेस्टइंडीज का दौरा किया। साउथ अफ्रीका में 2 टेस्ट की सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही। वहीं वेस्टइंडीज के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज भारत ने 1-0 से जीती। भारत को अब घर में न्यूजीलैंड के खिलाफ 3 और बांग्लादेश के खिलाफ 2 टेस्ट की सीरीज खेलनी है। घर में पिछली 17 सीरीज जीत चुकी टीम इंडिया इन सीरीज को जीतने की भी प्रबल दावेदार है। इन टेस्ट सीरीज का शेड्यूल अभी जारी नहीं हुआ है। टीम इंडिया अब तक वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप साइकल में 3 में से 2 सीरीज जीत चुकी है। टीम ने अब तक कुल 9 मुकाबले खेले, 6 में जीत मिली और महज 2 में टीम को हार का सामना करना पड़ा। वेस्टइंडीज के खिलाफ एक मुकाबला ड्रॉ भी रहा। टीम इंडिया के 3 सीरीज से ङ्खञ्जष्ट पॉइंट्स टेबल में 68.51त्न पॉइंट्स हो गए हैं और टीम पहले नंबर पर है। टीम इंडिया ने अब तक दोनों ङ्खञ्जष्ट फाइनल में जगह बनाई, लेकिन दोनों बार टीम को हार का सामना करना पड़ा।

# मिर्जापुर सीजन 3 का फर्स्ट लुक आउट

**ओटीटी** की दुनिया पर राज करने वाले कालीन भैया और गुड्डू पंडित एक बार फिर 'मिर्जापुर 3' के साथ वापसी करने जा रहे हैं. हाल ही में सीरीज का फर्स्ट लुक पोस्टर रिलीज किया गया है. जिसने रिलीज के साथ ही सोशल मीडिया पर आग लगा दी है. पोस्टर के साथ सीरीज की कहानी और रिलीज डेट का भी खुलासा हो गया है. क्राइम और थ्रिलर से भरपूर वेब सीरीज मिर्जापुर 3 इसी साल ओटीटी पर दस्तक देने जा रही है. सीरीज का पहला पोस्टर भी सामने आ चुका है जो सत्ता की कुर्सी को बयां करता है. इसे देखकर अब फैंस ये जानने के लिए और भी ज्यादा एक्साइटिड हो गए हैं कि आखिर ये कुर्सी किसे मिलने वाली है. फैंस की बेकरारी को देखकर ये तो साफ हो गया कि सीरीज का तीसरा सीजन भी ब्लॉकबस्टर हिट होने वाला है.

वहीं बीते दिन अली फजल ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर इससे जुड़ी एक पोस्ट शेयर की थी. जिसमें वो गुड्डू पंडित बनकर अपनी लाइंस की याद करते हुए दिखाई दिए थे. इस वीडियो को शेयर करते हुए अली ने लिखा था कि, शुरू हो चुका है....क्या आप रेडी हैं? कल कुछ आ रहा. कल कुछ हो रहा है. बंपर बकैती छिड़ने वाली है. हैशटैग में उन्होंने गुड्डू, गुड्डू पंडित और मिर्जापुर यूज किया था. एक्टर की ये पोस्ट भी ताबड़तोड़ वायरल हुई थी. बता दें कि मिर्जापुर के अभी तक दो सीजन रिलीज हो चुके हैं. इसका पहला सीजन 16 नवंबर 2018 में आया था. जिसने ओटीटी की दुनिया में भौकाल मचाकर रख दिया था. सीरीज में अली फजल और पंकज त्रिपाठी की दमदार एक्टिंग ने चार चांद लगाए थे और पंकज त्रिपाठी 'कालीन भैया' बनकर फैंस के दिलों पर छा गए थे। वहीं इसके बाद सीरीज का दूसरा सीजन आया. जो 23 अक्टूबर 2020 को रिलीज हुआ. सीजन 2 में सीरीज के साथ विजय वर्मा जैसे कई दिग्गज कलाकार जुड़ें. जिन्होंने दर्शकों को खूब इंप्रेस किया. अब फैंस को इसके तीसरे सीजन के रिलीज होने का बेसब्री से इंतजार है. जो इसी साल रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# अल्काराज़, सिनर, मेदवेदेव ने जीते शुरूआती मैच

**फ्लोरिडा।** कार्लोस अल्काराज़ ने साथी स्पेनिश रॉबर्टो कारबालेस बेना के 31वें जन्मदिन का जश्न 6-2, 6-1 से मुकाबला जीतकर खराब कर दिया। अल्काराज़ सात मैचों की जीत की लय में है, और उसे पिछले 11 मैचों में किसी स्पैनियार्ड ने नहीं हराया है - ऐसा करने वाला आखिरी खिलाड़ी 2022 इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में राफेल नडाल थे।

20 वर्षीय खिलाड़ी का अगला मुकाबला अनुभवी फ्रांसीसी खिलाड़ी गाएल मोंफिल्स से होगा, जिन्होंने फॉर्म में चल रहे ऑस्ट्रेलियाई जॉर्डन थॉम्पसन को 6-7 (3-7), 6-1, 6-2 से हराया। स्पैनियार्ड मियामी में आश्वस्त है, जहां उसने अपना पहला मास्टर्स 1000 खिताब जीता था। अल्काराज़ अब टूर्नामेंट में 11-2 से आगे है। इससे पहले, दुनिया के तीसरे नंबर के इटालियन जानिक सिनर को मियामी ओपन में शुरुआती जीत हासिल करने के मौके के लिए रात भर इंतजार करना पड़ा था। दूसरे वरीय ने सुनिश्चित किया कि शनिवार को हार्ड रॉक स्टेडियम में इंतजार करना सार्थक रहा, जहां उन्होंने अपने ही देश के एंड्रिया वावसोरी को 6-3, 6-4 से हराया। इंडियन वेल्स सेमीफाइनल में अल्काराज़ द्वारा 2024 सीज़न में अपनी 16-जीत की शुरुआत को तोड़ने के बाद मियामी पहुंचने पर, सिनर ने तीसरे दौर में पहुंचने के लिए अपने देश के खिलाड़ी के खिलाफ 80 मिनट में जीत पूरी की। मैच शुक्रवार को वावसोरी के 2-3, 40/40 पर सर्विस करने के समय निलंबित कर दिया गया था और सिनर ने 4-2 की बढ़त के साथ फिर से शुरू होने पर तुरंत अपनी चाल चली। इटालियन के अगले प्रतिद्वंद्वी नीदरलैंड के टैलोन ग्रिक्सपुर हैं,जिसे उन्होंने पिछले तीनों मुकाबलों में हराया है। इस बीच, दानिल मेदवेदेव ने ग्रैंडस्टैंड पर हंगरी के मार्टन फुकसोविक्स को 1 घंटे और 19 मिनट में 6-4, 6-2 से हराकर अपने खिताब की रक्षा में मजबूत शुरुआत की। ग्रैंडस्टैंड कोर्ट में स्विच करने से वर्ल्ड नंबर 4 के लिए कोई बाधा नहीं आई, उसने अपने पहले सर्व पॉइंट में से 81 फीसदी अंक जीते थे।

## हर्षित राणा-रसेल और क्लासेन के प्रदर्शन से प्रभावित हुए सचिन

**कोलकाता।** भारत के महान पूर्व बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर कोलकाता नाइट राइडर्स और सनराइजर्स हैदराबाद के बीच आईपीएल 2024 के रोमांचक मुकाबले से प्रभावित हुए। उन्होंने हर्षित राणा की अंतिम ओवर की प्रशंसा की, साथ ही केकेआर के आंद्रे रसेल और एसआरएच के हेनरिक क्लासेन की अद्भुत पारियों की भी सराहना की।

हर्षित राणा ने अंतिम ओवर में 13 रनों का बचाव किया और रसेल के शानदार ऑलराउंडर प्रदर्शन ने कोलकाता नाइट राइडर्स को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में एक रोमांचक मुकाबले में सनराइजर्स पर रोमांचक जीत दिलाई। सचिन ने एक्स पर लिखा, हमने रसेल और क्लासेन की दो अद्भुत पारियां देखीं। फिल साल्ट ने अच्छी शुरुआत दी, उसके बाद रसेल ने कुछ शानदार पावर हिटिंग की। हेनरिक क्लासेन ने सुनिश्चित किया कि सनराइजर्स हैदराबाद लक्ष्य के करीब पहुंचे, लेकिन अंतिम ओवर में हर्षित राणा की दमदार गेंदबाजी ने मैच को पलट दिया। जहां उन्होंने सेट बल्लेबाज क्लासेन को पवेलियन भेजा। क्लासेन की पारी ने हैदराबाद की जीत पक्की कर दी थी लेकिन हर्षित राणा ने शादाब अहमद और क्लासेन को पवेलियन वापस भेजकर केकेआर को रोमांचक मुकाबले में जीत दिला दी। कोलकाता की ओर से हैदराबाद के सामने 209 रनों का लक्ष्य रखा गया। जवाब में, हैदराबाद ने 20 ओवर में 7 विकेट के नुकसान पर 204 रन बनाए और मुकाबला गंवा दिया।

## भूमि पेडनेकर ने किया अपनी पहली वेब सीरीज दलदल का ऐलान

**भूमि** पेडनेकर की गिनती भारतीय सिनेमाकी उन एक्ट्रेसेस में की जाती है, जो अपने किरदारों को बखूबी पर्दे पर उतारने के लिए कोई प्रयोग करने से पीछे नहीं हटतीं. यही कारण है कि भूमि की फिल्मों का हमेशा ही दर्शकों को बेसब्री से इंतजार रहता है. वहीं, एक्ट्रेस भी एक के बाद एक दिलचस्प प्रोजेक्ट्स का ऐलान कर रही हैं. पिछले दिनों उन्हें नेटफ्लिक्स की फिल्म भक्षक में पत्रकार की भूमिका में देखा गया है।

वहीं, अब एक्ट्रेस को पुलिस ऑफिसर के दमदार किरदार में देखा जाने वाला है.भूमि ने कुछ देर पहले ही अपनी पहली वेब सीरीज दलदल का ऐलान किया है. अमृत राज गुप्ता के निर्देशन में बनने जा रही इस सीरीज की कहानी श्रीकांत अग्निस्वरन, रोहन डिसूजा और प्रिया सग्गी ने मिलकर लिखी है. बताया जा रहा है कि यह वेब सीरीज लेखक विश धमीजा की नॉवल भिंडी बाजार पर आधारित है. अब सीरीज से भूमि का एक लुक भी सामने आया है, जिसमें एक्ट्रेस रफ-टफ लुक में नजर आ रही हैं. उनके पीछे अंधेरे में पुलिस की गाड़ी खड़ी दिख रही है. सीरीज में भूमि को रीत फरेरा नाम की डीसीपी का किरदार निभाते हुए देखा जाएगा, जो सीरियल किलिंग की जांच करेगी. अब सीरीज से सामने आए भूमि के इस लुक ने अभी से एक्ट्रेस के किरदार और इस सीरीज के लिए उत्सुकता बढ़ा दी है. बता दें कि यह सीरीज अमेजॉन प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम की जाने वाली है।

# गवर्नेंस नाउ 10 वें पीएसयू एवार्ड में एनएमडीसी का उत्कृष्ट प्रदर्शन

**हैदराबाद/रायपुर।** भारत के सबसे बड़ा लौह अयस्क उत्पादक एनएमडीसी ने 22 मार्च, 2024 को नई दिल्ली में आयोजित 10 वें गवर्नेंस नाउ पीएसयू एवार्ड में पाँच पुरस्कार जीते ।

पद्म डॉ. संजीव बगाई और श्रीमती निर्मल कौर, आईपीएस, सेवानिवृत्त पुलिस महानिदेशक, झारखंड पुलिस इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे । एनएमडीसी की ओर से सत्येन्द्र राय, अधिशासी निदेशक (पी एंड ए और डीटी) ने एवार्ड प्राप्त किया । यह एवार्ड भारत को सही मायनों में डिजिटल राष्ट्र बनाने के लिए संगठन के प्रयासों और प्रतिबद्धता को मान्यता प्रदान करता है । अमिताभ मुखर्जी, सीएमडी (अतिरिक्त प्रभार) को उनके दूरदर्शी नेतृत्व और भविष्यवादी दृष्टिकोण के लिए प्रतिष्ठित सीएमडी लीडरशिप एवार्ड

से सम्मानित किया गया और जय प्रकाश, महाप्रबंधक (नैगम संचार) को कम्यूनिकेशन लीडर अवॉर्ड प्रदान किया गया । अपने परिवर्तनकारी सामाजिक विकास पहल और लौह अयस्क एवं इस्पात उद्योग की प्रगति हेतु अटूट प्रतिबद्धता के लिए राष्ट्रीय खनिक ने सीएसआर प्रतिबद्धता (समग्र), खनन क्षेत्र में नवाचार और एचआर उत्कृष्टता (समग्र) ‌‌श्रेणियों में पुरस्कार प्राप्त किए ।

इस अवसर पर बोलते हुए सत्येन्द्र राय, अधिशासी निदेशक (पी एंड ए और डीटी) ने कहा,÷ इन प्रतिष्ठित पुरस्कारों को प्राप्त करना सम्मान का विषय है । ये सभी अवॉर्ड इस सेक्टर के विकास में हमारे योगदान को मान्यता प्रदान करते हैं और बेहतर प्रदर्शन करने व असाधारण परिणाम देने के लिए हमारा आत्मविश्वास बढ़ाते हैं । एनएमडीसी में हम रिकार्ड उत्पादन करने के साथ-साथ जिम्मेवार खनन को बढ़ावा देने और समुदाय सहभागिता पर विशेष ध्यान देते हैं ।

## ■ न्यूज गैलरी

### हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए नि:शुल्क अंग्रेजी कोचिंग एक से

**रायपुर/नवप्रदेश।** शिवानी स्मृति सेवा संस्थान द्वारा आगामी एक अप्रैल से हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क अंग्रेजी कोचिंग प्रारंभ की जा रही है। संस्थान के अध्यक्ष मुकेश शाह ने बताया कि ये कक्षाएं कक्षा नवमीं से बारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए लगाई जा रही है। छत्रपति शिवाजी स्कूल, पुरानी बस्ती में ये कक्षाएं लगेंगी। दो माह तक चलने वाली इन कक्षाओं में पहले आओ पहले पाओ के तहत सौ विद्यार्थियों को प्रवेश दिया जाएगा। तीस मई तक चलने वाली इन कक्षाओं के समापन अवसर पर बेहतर पढ़ने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। कोचिंग में पढ़ने के इच्छुक विद्यार्थी शिवाजी स्कूल में दोपहर एक से चार बजे के बीच संपर्क कर सकते हैं। श्री शाह ने बताया कि शिवानी स्मृति सेवा संस्थान द्वारा बीते सत्र में हिंदी माध्यम के विद्यार्थियों के लिए निःशुल्क गणित व अंग्रेज़ी की कक्षाएं साल भर के लिए लगाई गई थी जिसमें एक सौ ज़रुरतमंद विद्यार्थियों ने लाभ उठाया था।

### धारदार चाकू के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** दिनांक 26.03.2024 को थाना गुढियारी पुलिस को सूचना मिली कि मिराज पेट्रोल पम्प के पास खालबाडा में एक व्यक्ति लोहे का खुखरीनुमा धारदार चाकू लेकर लहरा कर आने जाने वाले लोगों को डरा धमका कर आतंकित करते हुए आरोपी गोपाल खुटे पिता मनहरण खुटे उम्र 33 वर्ष सा0 सतनाम धर्मशाला के सामने सतनाती पारा गुढ़ियारी को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से अवैध रूप से रखे 01 लोहे का खुखरीनुमा धारादर चाकू जप्त कर आरोपियों के विरूद्ध थाना गुढियारी में अपराध क्रमांक 217/2024 धारा 25, 27 आर्म्स एक्ट, अपराध पंजीबद्ध कर कार्यवाही किया गया।

### अवैध शराब बेचते एक गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के निर्देशानुसार वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना मुजगहन के HC 1057 गिरीश सक्सेना, आर.2516, आर 2175, 1814 महिला आर. 2648 के मुखबीर सूचना तस्दीक पर आरोपी 1. राजेन्द्र नंदनवार पिता स्व सुखराम ननद्नवार उम्र 47 वर्ष पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सेजबाहार केरला मिशन स्कूल के पास थाना मुजगहन जिला रायपुर द्वारा मोटर साईकिल क्रमांक ष्द् 04 LE 0149 hero delu&e में सफेद रंग की प्लास्टिक बोरी में अवैध रूप से शराब परिवहन करते मिलने पर कब्जे से जप्ति 48 पौवा देशी मंदिरा शराब जब्त किया।

# निर्वाचन कार्यों के निष्पादन के लिए कक्षों का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

- एमसीएमसी कक्ष पहुँचकर ली विभिन्न विंग की जानकारी

**रायपुर/नवप्रदेश।** कलेक्टर डॉक्टर गौरव कुमार सिंह आज कलेक्टर परिसर में निर्वाचन कार्यों के लिए संचालित शाखाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

सिंह ने नियंत्रण कक्ष, एमसीएमसी कक्ष, शिकायत कक्ष का अवलोकन किया। एमसीएमसी सेल जाकर उन्होंने सोशल मीडिया विंग, प्रिंट मीडिया विंग, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया विंग, वीडियो मीडिया विंग, की जानकारी ली।

इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ एवं स्वीप के नोडल अधिकारीश्री विश्वदीप, उप ज़िला निर्वाचन अधिकारी श्री यू एस बन्दे और एडीएम श्री देवेंद्र पटेल उपस्थित रहे।

## किसान से 1.78 लाख की उठाईगिरी

- पीठ पर कैचप फेंककर ध्यान भटकाया और बैग लेकर फरार

**मुंगेली/ नवप्रदेश।** एक किसान से आज 1 लाख 78 हजार रुपए कीउठाईगिरी हो गई । बैंक ऑफबड़ौदा से रकम निकालकर किसान पंजाब नेशनल बैंक पहुंचा था कि किसी उठाईगीर ने पीठ पर टमाटर केचप डालकर ध्यान भटकाया और बैग झटक कर फरार हो गया। उठाईगीर को पुलिस ने पकड़ लिया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चमारी निवासी किसान छविलाल साहू की पीठ पर टमाटर कैचअप फेंकने के बाद खुद उठाईगीर ने उसे बताया कि आपकी पीठ पर कुछ लगा हुआ है। किसान ने रूपए से भरा बैग लेकर पास के एक होटल के चाय काउंटर में कैचप को धोने लगा और पैसों से भरा बैग नीचे रख दिया तभी उठाईगीर बैग लेकर फरार हो गया। सीसीटीवी फुटेज में आरोपी कैद हो गया है। पुलिस उठाईगीर की तलाश कर रही है।

## स्वास्थ्य विभाग रायपुर ने सील पर लिखाया मतदान जागरूकता संदेश

**रायपुर/नवप्रदेश।** देश-प्रदेश में अभी लोक सभा चुनाव 2024 की तारीखो का ऐलान के साथ आदर्श आचार सहिता लागू है। आम नागरिक से लेकर अलग अलग संस्थाएँ मतदाता जागरूकता के लिए अपनी भूमिका निभा रहे हैं। छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में मतदान संपादित होना है जिससे तृतीय चरण का मतदान 7 मई को होना है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तिल्दा ने ओ पी डी रसीद पर लगने वाले सील में मतदान के लिए जागरूकता लाने अनोखा पहल किया है। सामुदायिक केंद्र आने वाले हर व्यक्ति के ओ पी डी स्लिप में लगने वाले सील में 7 मई 2024 को मतदान करें, फिर करें गुड फील का संदेश अंकित करवाया है। आइये मतदान करें अपने साथ अपने आस पास के लोग को भी करायें मतदान।

## ननि कमिश्नर ने पेयजल, साफ-सफाई के सघन मॉनिटरिंग के दिए निर्देश

**रायपुर/नवप्रदेश।** नगर निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा ने शहर के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर पेयजल, सफाई व अन्य बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग व निगम अधिकारियों से कहा है कि मुख्य मार्ग पर बेतरतीब बढ़े वृक्षों की छंटाई के साथ ही मार्ग की व्हाईट मार्किंग करें, जिससे कि आवागमन व्यवस्थित रहें। उन्होंने कहा कि लाभांडी क्षेत्र में वॉटर ए.टी.एम. की सुविधा का विस्तार करें तथा गौरव पथ पर रिक्त भू-खंड में पेवर ब्लॉक व आवश्यकता अनुरूप पेंटिंग कर इसे आकर्षक स्वरूप दें। आयुक्त मिश्रा ने विधानसभा मार्ग, जी.ई. रोड, गौरव पथ का निगम व लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ दौरा किया। इस दौरान नगर निगम के अधीक्षण अभियंता राजेश शर्मा, जोन कमिश्नर संतोष पांडेय, जसदेव बांबरा, उप अभियंता सोहन गुप्ता, श्रीमती अर्जिता दीवान आदि भी साथ थे। भ्रमण के दौरान उन्होंने करबला तालाब, कटोरा तालाब का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा है कि ग्रीष्म ऋतु के पहले ही पेयजल की गुणवत्ता की निरंतर जांच करें एवं जलापूर्ति हेतु बिछाए गए पाइप लाइन का पर्यवेक्षण कर गुणवत्तायुक्त नियमित जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करें। उन्होंने विगत वर्षों में पीलिया, उल्टी-दस्त की शिकायत वाले क्षेत्रों को चिन्हित कर नियमित निगरानी के निर्देश दिए है।

# एसपी भावना गुप्ता ने किया जिले का भ्रमण

- होली ड्यूटी में तैनात जवानों की हौसला अफ्जाई
- लोगो से की मुलाकात, होली की दी शुभकामनाएं

**पेण्ड्रा/नवप्रदेश।** दनांक 25/3/2024 को होली पर्व के अवसर पर होली शांतिपूर्वक, निर्विवाद रहे इस हेतु पुलिस विभाग के द्वारा जिले के थाना क्षेत्र में फिक्स पिकेट व पेट्रोलिंग ड्यूटी पर बल लगाए गए थे जिनके माध्यम से चौकसी रखी जा रही थी। पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता ने होली पर्व खुशहाल माहौल में सम्पन्न हो, के उद्देश्य से लगायी गयी चाक चौबंद व्यवस्था का भ्रमण कर जायजा लेते हुये ड्यूटी स्थल पर मौजूद अधिकारी कर्मचारियों की हौसला अफ्जाई की। पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में इस उद्देश्य से कि कहीं कोई घटना, दुर्घटना न हो तथा होली पर्व खुशहाल माहौल में हो, चाक चौबंद व्यवस्था लगाई गई थी।

इस दौरान पुलिस अधीक्षक ने आने जाने वाले लोगो से भी मुलाकात कर उनका कुशलता जाना और उन्हें होली के पर्व की शुभकामनाएं दीं। मोटर साइकिल सवारों को रोककर तीन सवारी न चलने और हेलमेट लगाकर ही मोटर साइकिल चलाने की समझाइश दी।

पुलिस अधीक्षक श्रीमति गुप्ता ने जिलेवासियों से अपील की है कि आदर्श आचार संहिता प्रभावशील है ऐसा कोई भी कार्य न करें जिससे शांति और सदभावना प्रभावित हो, त्यौहारों को शांति, सद्भाव और उत्साह से मनाते हुए शांति व्यवस्था बनाये रखने में अपना अमूल्य सहयोग दे।

# कलेक्टर ने जिला अस्पताल का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं और साफ-सफाई पर जताई संतुष्टि

- बीएमआई की भी जल्द मिलेगी सुविधा
- लिफ्ट के लिए निर्माण कार्य शुरू नही होने पर इंजीनियर व ठेकेदार तलब

**बलौदाबाजार/नवप्रदेश।** कलेक्टर के. एल. चौहान ने मंगलवार को जिला मुख्यालय बलौदाबाजार स्थित जिला अस्पताल और मातृ एवं शिशु अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होने करीब ढाई घंटे तक अस्पताल के विभिन्न वार्डो, कक्षों एवं लैब का निरीक्षण किया और उपलब्ध सुविधाओं, व्यवस्थाओं तथा साफ सफाई पर संतुष्टि जताई।कलेक्टर ने अस्पताल के ओपीडी एरिया में एक बॉडी मॉस इंडेक्स मशीन(बीएमआई) लगाने के भी निर्देश दिए ताकि अस्पताल आने वाले मरीज व उनके परिजन इस मशीन से अपने शारीरिक स्थिति जान सकें।

बॉडी मॉस इंडेक्स मशीन एक स्वस्थ व्यक्ति का वजन उसकी लंबाई के हिसाब से कितना होना चाहिए इसके लिए तय मानक के अनुसार शरीर संतुलित है या नहीं इसकी जानकारी देता है। कलेक्टर ने अस्पताल में लिफ्ट संचालन के लिए टेण्डर होने के बाद भी निर्माण कार्य शुरु नही होने पर लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर को फ़ोन लगाकर निर्माण कार्य शुरू नही होने के समंबन्ध में जानकारी ली और अगले दिन सम्बंधित ठेकेदार के साथ कार्यालय में उपस्थित होने के निर्देश दिये। उन्होंने अस्पताल परिसर में संचालित पोषण पुनर्वास केंद्र का भी निरीक्षण किया और भर्ती बच्चों के सम्बंफ्ह में जानकारी ली। उन्होंने बच्चो के पालकों से कहा कि केंद्र से छुट्टी मिलने के बाद यहां दिए गए आहार सूची के अनुसार घर मे भी बच्चों को समय पर आहार दें। केंद्र में 5 कुपोषित बच्चे भर्ती हैं जिन्हें डाईट चार्ट के अनुसार आहार दिया जा रहा है। अस्पताल परिसर में संचालित नशा मुक्ति केंद्र का अवलोकन करते हुए प्रतिदिन परामर्श के लिए आने वाले लोगों की जानकारी ली। बताया गया कि लगभग 5-6 लोग प्रतिदिन केंद्र में परामर्श लेने आते हैं जिनमे ज्यादातर शराब व धूम्रपान के आदी लोग होते हैं।प्रत्येक व्यक्ति की सप्ताह में एक दिन व तीन महीने तक काउंसिलिंग की जाती है।

कलेक्टर ने दवा भंडारण कक्ष का निरीक्षण कर भंडारण एवं वितरण की जानकारी ली।

### प्रतिबंधित नशीली टेबलेट के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर/नवप्रदेश।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संतोष सिंह के दिशा निर्देश पर रायपुर पुलिस द्वारा निजात अभियान के तहत नशे के विरूद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसमें समस्त थाना एवं एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रहीं है। नारकोटिक्स एक्ट पर प्रभावी कार्यवाही करने हेतु एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की विशेष टीम का गठन किया गया है साथ ही समस्त थाना प्रभारियों को नशे की सामाग्री बिक्री करने वालों एवं सप्लाई करने वालों पर कठोर कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।